सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें
khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 275
12 स्वदेशी निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण सफल

## न्यूज डायरी

### जैक बोर्ड आज जारी करेगा मैट्रिक का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ( जैक ) शुक्रवार को मैट्रिक रिजल्ट जारी करेगा। मैट्रिक की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। मैट्रिक के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र थे। 10वीं 12वीं दोनों कक्षाओं की परीक्षा में करीब 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। मैट्रिक में 4,21,678 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल हुए थे।

### हेमंत की हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि ईडी कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत में न्यायिक हिरासत की अवधि हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की दो सप्ताह तक बढ़ा दी है। अगली पेशी दो मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

### शिल्पा के पति की 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति बिजनेसमैन रिपु सुदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा एक बार फिर मुसीबत में घिर गये हैं। ईडी ने कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति अटैच कर ली है। शिल्पा शेट्टी के बिजनेसमैन पति रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की लगभग 97.79 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति पर अटैच की है। यह कार्रवाई मनी लॉड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गयी। राज कुंद्रा पहले भी पोर्नोग्राफी मामले में जेल की हवा तक खा चुके हैं।

### देवघर की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह।** देवघर रोड में गुरुवार को बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गयी। घटना में गंभीर रूप से घायल उसके साथी युवराज सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। तृप्ति भाग्यश्री ( 20 ) और उसका दोस्त युवराज सिंह स्कूटी से गिरिडीह अपने एक दोस्त सोनू कुमार के घर जन्मदिन मनाने आ रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह-देवघर रोड के डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप हादसा हो गया। तृप्ति देवघर के कॉलेज में बीए फर्स्ट ईयर में पढ़ाई करती थी।

### दीवार गिरी , मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत

चाईबासा। कुमारडुंगी प्रखंड के अंधारी के पांडुसाई टोला में निर्माणधीन कच्ची दीवार गिर जाने से घर की आंगन में गहरी नींद में सो रहे दो बच्चे मलबे में दब गये और दोनों की मौत हो गयी। इस घटना में अन्य तीन बच्चों के साथ एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आयी हैं। घटना बुधवार की रात 10.30 की बतायी जा रही है। मृतकों में दो बच्चे शिवा पान (8) और मुन्ना पान (7) की मौत हो गयी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# पहले चरण की 102 सीटों पर वोटिंग आज

## मांझी, गडकरी, भूपेंद्र व जितिन समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शाषित प्रदेशों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल मतदान होगा। शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है। पहले चरण में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (नागपुर), जितिन प्रसाद (पीलीभीत), जीतन राम मांझी( गया), नकुल नाथ (छिंदवाड़ा), गौरव गोगोई, (जोरहाट), अन्नामलाई (कोयंबटूर) चुनावी मैदान में है। सबकी इन चेहरों पर नजर रहेगी। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गयी थी। इसके साथ ही पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आयोग के अनुसार शुक्रवार को पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं।



**छह केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम मैदान में :** इस चरण में गडकरी, सोनोवाल और यादव के अलावा, छह अन्य केंद्रीय मंत्री - किरेन रीजीजू, संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, एल मुरुगन और निशीथ प्रमाणिक, दो पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) और नबाम तुकी ( अरुणाचल ) तथा तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन मैदान में हैं। (शेष पेज 11 पर)

### दस राज्यों की सभी सीटों पर चुनाव

पहले चरण में जिन राज्यों की सभी सीटों पर मतदान होगा उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान होगा।

## चौथा चरण : झारखंड की 4 समेत 96 सीटों की अधिसूचना जारी

### अर्जुन मुंडा, गीता , जोबा मांझी, बीडी राम, ममता भुइयां मैदान में

#### 13 को मतदान, चार ने खरीदा नामांकन पत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। इनमें झारखंड की 4 लोकसभा सीटों **सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी)** पर मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

**नामांकन प्रकिया शुरू**

चौथे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी। 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 27 और 28 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम, राजद प्रत्याशी ममता भुईंया, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक पार्टी के वृंदा राम और सत्येंद्र कुमार पासवान ने भी नामांकन पत्र खरीदा है।

**गीता कोड़ा और जोबा मांझी :** सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। (शेष पेज 11 पर)

## ऐतिहासिक होगी 21 की न्याय उलगुलान रैली, तैयारी पूरी

# झारखंड सहित पूरे देश नयी दिशा व दशा मिलेगी




### 14 राष्ट्रीय नेता और 5 लाख लोग भाग लेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडिया गठबंधन के घटक दल झामुमो द्वारा 21 अप्रैल को आहूत उलगुलान न्याय महारैली ऐतिहासक होगी। महारैली में इंडी गटबंधन के नेता केंद्र सरकार और पीएम के दावों की पोल खोल खोलेंगे। गुवार को गठवंधन नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि महारैली में 14 राष्ट्रीय नेता और पूरे प्रदेश से पांच लाख लोग हिस्सा लेंगे। यह रैली झारखंड सहित पूरे देश को एक दिशा और दशा देगी। यह तय होगा कि यह देश तानाशाही से चलेगा या लोकतांत्रिक मूल्यों से। कांग्रेस भवन में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज कुमार पांडेय, राजद के प्रवक्ता कैलाश यादव, सतीश पॉल मुंजनी, आप के प्रवक्ता सौरभ तिवारी शामिल थे।

**यहां ठबरने की व्यवस्था :** नेताओं ने बताया कि बाहर से आने वाले सभी राष्ट्रीय नेता होटल रेडिशन ब्लू में रहेंगे। इस होटल का चयन इसलिए किया गया कि ताकि रैली स्थल प्रभात तारा मैदान के बीचों-बीच है। इस होटल से कार्यक्रम स्थल में आने-जाने में सुविधा होगी।

**धूप से बचने की रहेगी सुविधा :** नेताओं ने बताया कि इस रैली में झामुमो की ओर से 3 लाख और अन्य सहयोगी दल कांग्रेस, राजद एवं माले की ओर से दो लाख सहित कुल 5 लाख लोग हिस्सा लेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### ये नेता लेंगे हिस्सा

नेताओं ने बताया कि महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिव सेना उद्धव के प्रियंका चतुवेर्दी, आप से दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, नेशनल क्रांफ्रेस के नेता फारूख अब्दुल्ला, माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य , सीपीआई के नेता डी राजा, सीपीएम के सीताराम येचुरी, टीएमसी के डैरेक ओब्रैन आदि नेता हिस्सा लेंगे।

### देश कैसे चलेगा रैली में तय होगा

झामुमो महासचिव सप्रियो ने कहा कि इस रैली में रैली के माध्यम से झारखंड और देश की दशा एवं दिशा तय होगी। यह तय होगा कि यह देश तानाशाही से चलेगा या फिर लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ। हर सवालों का जवाब भाजपा से मांगा जायेगा। वहीं कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि रैली में कई सारे मुद्दे रहेंगे। इस बात को बताया जायेगा कि जो लोग गाय को माता कहते हैं, उसी के नाम पर कितनी हत्या एवं बवाल इस देश और प्रदेश में हुआ। वहीं लोग और उनके पीएम गौकशी कंपनियों से 250 करोड़ का चंदा लिया। इनकी पूर्ववर्ती सरकार ने सीएनटी-एसपीटी एक्ट को ही खत्म करने की साजिश की। मगर पूर्व राज्यपाल एवं वर्तमान में राष्ट्रपति ने अंतरात्मा की आवाज पर इसे खारिज कर दिया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, दलितों के लिए काम किया जाना शुरू हुआ। इससे पीएम के पेट में दर्द होने लगा और एक साजिश के तहत उन्हें जेल में डाल दिया गया।

### झामुमो और भाजपा के बीच जुबानी तल्खी

**दुमका।** झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन और भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। नलिन सोरेन ने सीता सोरेन को चेतावनी दे डाली कि अगर उन्होंने पार्टी और हेमंत के खिलाफ बोलना जारी रखा तो उनके साथ वैसा ही सलूक हो सकता है, जैसा सिंहभूम में भाजपा की प्रत्याशी गीता कोड़ा के साथ हुआ। इस बयान पर सीता सोरेन और बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सीता सोरेन ने इसे गिदड़ भभकी करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, नलिन सोरेन जी, जरा महल से निकलकर जनमानस के बीच जायें, तब आपको पता चलेगा कि झामुमो और उसके आकाओं के लिए प्रदेश तथा दुमका की जनता में कितना आक्रोश है।

### नम आंखों से दी मां को विदाई



## मनरेगा घोटाला : इडी ने दो इंजीनियरों की संपत्ति जब्त की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियर(कार्यकारी अभियंता) शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह इस मामले में अब तक चौथी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई है। खूंटी में मनरेगा कार्य में 18 करोड़ रुपये के गबन को लेकर झारखंड पुलिस द्वारा दर्ज 16 एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की है।

ईडी का कहना है कि मनरेगा घोटाला मामले में इंजीनियर शशि प्रकाश और जयकिशोर चौधरी की 22.47 लाख की अचल संपत्ति को अस्थायी तौर पर अटैच किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### 1.25 करोड़ जब्त, बैंक में जमा 3.56 करोड़ का अकाउंट फ्रीज

रांची। झारखंड में हुए लैंड स्कैम और मनरेगा घोटाला मामले में इडी की कार्रवाई लगातार जारी है। 16 फरवरी को लैंड स्कैम मामले में छापेमारी के दौरान ईडी ने करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद किये हैं। साथ ही बैंक में जमा 3.56 करोड़ रुपए वाले अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। इतना ही नहीं लैंड स्कैम में शामिल शेखर कुशवाहा को दोबारा समन जारी किया गया है। इस संबंध ईडी ने जारी किया है प्रेस रिलीज। इडी की ओर से बताया गया है कि लैंड स्कैम मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। (शेष पेज 11 पर)

### अंतु समेत सभी से पांच दिन पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले गिरफ्तार जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरसाद अख्तर से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी कोर्ट ने गुरुवार को इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में ईडी के सात दिनों की पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने पूछताछ के लिए पांच दिन की पुलिस रिमांड की इजाजत दी। पांच दिन की पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद 22 अप्रैल को कोर्ट में चारों आरोपियों को पेश किया जायेगा। मालूम हो कि ईडी ने 16 अप्रैल को देर रात इन आरोपियों को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था। दूसरे दिन 17 अप्रैल को जज के सामने चारों को पेश किया। जहां से चारों को न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया गया। ईडी ने बुधवार को पेशी के दौरान आरोपियों को पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड का आवेदन भी दिया था।

# झारखंड में हीट वेव का अलर्ट, पारा 43 डिग्री पार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तर्क कोल्हान के सभी जिले में लू की चपेट में रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहेबगंज जिले में भी 20 से 21 तक हिट वेव चलेगा। मौसम के प्रकोप के कारण राजधानी रांची समेत राज्य के कई स्कूलों ने समय-सारिणी में बदलाव की बात कही है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### स्कूलों का बदला टाइम टेबल

बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था, अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की जगह अब सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है। कई स्कलों ने कहा कि स्कूल प्रशासन 26 अप्रैल को बैठक कर समय परिवर्तन पर निर्णय लेगा। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन के चेयरमैन आलोक दुबे ने कहा, स्कूलों के समय में बदलाव के लिए 30 से अधिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इसपर स्कूलों के साथ मिलकर काम करेंगे।

## गोड्डा लोस सीट पर दो ब्राह्मणों की टक्कर, पहली बार महिला प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा लोकसभा सीट पर इस बार ब्राह्मण उम्मीदवार आमने सामने हैं। गोड्डा लोकसभा सीट के इतिहास में पहली बार है कि मुख्य मुकाबले में महिला उम्मीदवार हैं। भाजपा के निशिकांत दुबे और कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह के बीच कांटे का मुकाबला माना जा रहा है। गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम की पूजा-अर्चना कर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि यहां 15 वर्षों में विकास का कोई काम नहीं हुआ। लोगों को सताया गया है। मुझे जनता का आशीर्वाद मिलेगा और मैं अपने सीनियर नेता फुरकान चाचा और प्रदीप भैया के साथ बादल भाई और इरफान जी की मदद से इस चुनाव में निशिकांत दुबे को शिकस्त दूंगी। 2024 में गोड्डा सीट पर भाजप ने तीनबार के सांसद निशिकांत दुबे को फिर उम्मीदवार बनाया है। वहीं एक लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने अपने महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया।




(शेष पेज 11 पर)

## खबर एक नजर में

### भाजपा के संकल्प पत्र से जनता खुश : अन्नपूर्णा



रांची। केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र ने आम मतदाताओं में अद्भुत उत्साह का संचार किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में निहित सभी कार्य योजनायें पिछले दस वर्षों में देश की जनता के लिये मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों और कड़े और बड़े फैसलों को प्रतिबिंबित करते हैं। भविष्य की योजनाओं की दिशा और गति का संकल्प भी मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कामकाज का शानदार विस्तार प्रतीत होती है। यही कारण है कि भाजपा के प्रति जनता का भरोसा संकल्प पत्र आने के बाद कई गुना बढ़ गया है।

### एनआइए कोर्ट में टेरर फंडिंग मामले में गवाही जारी

रांची। चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में सुनवाई डे टू डे जारी है। गुरुवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में गवाह दीपेंद्र कुमार का बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया। जो पूरी नहीं हो सकी। शुक्रवार को भी जिरह जारी रहेगी। एनआईए ने मामले में अब तक 116 से अधिक गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले की सुनवाई डे टू डे हो रही है। मामले में टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू, विनोद कुमार गंझू, मुकेश गंझू, बिंदेश्वर गंझू, व्यवसायी सुदेश केडिया, संजय जैन, महेश अग्रवाल, अजय कुमार, अजीत कुमार ठाकुर, सुभान मियां समेत डेढ़ दर्जन आरोपी ट्रायल फेस कर रहा है। एनआईए ने साल 2018 में केस को टेक ओवर किया था।

### कोयलाकर्मी को रिश्वत मामले में तीन वर्ष कैद

रांची। रिश्वत लेने के आरोपी रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय, रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने उस पर पांच हजार रुपए का जुर्माना किया है। अदालत ने 6 अप्रैल को दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की थी। अभियुक्त रामराज नोनिया को सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। वह सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि व इनक्रिमेंट के एरियर बनाने व भुगतान कराने के एवज में रिश्वत ले रहा था। इस मामले में सीबीआई ने सूचक सिंगराई मुंडा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से 8 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर अदालत ने यूडीसी क्लर्क को दोषी पाकर सजा सुनाई है।

### राजीव कुमार की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 25 को

रांची। कोलकाता कैश कांड में आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपी को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। आरोप है कि एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। सीबीआई की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लि. की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR**
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur 302017
Admission to Ph.D. and Masters Degree Programmes 2024-25

No. MNIT/Acad/Adm/24/01

Applications are invited for admission to **Ph.D. and M.Tech./M.Plan. (sponsored)** in all the Departments/Centres for 2024-25 (Odd Semester). For more information visit www.mnit.ac.in. Last date for application submission is 29th April 2024.

CBC 21312/12/0002/2425 REGISTRAR



चुनाव का पर्व
Desh ka garv
जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला

**सूचना**

गुमला जिला के प्रभावी गृहरक्षक जो किसी भी पोस्ट/प्रतिष्ठान में ड्यूटी करते हैं तथा जो किसी भी स्थान पर ड्यूटी नहीं करते हैं, उन्हें भी सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव–2024 हेतु गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला में अपना–अपना आगमन दिनांक– 27.04.2024 तक कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशानुसार प्रभावी गृह रक्षकों में से 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव कार्य में आगमन कराने का निदेश प्राप्त है। आगमन नहीं कराने वाले गृह रक्षकों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यालय अनुशंसित किया जाएगा। इसके लिए आगमन नहीं कराने वाले गृहरक्षक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला।

PR.NO.323907 Home(24-25):D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग – 825301
Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com

मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु
आवश्यक सूचना

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–1551 दिनांक–23.11.2023 एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के पत्रांक–4827 दिनांक– 22.12.2023 एवं पत्रांक–4836 दिनांक–22.12.2023 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले नामांकन को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कराने के निमित पोर्टल तैयार किया गया है, जिसका Web Address - rtehazaribag.in है।

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले ऑनलाईन नामांकन के लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किया गया था, परन्तु 223 सीट के विरूद्ध अभिभावकों द्वारा समर्पित 348 आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत मात्र 91 आवेदन सही पाया गया (सही पाये गये आवेदनों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित)।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में शेष स्वीकृत सीट के विरूद्ध अभिभावकों से आवेदन आमंत्रित करने के निमित दिनांक–17.04.2024 से 26.04.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। विद्यालयवार शेष स्वीकृत सीट की विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है।

संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 323891 School Education and Literacy(24-25).D


## देवघर त्रिकुट पर्वत पर अप्रैल 2022 को रोपवे हादसे में तीन लोगों की हुई थी मौत

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब-देवघर रोपवे हादसे को लेकर दर्ज एफआइआर पर क्या हुई कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। त्रिकूट पर्वत, देवघर में रोपवे दुर्घटना से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस हादसे को लेकर जो एफआईआर दर्ज की गई थी उस पर क्या कार्रवाई हुई है। रोपवे संचालित करने वाले कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर इस संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, इसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए।

बता दे कि त्रिकुट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में एक दुर्घटना घटी थी। जिसमें 3 लोगों की जान चली गई थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आई थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआईटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना हुई थी।

## चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआईडी डीजी हाई कोर्ट में हुए हाजिर

# बताया- गुमशुदा दोनों बच्चों को आधार कार्ड के बायोमेट्रिक से ढूंढना संभव नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआईडी के डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगर प्रिंट्स, आंखों की रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे उस समय उनकी उम्र काफी कम थी, ऐसे में आधार कार्ड के बायोमेट्रिक से उनको खोजना संभव नहीं है। कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून को होगी। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव शाह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

**क्या है मामला :** दरअसल, कुलदेव साह और वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ बी हंसदा ने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर केस दर्ज कराया था।

## भाजपा ने इंडी एलायंस के बयान पर किया पलटवार

# द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो होगी इंडी एलायंस उलगुलान रैली: प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा ने इंडी एलाइंस पर की 21 अप्रैल की रैली पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो होगा इंडी की रैली। श्री शाहदेव हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू प्रसाद का परिवार एस्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार के साथ गांधी परिवार नजर आयेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाये जाने के डर कर एक मंच पर आया है।

उन्होंने इलेक्टरल बॉन्ड पर विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुये बताया कि वह चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडीएसबीआई या आईटी की इंक्वारी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गये इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को मिला। जबकि 63 प्रतिशत हिस्सा विरोधियों को मिला। उन्होंने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का 2-3 हिस्सा कांग्रेस और इंडि एलायंस के दलों को दे दिया। उन्होंने कहा कि इस राज्य सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है। लव जेहाद भी बढ़ा है। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य नसरुल इस्लाम को लोग मुसलमान बता कर बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उसने प्रधानमंत्री की हत्या की बात कही थी और उसको भी हिंदू मुस्लिम के चश्मे से देखने वाले देश का विकास कभी नहीं कर सकते। जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी।

इस अवसर पर सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक एवं तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

# ढुल्लू महतो से टक्कर को अनुपमा सिंह तैयार, मांग रही आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह 18वीं लोकसभा में कांग्रेस के खाते में धनबाद सीट को डालने के लिए एड़ी चोटी एक करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। तभी पार्टी लाईन से बाहर जाकर भी बड़ों से जीत का अर्शीवाद ले रही हैं। गुरुवार को वह सरयू के आवास पर गयीं और उनके पांव छूकर आशीर्वाद मांगा। बता दें कि धनबाद सीट पर इंडिया गठबंधन की सबसे कम उम्र की प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सामना भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो से होगा। अनुपमा सिंह का जन्म 1985 में हुआ है। अगर इंडिया गठबंधन के अन्य प्रत्याशियों की बात करें तो गोड्डा प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह, चतरा प्रत्याशी के एन त्रिपाठी, लोहरदगा प्रत्याशी सुखदेव भगत, खूंटी से प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, हजारीबाग प्रत्याशी जेपी पटेल की उम्र अनुपमा से ज्यादा है। वहीं, झामुमो की सिंहभूम की प्रत्याशी जोबा मांझी, राजमहल प्रत्याशी विजय हांसदा, दुमका प्रत्याशी नलिन सोरेन और गिरिडीह से प्रत्याशी मथुरा महतो भी उम्र में काफी बड़े हैं। एनडीए की ओर से घोषित सभी 14 प्रत्याशी मसलन पलामू से बीडी राम, लोहरदगा से समीर उरांव, खूंटी से अर्जुन मुंडा, रांची से संजय सेठ, सिंहभूम से गीता कोड़ा, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो, हजारीबाग से मनीष जयसवाल, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, धनबाद से ढुल्लू महतो, दुमका से सीता सोरेन, चतरा से कालीचरण सिंह, गोड्डा से निशिकांत दूबे और राजमहल से ताला मरांडी के अलावा गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी की उम्र में अनुपमा से बड़े हैं।

# जैक बोर्ड की दसवीं का रिजल्ट आज

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से आज मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया जाएगा। बोर्ड दसवीं का रिजल्ट सुबह 11:30 बजे जारी करेगा। वहीं, इंटर साइंस का रिजल्ट अगले सप्ताह जारी होगा। विद्यार्थी जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। अपना रिजल्ट जांच करने के लिए आपको अपने रोल नंबर और रोल कोड की जरूरत होगी। झारखंड बोर्ड की परीक्षा में इस साल कुल 4 लाख 21 हजार 678 विद्यार्थी शामिल हुए थे। राज्य में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का आयोजन 6 फरवरी से 26 फरवरी के बीच हुआ था। यहां प्रतिवर्ष जैक की परीक्षा में लगभग साढे चार लाख और इंटर की परीक्षा में लगभग ढाई लाख विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करते हैं। बीते साल 2023 के जैक बोर्ड परीक्षा में दसवीं में 95.38 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए थे। इनमें 66.3 फीसदी फर्स्ट डिवीजन 31.05 फीसदी सेकंड डिवीजन और 2.72 फीसदी विद्यार्थी थर्ड डिवीजन से सफल रहे थे। वही इंटर की परीक्षा में साइंस का रिजल्ट 81.45 फीसदी तथा इंटर आर्ट्स का 95.97 और कॉमर्स का 88.60 रिजल्ट रहा है।

### स्पेनिश दंपती मामले में गृह मंत्रालय ने लिया संज्ञान, राज्य सरकार को कार्रवाई का निर्देश

रांची। गृह विभाग भारत सरकार के विधि अधिकारी आरवी यादव ने 2 अप्रैल को झारखंड सरकार को पत्र भेज कर स्पेनिश दंपती के मामले में झारखंड सरकार को कार्रवाई करने और उसकी जानकारी देने का निर्देश दिया है। साथ ही कार्रवाई की एक प्रति आवेदक को देने का भी निर्देश दिया है। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की राष्ट्रीय सचिव डा. कल्याणी ने गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर झारखंड में स्पेनिश जोड़े के साथ हुए अपराध को लेकर सवाल उठाया था। डॉ. कल्याणी के पत्र पर गृह मंत्रालय, महिला सुरक्षा प्रभाग ने झारखंड सरकार के गृह सचिव को पत्र लिखा है। डॉ कल्याणी इसे पहले भी महिला अपराध और महिला अत्याचार को लेकर मुखर होकर आवाज उठाती रही है।

## चुनाव आयोग की डमी कैंडिडेट पर रहेगी सख्त नजर, होगी कड़ी कार्रवाई

# गाड़ी के परमिट में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए होगी पूरी व्यवस्था: के रवि कुमार

**चौथे चरण के चुनाव के लिए राज्य के चार लोस क्षेत्रों में पहले दिन कोई नामांकन नहीं**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

**उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट होगा फूलप्रूफ :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फूलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका नकल करना मुश्किल होगा। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे।






क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा और ओएसडी गीता चौबे भी मौजूद थीं।

## सीता, गीता के साथ-साथ जोबा, अनुपमा और दीपिका का भी दिखेगा दम

# नये चेहरों पर लगा दांव : झारखंड से इस बार आधा दर्जन नये चेहरे संसद में रखेंगे कदम

सुधीर

रांची। 18वीं लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों ने ही नए चेहरों पर दांव लगाया है। इस लिहाज से लगभग आधा दर्जन नए चेहरे संसद में लोकसभा सदस्य के रूप में अपना पहला कदम रखेंगे। एनडीए ने 14 सीटों पर अपने उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। वहीं इंडिया गठबंधन ने 14 में से 12 सीटों पर प्रत्याशी दिया है। दो सीटों पर भी जल्द ही घोषणा हो जायेगी। बीजेपी ने धनबाद, दुमका, चतरा, हजारीबाग और लोहरदगा से नए उम्मीदवारों को मौका दिया है। वहीं कांग्रेस ने गोड्डा, धनबाद, चतरा और हजारीबाग से नए प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है, झामुमो ने भी दुमका से नए उम्मीदवार दिया है, जो अपने-अपने क्षेत्र से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

इधर कोडरमा से माले ने भी अपना प्रत्याशी उतारा है। लोहरदगा लोकसभा से भाजपा ने समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है। वे पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले समीर उरांव राज्यसभा सांसद थे। वहीं कांग्रेस ने समीर उरांव को टक्कर देने के लिए सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से जो भी उम्मीदवार जीतेगा वो पहली बार संसद पहुंचेंगे। धनबाद से भाजपा ने विधायक ढुल्लू महतो को मैदान में उतारा है। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री स्व. राजेंद्र सिंह की बहू व बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ कुमार जयमंगल की पत्नी अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। वो भी पहली बार राजनीति के मैदान में कूदी हैं। चतरा में भाजपा ने पहली बार स्थानीय उम्मीदवार के रूप में कालीचरण सिंह को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही नेता पहली बार लोकसभा चुनाव में आमने-सामने होंगे।

इसी तरह दुमका लोकसभा क्षेत्र से अभी हाल में झामुमो छोड़ बीजेपी में शामिल हुईं सीता सोरेन को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वहीं सात बार विधायक नलिन सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दुमका से प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही नेता पहली बार इस लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इस बार सदर विधायक मनीष जायसवाल को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं बीजेपी से नाता तोड़ कांग्रेस में शामिल हुए जय प्रकाश भाई पटेल को पार्टी ने हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही प्रत्याशी पहली बार हजारीबाग से चुनाव लड़ रहे हैं।

# अनुपमा और ढुल्लू के बीच होगी कांटे की टक्कर

रामनूर्ति पाठक





**धनबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा और उनके धनबाद पहुंचते ही धनबाद संसदीय क्षेत्र में चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। कोयला मजदूरों के दिग्गज नेता स्व राजेन्द्र सिंह के पुत्र सह बेरमो के वर्तमान विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह की धर्मपत्नी अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गई है। वही भाजपा के तीन बार विधायक रहे ढुल्लू महतो को भाजपा ने टिकट दिया है। मुकाबला टक्कर का होने के आसार हैं। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि 2004 के लोकसभा परिणाम की चर्चा तेज हो गई है। 2004 के चुनाव में भी कांग्रेस ने विश्रामपुर ( पलामू) के विधायक सह मजदूर नेता ददई दूबे को धनबाद से टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा था उन्होंने लगातार चार बार सांसद रही प्रो रीता वर्मा को 1 लाख मतों के ज्यादा अंतर से चुनाव हरा दिया था। उस समय ददई भी कोयलांचल के लिए बाहर से आए हुए नए चेहरे थे। पर रीता वर्मा के खिलाफ चल रही हवा ने उन्हें जीत दिलाई और वे बाहरी होने के बावजूद धनबाद के सांसद बने थे। हालांकि सांसद के कार्यकाल के दौरान उन्होंने यहां के लोगों में अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। वहीं अनुपमा सिंह भले ही धनबाद की राजनीति के लिए नया चेहरा हों पर उनके पति अनूप सिंह और ससुर स्व राजेन्द्र सिंह का धनबाद से गहरा नाता रहा है। दोनों की धनबाद की कोयला मजदूरों की राजनीति में भी अच्छी पकड़ रही है। इसके अलावे जिले के कांग्रेसी भी दोनों से अच्छी तरह वाकिफ भी हैं। जिस कारण अनुपमा को इसका फायदा मिल सकता है।

### सवाल पार्टी में एकजुटता का

अगर पार्टी एकजुट रही तो हो सकता है मुकाबला कड़ा हो सकता है। क्योंकि भाजपा द्वारा धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद से पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है। लेकिन अनुपमा को कांग्रेस से टिकट मिलने पर पार्टी आलाकमान को पार्टी को एकजुट रखने और कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा रखने की चुनौती से दो चार होना पड़ सकता है। इससे पूर्व कांग्रेस की अंतर्कलह किसी से छुपी नहीं है। स्व राजेन्द्र सिंह के देहांत के बाद से कोयलांचल की मजदूर राजनीति में उनके पुत्र व अनुपमा के पति अनूप सिंह की पकड़ ढीली पड़ी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के स्थानीय कार्यकताओं द्वारा प्रदेश प्रभारी से लेकर जिला स्तरीय नेताओ से लगातार यह मांग रही थी की इस बार चुनाव में कोई पैराशूट प्रत्याशी न हो, बल्कि हम सब के बीच का ही हो। अनुपमा व उनका परिवार बोकारो के बेरमो विधानसभा क्षेत्र में राजनीति करता रहा है। बेरमो गिरिडीह लोकसभा के अंतर्गत आता है ऐसे में यह देखना होगा कि अनुपमा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद स्थानीय कार्यकताओं में कितनी खुशी है। अगर सभी एकजुट रहे तो अनुपमा और ढुल्लू में चुनावी मुकाबला कांटे का हो सकता है।

### स्वर्ण वोटरों का कितना मिलेगा अनुपमा को साथ

वहीं राजनीतिक पंडितों की माने तो कांग्रेस ने अनुपमा को टिकट देकर स्वर्ण वोटरों को अपने पक्ष में करने का दाव खेला है। धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह और चतरा के सांसद सुनील सिंह का टिकट काटे जाने से इन दिनों स्वर्ण जाति के वोटर भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस ने चतरा से ब्राह्मण के रूप में के एन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट देकर सवर्णों को साधने की कोशिश की है। वहीं दूसरी ओर ढुल्लू महतो को प्रत्याशी घोषित होने और फिर मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णाअग्रवाल के बीच उतपन्न विवाद ने आग में घी डालने का काम किया है। अब ऐसे में कांग्रेस स्वर्ण वोटरों को कितना साध पाती है यह तो चुनाव के परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### सरयू के अगले कदम पर टिकी सबकी निगाहें

सरयू रॉय लगातार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। सरयू ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अगर कांग्रेस धनबाद से ढुल्लू को हराने वाला दमदार प्रत्याशी देगी तो वह उसे सपोर्ट करेंगे अन्यथा कांग्रेस मुझे सपोर्ट करे। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर कांग्रेस दमदार प्रत्याशी नहीं देती है तो वह खुद निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस द्वारा अनुपमा को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अब यह देखना होगा कि सरयू की नजर में अनुपमा कितनी दमदार है, क्या सरयू उन्हें समर्थन देंगे या फिर खुद निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे।

### यूनियन के भीतर विभाजन से नुकसान की आशंका

अनुपमा के नामांकन से इंटक श्रमिक संघ में भी फूट पड़ गई है। जहां उन्हें अपने पति और ससुर के नेतृत्व वाले एक गुट का समर्थन प्राप्त हो सकता है, वहीं ददई दुबे के नेतृत्व वाला एक और गुट है जो सिंह परिवार के प्रतिद्वंद्वी हैं। यूनियन के भीतर इस विभाजन से अनुपमा को इंटक कार्यकताओं से समर्थन पाने की संभावना प्रभावित होने की है।वही बुधवार को अनुपमा जब धनबाद आई तो जलेश्वर महतो के कार्यकताओं ने विरोध जताया।

## उपायुक्त ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को बाजार समिति स्थित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से डिस्पैच सेंटर में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थान शामिल थे। उन्होंने बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने को कहा। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक आदि उपस्थित थे।

## कतरास राजबाडी चैती दुर्गा पूजा महोत्सव में सिंदूर खेला



**कतरास।** राजबाड़ी रोड़ कतरास बाजार स्थित पूजा पंडाल में सार्वजनिक श्री श्री चैती दुर्गा पूजा महोत्सव के मौके पर गुरुवार को आयोजित सिंदूर खेला कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने काफी उत्साह एवं उमंग के साथ एक दूसरे को सिंदूर लगाया। मौके पर धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह एवं कतरास वार्ड नंबर एक की समाजसेवी डा. मधुबाला बिशेष तौर पर उपस्थित थी। मौके पर जिप अध्यक्ष को अंग वस्त्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि चैत नवमी के शुभ मौके पर हमें नौ दिनों में मां के नौ रूपों के दर्शन का सौभाग्य मिला।

## एक नजर में

### रेल प्रबंधक के आवास के समीप झाड़ियों में लगी आग



**धनबाद।** गुरुवार की दोपहर मंडल रेल प्रबंधक के आवास के पास झाड़ी में अचानक आग लग गयी। आरपीएफ टीम रेलवे कर्मचारी तथा अग्निशमन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग काबू पाया। आग लगने की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंडल रेल प्रबंधक के आवास के प्रवेश द्वार के बगल में झाड़ी में किसी तरह आग लग गई और आग देखते ही देखते पूरी तरह से फैलने लगी। जिसके बाद रेलवे कर्मियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद अग्निशमन विभाग से दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। बता दे की झाड़ियों में आग लगी थी, जो की तेजी से बढ़ने लगी थी।

### दूध भरा पिकअप वाहन पलटा



**महुदा।** दूध से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट जाने से आज हजारो लीटर दूध सड़क पर भ गया। महुदा मोड- धनबाद मुख्य मार्ग के महुदा पेट्रोल पंप के समीप बोकारो से कपुरिया जा रहा दूध के पैकेटो से भर बोलेरो पिकअप वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में वाहन चालक बाल-बाल बचा। घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और काफी मात्रा में दूध का पैकट फट कर सड़क में बह गया। वाहन में 13 सौ लीटर दूध था। घटना के संबंध में वाहन चालक रामु ने बताया कि बोकारो से दूध लेकर कपुरिया जा रहा था। उसी दौरान सड़क पर बैठी गाय को बचाने के क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बीच के डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। घटना की सुचना पर महुदा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। और वाहन को क्रेन से उठा कर बाधित सड़क मार्ग से हटाया गया ।

### शॉट सर्किट से लगी आग, सम्पत्ति जल कर राख

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कके पालोबेडा गांव निवासी गौतम भंडारी के घर में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपट इतनी भयानक थी कि घर में रखा समान जलकर राख हो गया। इस घटना से पालोबेड़ा गांव में आग बुझाने को लेकर अपरा तफरी मच गई। सैकड़ो ग्रामीण ने मोटर पंप के द्वारा कुआं और तालाब के पानी से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण उक्त घर के सदस्य उत्तम भंडारी का साला आग में बुरी तरह से झुलस गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। पीड़ित परिवार के घर का चार पहिया वाहन माल वाहक ऑटो जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार की आग बुझाने में काफी सहयोग की।

### सिंदरी कांड्रा में श्रमिक की संदेहास्पद मौत



**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के उपर कांड्रा के बाउरी टोला में दैनिक मजदूर हाकिम बाउरी (35) का शव उसके घर में बुधवार की देर रात संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। इसको लेकर गुरुवार को एसडीपीओ सिंदरी भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने कहा कि हाकिम की संदेहास्पद मौत का जल्द खुलासा किया जा सकता है। प्रशासन हत्या का केस दर्ज कर अपने कार्यवाही के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है।हाकिम का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया और जानकारी के अनुसार शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। हाकिम के चाचा विदेशी बाउरी ने बताया कि घर में चाचा और भतीजा रहते हैं। दोनों दैनिक मजदूर हैं। सुबह से मजदूरी के लिए गए थे और हाकिम घर में था। शाम को रामनवमी के जुलूस के कारण बाजार में ही रुक गए। रात लगभग 8 बजे घर आकर देखा तो पाया कि घर के आँगन में कोई कंबल ओढ़कर सोया हुआ है और हाकिम घर में नहीं है। कंबल उठाया तो पाया कि हाकिम का शरीर जला हुआ है और कई जगह चोट के निशान हैं। वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार हाकिम और उसके चाचा ही घर में रहते थे। हाकिम की शादी वर्ष 2012 में डीवीसी कांड्रा के पास हुई थी। उसके दो बेटे हैं। हाकिम की बेरोजगारी के कारण पत्नी बीते एक वर्ष से मायके गई हुई थी। किसी ने हाकिम की हत्या कर दी और उसे जलाने का प्रयास किया।गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने बताया कि युवक की हत्या की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रथमदृष्टया शव के शरीर पर मारपीट के निशान हैं और लगता है कि गर्म पानी से उसे जलाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

### संगठन के खिलाफ वोट देने वालों पर होगी कार्यवाई

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की गुरूवार को एलसी रोड स्थिति कार्यालय में बैठक हुई। अध्यक्षता टनी बनर्जी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि समिति ने अभी तक धनबाद लोकससभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं दिया है। अगर संगठन का कोई भी साथी किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह उसका व्यक्तिगत निर्णय होगा। लेकिन ऐसा करना संगठन के खिलाफ होगा। ऐसे सदस्य के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। समिति की अगली बैठक 28 अप्रैल को है और उसी दिन धनबाद लोकसभा प्रत्याशी को समर्थन देने पर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में भावानी बंदोपाध्याय,सम्राट चौधरी, कल्याण घोषाल, कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टराज, सुशोबहन चक्रवर्ती, बादल सरकार, कल्याण राय, सुरजीत चंद्रा, रघुनाथ राय, देवाशीष पांडे, शिबू चक्रवर्ती, काशीनाथ मंडल, राजू प्रमाणिक, युधिष्ठिर महतो, अमिताभ बैनर्जी उपस्थिति थे।

## याद आये एस के बक्शी

▸▸ वाम नेताओं ने तीसरा स्मरण दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के केडी कालोनी में गुरुवार को सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता सह सीटू से संबद्ध बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के संस्थापक महासचिव स्व एस के बक्शी के तीसरे स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक मिनट का मौन धारण कर व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा में सीटू नेता काली सेन गुप्ता ने कहा कि स्व बक्सी मजदूर आंदोलन के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सिंदरी के आंदोलन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही। मौके पर सीपीआई(एम) के सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, स्वामीनाथ पांडेय, रानी मिश्रा, राम लायक राम, सुबल चंद्र दास, राज नारायण तिवारी, शिबू राय ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## भोक्ता मेले में दिखी भगवान शिव के प्रति आस्था

### पेट में तार से किया आर पार, 45 फिट ऊंची खुंटे से लटक कर लगाये चक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भूली सी ब्लाक काली मंदिर प्रांगण में चड़क पूजा के अवसर पर भोक्ता मेला का आयोजन किया गया हैं। मन्दिर प्रांगण में आस्था के पर्व को लेकर काफी गहमा गहमी रही। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गोपल महतो व पुजारी मानिक तिवारी नें बताया कि लगभग 94 भोक्तागण ने अपने शरीर के विभिन्नी जगहों में कील चुभो कर भोक्ता खुंटा में घुमें। मंदिर प्रांगण में चारों और मेला का माहौल बना रहा। आस-पास के गांव के दर्जनों लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए काली मन्दिर पहुंचे हुए थे। शिवालय में भोक्ता झूला देखने तथा पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जो गुरुवार वार को तड़के शुरू हुआ और दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। भगवान शिव की जय कार से वातावरण शिवमय हो गया। तदोपरांत शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिए अपनी अपनी पीठ, छाती व बांह को लोहे के हुक से छेदवाया और उसमें रस्सी बांध का लगभग 45 फीट ऊंची खुड़े से बंधे डंडे पर लटकते हुए चारों तरफ चक्कर लगाया। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक भोक्ता ने पतली तार को अपने पेट से एक तरफ से दूसरे तरफ पर कर किया। जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव भक्तों की इस अनोखी साधना को देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर समाजसेवी दीपक महतो, निमाई महतो, महेंद्र महतो, दीपक महतो, हरेंद्र महतो, किशोर महतो, हरि प्रसाद महतो, भूचका रवानी, विजय महतो, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, संजय महतो, राज किशोर महतो आदि मौजूद थे।

## लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में लगी भीषण आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गुरुवार को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित पंडुकी में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के गोदाम में आग लगने के बाद वहा अफरा तफरी मच गई। कंपनी के कर्मचारियों ने स्थानीय थाना पुलिस एवं अग्निशमन विभाग सूचना दी। मौके पर थाना की गश्ती टीम और अग्निशमन विभाग के तीन दमकल वाहन पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लार्सन एंड टुब्रो कंपनी के कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पंडुकी में कंपनी का एक गोदाम संचालित हैं। जहां धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार द्वारा वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य को संचालित करने वाले सभी समान यहां पर स्टोर किये जाते है।कंपनी के गार्ड के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कंपनी के गोदाम में आग लग गई है। जानकारी मिली की बाउंड्री की वाल से बाहर आग लगाई थी। जिसके वजह से आग की चिंगारी उड़कर बाउंड्री के अंदर आ गई और यहां पर रखे सभी सामान और रुपया जलकर राख हो गया। मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया।वही अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया की सूचना मिलते ही तीन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में कामयाब हुई। उन्होंने बताया की आग भयावह रूप ले चुका था। उन्होंने बताया की नुकसान कितना हुआ है यह कंपनी के लोग ही बता पाएंगे।

### आमसभा कर किया मतदाताओं को जागरूक

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न वार्डों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरूवार को वार्ड संख्या 13 में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा के माध्यम से नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाताओं को बताया कि वोट देना क्यों जरूरी है। उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए शपथ दिलाया। मौके पर निवर्तमान पार्षद इरफान अहमद खान, सुपरवाइजर अमर दास, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## राजगंज में सिंदूर झेल के साथ माँ की विदाई



**राजगंज।** बजरंग बली दल सह चैती दुर्गा पूजा समिति राजगंज की ओर से आयोजित चैती दुर्गा पूजा की दशमी को नवपत्रिका विसर्जन के साथ ही नवरात्रि पूजा का समापन हो गया। गुरुवार को पूरे विधि विधान के साथ माँ की विदाई दी गयी। मौजूद महिलाओ ने सिंदूर खेल कर माँ को भाव भीनी विदाई दी। आचायो ने यजमान सुबोध चौरसिया और बन्दना देवी के साथ नदी घाट पर मंत्रोचर और माँ के जयकारे के बीच माँ की अगले साल पुन आगमन की कामना के साथ विदाई दी। मन्दिर पहुँच कर प्रसाद वितरण और ब्राह्मण भोजन कराया गया। इसके साथ ही पूजा के अवसर पर आयोजित मेले का शुभारंभ हो गया। मेला मे टॉवर झुला, ब्रेक डांस, टोरा टोरा सहित कई व्यंजनों के स्टाल लगाए गए है।

## उफ यह ताप : अप्रैल में मई-जून जैसा गर्मी, लहक रहा है धनबाद कोयलांचल

गौतम पाण्डेय





**धनबाद।** अप्रैल का अभी दूसरा सप्ताह है। लेकिन धनबाद में गर्मी चरम पर है। अमूमन इस तरह की गर्मी मई-जून में महसूस की जाती थी। गुरुवार को सुबह से ही उमस और पसीना से निढाल जीव-जगत के सामने बचाव का कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। अधिकतम 38 डिग्री तापमान से घर की छत और दीवार तपने लगी। भीतर तपन की आंच तो बाहर त्वचा को जला देने वाले मौसम से जनमानस आकुल-व्याकुल नजर आया। सूर्य के आंच की ताप का प्रभाव यह था कि गाड़ी में बैठे यात्री गर्मी के कारण से उबले नजर आए। सबके लिए परेशानी का कारण बन चुके मौसम का कहर गुरुवार को भी जारी रहा। धनबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन, बरटांड़ बस स्टैंड, बैंकमोड़, सरायढेला आदि ऐसे जगह रहे जहां लोग प्यास बुझाने के लिये कोल्डड्रिंक का सहारा लेते देखे गये। उधर झरिया के अग्निप्रभावित क्षेत्रों में रहने को मजबूर लोगों का बड़ा बुरा हाल है। कमोबेश कतरास कोयलांचल की भी यही रामकथा है

### ऐसे में लू लगने का खतरा ज्यादा

भूली क्षेत्रीय अस्पताल के डॉ अभिषेक कुमार ने कहा कि ब्रेन में हाइपोथैलेम्स पार्ट होता है, जो शरीर के तापमान को 95 से 98.6 फारेनहाइट के बीच कंट्रोल करता है। जब हीट की वजह से हाइपोथैलेंस अबनॉर्मल होने लगता है तो बॉडी का तापमान बढ़ जाता है। इससे चिकित्सीय भाषा में लू लगना कहा जाता है। जब तापमान बढ़ता है तो शरीर में भी गर्मी को बाहर निकालना जरूरी होता है। आमतौर पर यह पसीने के जरिए बाहर निकलती है। जब सन स्ट्रोक होता है, तब यह हैंपर कर जाता है। इस कारण हाइग्रेड फीवर होता है। कभी कभी यह जानलेवा भी हो जाता है। साथ ही चक्कर आना, अत्यधिक प्यास लगना, कमजोरी, सिर दर्द और बेचैनी इसके मुख्य लक्षण हैं। इसका इलाज तुरंत ठंडक देना और पानी पीकर पानी की कमी दूर करना है।

### लू और झुलसती गर्मी से बचाव के उपाय

- तेज धूप एवं गर्म हवाओं में बाहर जाने से बचें।
- शरीर को कपड़े से ढंक एवं सन ग्लास पहन बाहर निकलें।
- नंगे पैर व खाली पेट धूप में नहीं निकलें।
- दिन भर में कम से कम 10-12 ग्लास पानी पीएं।
- दिन में गर्म भोजन से बचें, जूस ज्यादा पीएं।
- शरीर में सॉल्ट एवं मिनरल्स की कमी नहीं होने दें।

# प्रिंस खान के दो गुर्गे को कोर्ट ने भेजा जेल, अपराध की कई वारदातों मे स्वीकारी संलिप्तता

**बैंकमोड़ में दबोचे गये दोनों गुर्गे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कोयलांचल में आतंक का पर्याय बने प्रिंस खान के दो गुर्गों को आज 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वुधवार को दबोचे गये दोनों गुर्गे मोहम्मद दानिश एवं रसीद जावेद उर्फ संजू को पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। दोनों के खिलाफ बैंक मोड़ थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस को दिए अपनी अपराध स्वीकारोक्ति बयान में राशिद जावेद ने बताया है कि प्रिंस खान के गिरोह के सदस्य आईना खान से उसकी दोस्ती हुई और फोन के माध्यम से उसने प्रिंस खान से संपर्क करवाया था। प्रिंस से बात करने पर उसने अपने लिए काम करने को कहा तथा बहुत पैसा मिलने का भरोसा दिलाया था। उसने कहा कि कोई चीज की कमी नहीं होने देंगे। इसके बाद वह प्रिंस खान के काम में लग गया। प्रिंस के कहने पर आईना खान एवं सहयोगियों के साथ वर्ष 2022 में अप्सरा बाजार के मालिक के घर के बाहर गफ्फार कॉलोनी में वह और आईना खान ने गोली चलाई। इसके बाद भूली थाना कांड संख्या 108/ 22 में जेल गया वर्ष 2022 में ही वह और टीपू, प्रिंस खान गिरोह का सदस्य अप्सरा बाजार में गोली चलाए थे जिसके लिए भूली में वर्ष 2022 में बैंक मोड़ थाने में केस हुआ। जेल से निकलने के बाद उसे कोई काम नहीं मिल रहा था। इधर-उधर भटकने पर भी काम नहीं मिला तो पुनः प्रिंस खान से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसके पास प्रिंस का नंबर नहीं था। दिसंबर 2023 में प्रिंस खान ने केंदुआडीह के एक व्यवसाई को धमकाया था जिसका पेपर में न्यूज छपा था और साथ में प्रिंस खान का फोटो और मोबाइल नंबर भी था। मोबाइल नंबर अपने मोबाइल में सेव कर व्हाट्सएप ऑडियो रिकॉर्डिंग करके प्रिंस खान को बोले कि हम संजू बोल रहे हैं हम आपके लिए पहले भी काम किए हैं और जेल भी गए हैं कोई काम हो तो बताइए हमें पैसे की सख्त जरूरत है। ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजने के तीन दिन बाद प्रिंस खान ने उसे व्हाट्सएप कॉल किया और बोला कि जो काम देंगे वह कर लेगा तो हम बोले कि आपके लिए कुछ भी काम कर देंगे मुझे पैसे की जरूरत है। इसके बाद प्रिंस खान मुझे एक आदमी जो बेकार बांध में पुराना स्प्लेंडर से हेलमेट पहन कर आया था जिसको प्रिंस के बताए अनुसार कोड बताया तो वह उसे 15000 रुपया देकर गया इसके बाद प्रिंस खान व्हाट्सएप कॉल करके बोला कि फुसरो में जाकर एक काम करना है जो बताएंगे तब जहां बताएंगे वहां चले जाना। दिसंबर 2023 में बस्ताकोला स्कूल के पास गए वहां एक आदमी लाल रंग के पैशन प्रो मोटरसाइकिल में हेलमेट एवं मास्क लगाकर आया जिसको प्रिंस खान के बताए अनुसार कोड जवान बताएं तो वह उसे दो देसी कट्टा और पांच गोली देकर गया इसके बाद प्रिंस खान पूछा कि सामान मिल गया तो हम बताएं कि मिल गया हथियार लेने के बाद रहमतगंज आए और दानिश कुरेशी के घर के पास दानिश को बताएं और उसको हथियार दिखाएं और हथियार लेकर अपने घर आ गए इसके बाद प्रिंस खान के कहने पर एक देसी कट्टा और तीन गोली रवि भारती को दिए इसके बाद प्रिंस खान बताएं कि जब बोलेंगे तो फुसरो में एक काम है जिसको तुम दानिश और रवि मिलकर करना है प्रिंस खान बताया कि फूसरो वाला काम बाद में होगा अभी बैंक मोड़ स्थित घराना ज्वेलर्स से रंगदारी का पैसा लेने का बात बोला था लेकिन अभी तक नहीं दिया है टालमटोल कर रहा है जब बोलेंगे तब तुम दानिश और रवि भारती मिलकर घराना ज्वेलर्स दुकान पर गोली चलाना गोली चलाने का दिन हम कॉल कर बताएंगे हम लोग प्रिंस खान के काल का इंतजार करने लगे हम लोग भूली रेलवे ओवरब्रिज के नीचे बैठकर प्लान बना रहे थे कि इसी बीच अचानक पुलिस आ गई और मैं तथा दानिश कुरेशी पकड़े गए पुलिस मेरे पास से देसी कट्टा और दानिश के पास से दो गोली बरामद किया यही मेरा बयान है

मोहम्मद दानिश कुरेशी ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था इसी दौरान उसकी जान पहचान रशीद जावेद उर्फ संजू से हुई जो उसी के मोहल्ले में रहता था रशीद जावेद पूर्व में जेल जा चुका था रशीद जावेद उससे बोला कि ऑटो चलवा कर कितना कमा लेते हो चलो कुछ ऐसा काम करते हैं कि कम समय में ही मोटा पैसा कमा लेंगे मैं उसके कहने पर लोभ में आकर उससे बोला कि क्या करना है बताओ इस पर वह बोला कि मैं प्रिंस खान के लिए काम करता हूं अभी एक काम आया है करोगे तो अच्छा पैसा मिलेगा तब मैं तैयार हो गया इसके बाद रशीद जावेद ने बताया कि प्रिंस खान ने एक काम दिया है और बोला है कि तुम दानिश और रवि मिलकर फुसरो में एक काम है इसके लिए प्रिंस खान रशीद खान को दो देसी कट्टा और पांच गोली भी दिया है जिसमें एक देसी कट्टा और तीन गोली रशीद ने रवि को दिया है कुछ दिन बाद प्रिंस खान रशीद को बोला कि फुसरो जिला बोकारो वाला काम कैंसिल हो गया है अभी घराना ज्वेलर्स बैंक मोड़ से रंगदारी का मांग किए थे देने में आनाकानी कर रहा है उसके दुकान में फायरिंग करना है कब करना है बताएंगे इसी दौरान मैं तथा रशीद भूली ओवर ब्रिज के नीचे हथियार के साथ बैठे थे कि पुलिस ने हम लोगों को घेर कर पकड़ लिया। भगाने के क्रम में मैं गिर गया जिससे मुझे बाएं हाथ में चोट आई पुलिस मेरे पास से दो जिंदा गोली तथा रसीद के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है।

## गिरिडीह -देवघर रोड पर बोलेरो ने स्कूटी को मारी टक्कर, छात्रा की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह-देवघर रोड में डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप गुरुवार को अज्ञात बोलेरो के टक्कर से स्कूटी सवार 20 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। जबकि छात्रा का साथी युवराज सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतका 20 वर्षीय तृप्ति भाग्यश्री और उसका दोस्त युवराज सिंह दोनों भीषण गर्मी में स्कूटी से गिरिडीह के व्हीट्टी बाजार में अपने एक दोस्त सोनू कुमार के घर उसके जन्मदिन मनाने आ रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह-देवघर रोड के डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने उनके स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। घटना में तृप्ति भाग्यश्री की मौत जहां मौके पर हो गई। वहीं युवराज सिंह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। फिलहाल युवराज का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी के साथ फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और तृप्ति भाग्यश्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस दौरान जानकारी मिलने के बाद तृप्ति के पिता मनोज भटनागर समेत पूरा परिवार गिरिडीह के सदर अस्पताल पहुंचा। जहां बेटी तृप्ति का शव देखकर परिजन फूट पड़े। जानकारी के अनुसार मृतका तृप्ति भाग्यश्री के पिता देवघर के रिखिया के रहने वाले है। जानकारी के अनुसार तृप्ति देवघर के कॉलेज में बीए फर्स्ट ईयर में पढ़ाई करती थी। गुरुवार को वह परिजनों प्रेक्टिल की परीक्षा देने कॉलेज जाने के नाम पर निकली थी और अपने सीनियर युवराज के साथ उसकी स्कूटी से गिरिडीह के हुट्टी बाजार में रहने वाले अपने मित्र सोनू का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए गिरिडीह निकल गई। गिरिडीह आने के क्रम में वह सड़क हादसे का शिकार हो गई। इधर जानकारी मिलने के बाद सोनू भी सदर अस्पताल पहुंचा, लेकिन उसने इंकार करते हुए कहा कि तृप्ति अपने सीनियर युवराज सिंह के साथ स्कूटी से गिरिडीह आ रही है, इस बात की जानकारी उसे नही थी।

## 7 वां जेसीआई प्रिमियर क्रिकेट लीग का शुभारंभ



**मैथन।** कुमारधुबी क्लब में गुरूवार की शाम तीन दिनी 7वां जेसीआई प्रिमियर क्रिकेट लीग शुरू हुआ। जिसमें स्टार ब्लेजर, इंडियन टाइगर, एवेंजर, हार्ट लाइन ड्रैगन्स व द फेलकन्स की टीम भाग ले रही है। पहला मैच स्टार ब्लेजर एवं एवेंजर के बीच खेला गया। टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए स्टार ब्लेजर ने निर्धारित आठ ओवर में पांच विकेट खोकर 69 रन बनाये। जिसमें रवींद्र शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाये। एवेंजर के पीयुष दारूका ने तीन विकेट लिये। जवाब में एवेंजर की टीम ने 7.2 ओवर में दो विकेट खोकर मैच जीत लिया। अनूप ने 25 एवं अमन शर्मा व ध्रुव अग्रवाल ने 15-15 रन बनाये। ब्लेजर के आकाश व नीतेश ने एक-एक विकेट लिये। 20 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जायेगा। टूनार्मेंट को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अभिषेक गोयल, सचिव प्रतिक चौधरी, राहुल खरकिया, पंकज बंसल, राकेश अग्रवाल, अभिषेक लोसलका, शरद अग्रवाल, कृष्णा दुदानी, मुकुल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अमन शर्मा, नितेश शर्मा, अभिषेक गढ्याण, मधुर अग्रवाल आदि थे।

## सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। लोकसभा चुनाव को लेकर शहर के न्यू टाउन हॉल में गुरूवार को सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षक कुलदीप व कुमार वंदन ने बीएलओ को बताया कि हर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व सीनियर सिटीजन मतदाताओं की लाइन रहेगी। प्रयास करना है कि दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता अधिक देर तक लाइन में खड़े नहीं रहे। साथ ही बताया गया कि नॉमिनेशन के अंतिम दिन से मतदान के 5 दिन पहले बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटनी है। बताया गया कि वोटर कार्ड के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, नेशनल पापुलेशन रजिस्टर, मनरेगा जॉब कार्ड, हेल्थ कार्ड, फोटो युक्त पेंशन पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज से मतदाता वोटिंग कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंत में ईवीएम पर मतदान की प्रक्रिया से सभी को रूबरू कराया गया।

## गांजा एवं भांग की तस्करी करने का आरोपी रिहा

धनबाद । गांजा एवं भांग जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करने का आरोपी रायगंज निवासी शंभू प्रसाद अग्रवाल एवं उसके भतीजा करण अग्रवाल को अदालत ने गुरुवार को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। रायगंज पुलिस शंभू प्रसाद अग्रवाल के घर में छापामारी कर 10 किलो भांग तथा 9 किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस ने शंभू प्रसाद अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तार शंभू प्रसाद अग्रवाल ने अपने भतीजे करण प्रसाद अग्रवाल का नाम बताते हुए इस धंधे में शामिल होने की बात बताई थी। अनुसंधान के बाद पुलिस दोनों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। राजगंज थाना में जप्त कर रखा गया 10 किलो भांग एवं 9 किलो गांजा अदालत में पेश नहीं किया गया। अनुसंधान कर्ता गवाही के दौरान अदालत को बताया कि जप्त किया गया गंजा तथा भांग चूहा खा गया। अनुसंधानकर्ता द्वारा राजगंज थाना प्रभारी द्वारा दिए गए पत्र अदालत को सौपा जिसमें चौहान द्वारा विनाश किए गए गांजा तथा भांग के संबंध में सनहा दर्ज करने की बात बताई गई थी।

## उपायुक्त ने की विभिन्न कोषांगों की समीक्षा
## सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का अधिकारियों को निदेश दिया है । किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट होने पर तुरंत उसे पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी नजर बनाए रखें। ध्यान रहे की कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो ना ही किसी प्रकार की कोई फेक न्यूज प्रकाशित हो। प्री सर्टिफिकेशन कार्य में किसी प्रकार की होता ही ना बरतें। उपायुक्त सुश्री मिश्र गुरुवार को समाहरणालय जे सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सोशल मीडिया कोषांग ईवीएम कोषांग, सामग्री कोषांग एवं एमसीएमसी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त अब तक की तैयारी की समीक्षा की गई। इसके अलावा आने वाले दिनों में मतगणना तक की जाने वाली तैयारी की भी चर्चा की गई। ईवीएम कोषांग की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर ऑफिसर्स की टैगिंग, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, समुचित सुरक्षा की व्यवस्था, जीपीएस की व्यवस्था समेत कई अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही मटेरियल सेल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोषांग के वरीय पदाधिकारी को ससमय सभी सामग्री को संबंधित बैग में पैक कर तैयार रखना को कहा। कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी श्री सादात अनवर ने बताया कि आसान्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त मैनपावर की लिस्ट तैयार कर ली गई है। इसके अलावा रिजर्व डाटा भी तैयार कर लिया गया है, वहीं महिला बूथ की भी डाटा पूरी तरीके से तैयार है। वही प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए की सभी प्रशिक्षण सभी कर्मियों एवं पदाधिकारी को ससमय करवा दिया जाए ताकि चुनाव से पूर्व किन्हीं भी पदाधिकारी एवं कर्मियों को किसी भी प्रकार का संशय ना रहे। बैठक में नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, डायरेक्टर डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला, जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा, जिला खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने प्रजाइडिंग अफसरों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त श जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने गुरूवार को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में पीठासीन पदाधिकारियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी को आयोग के निदेशों का पालन आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। इसलिए प्रशिक्षण में बताई जा रही हर बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरशः पालन करे। त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराना हमसभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आचरण गिरा तो पुरुषों का और आँचल गिरा तो महिलाओं का पतन तय : श्रीकांत शर्मा

**शतचंडी महायज्ञ का समापन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** जीटी रोड कौवाबांध स्थित राजविलास रिसोर्ट में आयोजित 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा की पूणार्हुति गुरुवार को हुई। कथा के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए देवी भागवत मर्मज्ञ श्रीकांत शर्मा ने कहा कि संस्कारी पुरुष घर से बाहर निकलते हैं तो आचरण सुधार चलते हैं। संस्कारी महिलाएं घर से निकलती है तो आंचल संभाल कर निकलती है। उन्होंने कहा कि आचरण गिरा तो पुरुषों का पतन तय है और आंचल गिरा तो महिलाओं का पतन हो जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं भारतीय परिधानों में ही सुसंस्कारित लगती है। वर्तमान में अंग्रेजी शिक्षा के साथ भारतीय परिधानों में भी बदलाव आया है, परंतु घर के बाहर एवं सामाजिक-धार्मिक आयोजनों में कन्या एवं माताओ को परंपरागत भारतीय परिधान ही धारण करना चाहिए। इसी में सभी की मयार्दा बरकरार रहती है। महामंडलेश्वर बालकानंद गिरि महाराज ने कहा कि आज सभी भारतीयों को घर में गाय पालने का प्रण लेना चाहिए। देश में गायों की संख्या लगातार घट रही है। अब ग्रामीण भी गाय पालन नहीं चाहते, जबकि कल कारखानों में वास्तु दोष के निवारण के लिए उद्यमी गाय पाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाय के दूध में सभी तरह के विटामिन मौजूद हैं और घर के किसी कोने में यदि गाय का वास होता है तो घर के समस्त वास्तु दोष समाप्त हो जाते हैं। कथा समाप्ति के पूर्व प्रेम प्रकाश दुबे ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ उपस्थित लोगों को कराया। आरती व हवन के बाद भंडारा लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद पाया। कथा आयोजक शंभूनाथ अग्रवाल, नंदलाल अग्रवाल, बलराम अग्रवाल एवं श्याम सुंदर केजरीवाल ने सभी लोगों का आभार जताया।

## खबर एक नजर में

### ढुल्लू महतो ने शुरू की जन आशीर्वाद यात्रा



**धनबाद।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने गरूवार को जन आशीर्वाद यात्रा के तहत बेकारबांध स्थित वार्ड बीस के पूर्व पार्षद अशोक पाल के कार्यालय पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। पार्षद व उनके समर्थकों ने जीत का भरोसा दिलाया। वहीं श्री महतो ने कहा कि मैं जनता की भलाई के लिए काम करता हूं, मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। प्रभु राम की कृपा है कि पार्टी ने मुझपर भरोसा जताया है। पूर्व पार्षद ने कहा हमलोग भाजपा के सिपाही है, इस नाते आज श्री महतो हमारे बीच पहुंचे थे। उम्मीदवार कोई भी हो, हमलोग पार्टी के लिए काम करते है और करते रहेंगे। इसी सिलसिले में आज हमलोगों के बीच बातचीत हुई है। मौके पर वार्ड 28 के पूर्व पार्षद मनोरंजन सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीसीसीएलकर्मी की मृत्यु उपरांत उनके आश्रित के नियोजन पर बनी सहमति

**कतरास।** सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिलबेरा बस्ती निवासी बीसीसीएलकर्मी मनोज कुमार शर्मा (40) की मृत्यु उपरांत बुधवार संध्या उनके आश्रित को नियोजन व मुआवजा को लेकर यूनियन प्रतिनिधियों की रामकनाली कोलियरी के प्रबंधक से वार्ता हुई। वार्ता में मृतक के आश्रित को प्रबंधन ने तीन से छह माह के अंदर नियोजन देने का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद परिजनों ने दामोदर नदी घाट पर दिवंगत कर्मी का अंतिम संस्कार किया गया। वार्ता में परियोजना पदाधिकारी राम अनुज प्रसाद, एपीएम नागदेव यादव, प्रबंधक संजय चौधरी, यूनियन नेता कंचन महतो, राजेंद्र प्रसाद राजा, सनोज कुमार, विनोद शर्मा, निरंजन कुमार शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, रितिक शर्मा, उपेंद्र राय, छेदी शर्मा, बबलू शर्मा, बसंत शर्मा आदि शामिल थे।

### विश्व शांति व सद्भावना का संदेश

**महुदा।** महुदा बस्ती के तुरी टोला में गुरुवार को युवा भारत द्वारा संचालित मुफ्त शिक्षा केंद्र के प्रांगण में युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश कुमार तुरी को अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुफ्त शिक्षा केंद्र के सक्रिय कार्यकर्ता व आचार्यों से संवाद करने दिल्ली और पटना से आए यूनिवर्सल पीस फेडरेशन के सक्रिय कार्यकर्ता वैष्णवी राय, सुधांशु सिंह और गुलशन कुमार ने विश्व शान्ति और सदभावना के सन्देश देते दिये। उपस्थित सदस्यों से वर्तमान परस्थिति पर भी चर्चा की और कहा कि पूरा विश्व युद्ध का मैदान बनता जा रहा है। लोगों में मानवता खत्म होती जा रही है। हम सभी को विश्व शान्ति की ओर मिलकर कदम उठाना चाहिए। इस मौके पर पर युवा भारत, झारखंड के प्रदेश संयोजक रमेश कुमार महतो, जिला कार्यकारणी सदस्य नैंसी शर्मा, तहरीन फातमा, किरण शर्मा, मधु देवी, अजय कुमार महतो, नर्गिस परवीन, नाजिया परवीन, सरफुद्दीन अंसारी राजू, राज कुमार मिर्धा आदि उपस्थित रहे।

### सिंदरी टाउनशिप में आज छः घंटे नहीं रहेगी बिजली

**सिंदरी।** सिंदरी टाउनशिप में शुक्रवार को छः घंटे विधुत्त बाधित रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए जेबीवीएनएल सहायक विधुत्त अभियंता सुजीत सिंह ने गुरुवार को बताया कि मेंटेनेंस को लेकर सिंदरी के 35 व 9 नंबर फिडर बंद रहेंगे। बताते चलें कि एफसीआई के 35 नंबर फीडर पर शहरपुरा, राँगामाटी व बाजार को विधुत्त सेवा दी जाती है। वहीं 9 नंबर फीडर पर सिर्फ रोहड़ाबाँध को नियंत्रित किया जाता है। विगत कुछ दिनों पूर्व प्लांट परिसर में केबल जलने से पूरा शहर एक केबल पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे केबल को ठीक कर लिया गया है। दोनों केबल पर लोड देकर पूरे शहर को सुरक्षित तरीके से विधुत्त व्यवस्था संचालित की जाएगी। उन्होंने जनता से इसमें सहयोग की अपील की है।

### धनबाद में आग, पारा पहुंचा 41 डिग्री सेल्सियस

**धनबाद।** काले हीरे का शहर धनबाद तेज गर्मी से झुलसने लगा है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सूरज से निकलने वाली पराबैंगनी किरणें लोगों को बेचैन करने लगी है। दिन के 10 बजे के बाद घरों से निकलना मुश्किल हो गया। तेज गर्मी के कारण पंखा, कूलर भी फेल होंने लगा है। दोपहर में सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जा रही है। तेज धूप की चपेट में आने पर लोग सन बर्न के शिकार हो रहे हैं। जिले के एसएनएमएमसीएच अस्पताल के चर्म रोग ओपीडी में हर दिन 15 से 20 मरीज पहुंच रहे है। वहीं इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि धनबाद में अभी गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। मौसम बिल्कुल ड्राई रहेगा। 19 से 22 अप्रैल तक हीट वेव का असर रहेगा। 2 से 3 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी भी हो सकती है। इसमें हर किसी को सावधानी बरतने की जरूरत है। जरूरी न तो तो सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक घर से न निकले। ज्यादा ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करे। जरूरी होंने पर घर से छाता, टोपी ओर सुती कपड़े पहनकर निकले। बच्चों ओर बुर्जर्गो का इस मौसम में खास ख्याल रखे।

### मजदूर नेता बक्शी दा को कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि दी

**कतरास।** डुमरा स्थित सामुदायिक भवन में बी सी के यू के पूर्व महामंत्री सह जे बी सी सी आई सदस्य कामरेड एस के बक्शी की चौथी पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर यूनियन के बरोरा एवं ब्लॉक दो के कार्यकताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर यूनियन के केंद्रीय सचिव कामरेड जे के झा ने कहा कि कामरेड बक्शी दा बीसीकेयू के प्रथम महामंत्री थे। जिन्होंने मजदूरों, किसानों की समस्याओं को लेकर कई आंदोलन किये। मजदूरों के बीच वे काफी लोकप्रिय थे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नकुल महतो, देवानंद राजभर, धनंजय महतो, प्रताप वर्ण वाल, सीता राम कर्मकार, आशीष राय, मनोज सेन, मोहन रवि दास, फूलेंडर ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे।

### धनबाद में जल्द शुरू होगा पशु एंबुलेंस

**धनबाद।** राज्य सरकार या शहरी निकायों ने भले ही आवारा पशुओं के स्थाई निवास का प्रबंध अभी तक नहीं हो पाया है। लेकिन जख्मी या बीमार पशुओं को अस्पताल पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। धनबाद में जल्द ही नौ एंबुलेंस की व्यवस्था मुक्कमल होगी। बकायदा इसके लिए एक टॉलफ्री नंबर भी जारी किया जायेगा। जिसपर कॉल कर कोई भी व्यक्ति अपने बीमार पशु को अस्पताल ले जा सकेगा। इस संबंध में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. आलोक सिन्हा ने बताया कि राज्यइ्टार में 236 पशु एंबुलेंस चलायी जायेगी। जिसमें धनबाद भी शामिल है। इसे लेकर झारखंड स्टेट इंप्लीमेंटिंग एजेंसी फॉर कैटल एंड बफैलो डेवलपमेंट, रांची और इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के बीच समझौता हुआ है। इसकी तैयारी चल रही है, जल्द ही धनबाद में पशु एंबुलेंस नजर आयेगा। ज्ञात हो कि धनबाद में पशुओं को अस्पताल ले जाने की अभी तक सरकारी तौर पर कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण अधिकांश पशुपालक अपने मवेशियों का ठीक से इलाज नहीं करा पाते है और इलाज के अभाव में पशु दम तोड़ देता है। इस व्यवस्था के शुरू होंने से सबसे ज्यादा फायदा पशुपालकों का होगा।

### प्रॉपर्टी में हिस्से को लेकर बेटों ने की माँ से मारपीट

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी हॉस्पिटल में इलाज करवाने पहुंची महिला के साथ गुरुवार को घर के बटवारे को लेकर उनके दो बेटे और बहु ने मिलकर हॉस्पिटल में पीड़ित महिला लालपरी देवी उसके छोटे बेटे नीरज कुमार, बहु पूजा और बड़ी बेटी सुनीता देवी के साथ मारपीट की। बड़ी बेटी आज ही अपनी मां से मिलने गया से यहां पहुंची थी। इस घटना के बाद उनका भी यही इलाज किया जा रहा है। घटना की शिकायत महिला के छोटे बेटे और बहु ने सरायढेला थाना में की है। जानकारी मिलने पर पुलिस हॉस्पिटल में भर्ती महिला से बयान लेने पहुंची।

# दुमका : पानी की किल्लत से जूझ रही आदिवासी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने कल्याण पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** शहर के करहड़बिल मुहल्ला में रामरतन सिंह रोड स्थित कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदिवासी बालिका छात्रावास संख्या एक की दर्जनों छात्रा छात्रावास में व्याप्त पेयजल की समस्या को लेकर मंगलवार को जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव को आवेदन देकर पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। आदिवासी बालिका छात्रावास संख्या एक की छात्र नायिका मितुती टुडू ने बताया कि सभी छात्राएं एक नंबर हॉस्टल में रहती हैं और दो नंबर छात्रावास में पानी का बोरिंग किया गया है। जबकी दो नंबर छात्रावास में पानी लेने जाने पर दो नंबर छात्रावास की रहने वाली छात्राएं पानी नहीं देती है और मोटर को बंद कर देती है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या से कई महीनों से जूझना पड़ रहा है। बताया कि उनके छात्रावास में करीब 200 की संख्या में छात्राएं रहती है। छात्रावास में पानी की समुचित आपूर्ति नहीं होने से सभी छात्राओं को के लिए खाना बनाने, कपड़े धोने समेत नित्य कामों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रावास में पीने के पानी का कोई साधन नहीं है। छात्रावास में तीन चापाकल है और तीनों खराब हो चुका है। हॉस्टल में मोटर लगा है, लेकिन पानी के लेयर कम होने से मोटर में पानी नहीं चढ़ता है। करीब 10 मिनट में ही मोटर गर्म हो जाता है। जिससे पानी बंद हो जाता है। कभी कभी पीने का पानी बाजार से खरीद कर लाना पड़ता हैं। छात्राएं कल्याण पदाधिकारी से दो नंबर हॉस्टल से एक नंबर हॉस्टल तक नया पाइप लाइन जोड़कर पानी का कनेक्शन देने का मांग की है। जिससे छात्राओं को पानी की किल्लत से नहीं जूझना पड़े। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को आदिवासी छात्र नेता श्यामदेव हेंब्रम का भी साथ मिला। छात्र नेता श्यामदेव हेंब्रम ने कहा कि यह छात्रावास में पानी की समस्या काफी गंभीर है। कई महीनों से यह लोग पानी के किल्लत से जूझ रही है। इससे पहले भी जिला कल्याण पदाधिकारी को इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया था। उन्होंने बताया है कि बालिका छात्रावास और दो रहने वाली छात्राएं आपस में समन्वय में नहीं होने के कारण पानी की समस्या हो रही है।

# बोकारो : कुड़माली सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमर गीतों पर झूमे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कुड़माली लोकगीत गायक भोलानाथ महतो ममता महतो एवं राजदूत महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक कुड़माली झूमर एवं अन्य गीत की प्रस्तुति की गई

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव में सरहुल के उपलक्ष्य में रंगारंग कुड़माली झूमर एवं पाता नाच कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध कुड़माली लोकगीत गायक भोलानाथ महतो ममता महतो एवं राजदूत महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक कुड़माली झूमर एवं अन्य गीत की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पहुंचे कुड़माली नेगाचारी गुरु संतोष कटियार ने कहा कि कुड़मी जाति नहीं विशुद्ध रूप से जनजाति है जिसकी अपनी आदिम लक्षण विशिष्ट संस्कृति व भौगोलिक अलगाव का क्षेत्र है।? अपनी भाषा संस्कृति परब त्यौहार देवा भूता हैं। कुड़मी जनजाति के शोधकर्ता दीपक कुमार पुनरिनयार ने कहा कि सरकारी दस्तावेज एवं हमारी विशिष्ट जनजातीय लक्षण बता रही हैं कि कुड़मी जाति नहीं जनजाति है। लेकिन सरकार इन सब के बावजूद भी कुड़मी को जनजाति की सूची में शामिल नहीं कर रही है। मौके पर मौके पर राजेन्द्र महतो अनंत कड़हआर मुरली पुनुरिआर उमाचरण गुलिआ, टुपकेश्वर केसरिआर प्रवीण केसरिआर सहदेव टिडुआर, पियूष बंसरिआर, महावीर गुलिआर ज्ञानी गुलिआर, भागीरथ बंसरिआर, मुरली जालबानुआर, सुभाष हिन्दइआर सुलचंद गुलिआर समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुमका : अलग-अलग घटनाओं में दो की हुई मौत

जामा। थाना क्षेत्र में दो अलग अलग घटनाओं में दो युवक की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर पंदनपहाड़ी गांव के पास सड़क पार कर रहे राजेश हेम्ब्रम उम्र 28 वर्ष का अज्ञात वाहन के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया पंचायत के कुरुमटांड़ गांव का रहनेवाला बताया जाता है। दूसरी घटना में पुलिस ने बगझोपा गांव के पास दुमका जसीडीह रेल लाइन के पास गुरुवार के सुबह एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के असंथर गांव के नरेश हेम्ब्रम उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के सर से पैर तक जख्म होने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि ट्रेन से झटका लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और उसकी मौत हो गयी। मृतक के छोटे भाई ने शव की शिनाख्त की है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि वह मिर्गी बीमारी से ग्रसित था। ट्रेन के चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी होगी। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है।

### जनसेवक क्रांतिकारी संघ द्वारा बीजीएच में रक्तदान शिविर का आयोजन



बोकारो। जनसेवक क्रांतिकारी संघ की ओर से थैलेसीमिया के मरीज को रक्त मुहैया कराने तथा रक्तदान हेतु लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के निमित्त बीजीएच में आयोजित रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर में बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में बीजीएच के एडिशनल सीएमओ डॉ श्रवण कुमार ने बताया कि रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है और 18 साल से 60 साल तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान शिविर में बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के एडिशनल सीएमओ डॉ सुरेन्द्र कुमार काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार) एवं रक्त केन्द्र के सहकर्मी सिस्टर रंजीता एक्का राजेश कौशल लैब टेक्निसियन पिंकी विभूतिका उपस्थित रहे।

### साहिबगंज : रेल पुल बंद करने आये रेल विभाग के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों की हल्की झड़प



साहिबगंज। विजयपुर स्थित रेल पुल संख्या 256 को बंद करने आए रेल विभाग के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों के साथ हल्की झड़प हुई है। रेल विभाग का आरोप अवैध रूप से वाहन परिचालन से रेल पुल डैमेज है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुल डैमेज तो डेढ़ साल से मरम्मती क्यों नही? परिचालन पर रोक से समाधान नहीं हो सकता है। पुल बंद होने से झारखंड बंगाल के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में होगी परेशानी। एंबुलेंस का रास्ता बंद होने से परेशानी का अंदेशा।

### अनुपमा की जीत रिकॉर्ड मतो से होगी : झामुमो



बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवासीय कार्यालय मे धनबाद लोकसभा कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह को टिकट मिलने पर झामुमो फुसरो नगर समिति द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी। झामुमो फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो और भोलू खान ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह को वोट अच्छी मिलेगी। दुसरी बात इनके ससूर दिवंगत पूर्व मंत्री व मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद सिंह जी का आशीर्वाद मिलेगा।

### हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी मां दुर्गा के दर्शन के लिए




गोड्डा। जिले के ठाकुर गांगटी प्रखंड क्षेत्र के कजरेल गांव के दुर्गा मंदिर में दसवीं तिथि के अवसर पर प्रतिमा का दर्शन करने वाले हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दसवीं तिथि के अवसर पर निकटवर्ती सहित दुरदराज पड़ोसी जिले साहिबगंज पड़ोसी राज्य बिहार के कई प्रखंडों गांव के हजारों श्रद्धालुओं ने परिवार संबंधियों के सदस्यों के साथ मिलकर मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन किया।पूजा अर्चना किया और मेले का भी जमकर लुत्फ उठाया।इस स्थल पर शुक्रवार को भी आदिवासी मेला के रूप में अंतिम मेला लगेगी। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के अलावे निकटवर्ती साहिबगंज जिले और पड़ोसी राज्य बिहार के भी कई गांव के दर्जनों प्रचलित आदिवासी कला पार्टी उपस्थित होकर अपने बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे।सिद्धू कान्हो,रामलीला लंगड़े नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा।सभी आदिवासी भाई-बहन अपने पारंपरिक वेश भूषा लीवास में वादाक यंत्र और समियाना बाजा आदि के साथ आकर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हैं।विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समिति, युवा शक्ति संघ,बुद्धिजीवी, शिक्षाविद,समाजसेवी आदि द्वारा सभी कला पार्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।बीती रात्रि दुर्गा मंदिर धार्मिक मंच पर पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़,बिहार आदि के करीब दर्जन भर महिला पुरुष कलाकारों द्वारा भक्ति शक्ति जागरण की प्रस्तुति की गई थी।एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और भाव नृत्य पर हजारों श्रद्धालु ताली बजाकर पूरी रात झूमते नजर आए।इसके अलावा रंजी गांव के दुर्गा मंदिर परिसर मानिकपुर गांव के दुर्गा मंदिर परिसर और खानीचक गांव के दुर्गा मंदिर परिसर में भी दशमी तिथि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।श्रद्धालुओं ने प्रतिमा का दर्शन और पूजा अर्चना किया वहां के पूजा समिति सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग किया गया।

### एसकेएमयू के एसपी कॉलेज को छोड़ अन्य बीएड कॉलेजों का सेमेस्टर-3 का परिणाम हुआ जारी


दुमका। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रषासन ने गुरूवार को बीएड सेमेस्टर- 3 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि बीएड सेमेस्टर-3 के परीक्षा 2023, सत्र 2022-24 का परीक्षाफल घोषित हुआ। उक्त परीक्षा में कुल 1560 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 99.94 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार शाह ने बताया कि एसपी बीएड कॉलेज, दुमका को छोड़कर शेष सभी कॉलेजों का परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर दिया गया है। परिणाम शुक्रवार से विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### रामनवमी के मौके पर यूएमएफ के द्वारा किया गया ठंडे पानी व शर्बत का इंतजाम



बेरमो। यूनाईटेड मिल्ली फोरम पिछले एक दशक से बेरमो कोयलांचल में सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल पेश करता रहा है। इस वर्ष भी फोरम ने कुरपनियाँ शिव मंदिर के सामने रामनवमी के अखाड़े में शामिल हिंदू धर्मावलंबी भाइयों के लिए शरबत, ठंडे पानी और बुंदिया का इंतेजाम किया। मौके पर रिफत अंसारी, महमूद आलम, अबुल कलाम अंसारी, शहलाल अनीस, मो जलील अंसारी, सैयद जफर इकबाल, मनोज पासवान, शामी अनीस, वकार उर्फ बंटी, गुलाम वारिश, असद, अनस, जुलकर ने श्रद्धालुओं को शरबत पिलाने में अपना योगदान दिया। इस आयोजन में मो बलाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने कहा कि फोरम के साथी बेरमो कोयलांचल में तहजीब की एक इबारत लिख रहे हैं उन्होंने कहा कि कई जगहों पर हिन्दू मुस्लिम के नाम पर लोग एक दूसरे से लड़ते हैं लेकिन बेरमो कोयलांचल खास कर गांधीनगर थाना क्षेत्र में ऐसा कुछ नहीं है। हर पर्व त्योहार हम सभी मिलजुल कर मनाते हैं। कुरपनियां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि आनंद सिंह, चैती दुर्गा मंडप अखाड़ा कमिटी के संजय हरी, महावीर स्थान अखाड़ा कमिटी के लाइसेन्सधारी ललन प्रसाद व अखाड़ा की अगुवाई करने वाले विजय कुमार ने फोरम के सदस्यों व पदाधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि फोरम हिन्दू मुस्लिम का भेदभाव किए बिना पिछले कई वर्षों से श्रृद्धालुओं के लिए शर्बत पानी की व्यवस्था कर एकता का जो संदेश दिया है वह प्रशंसनीय है।

### यूपीएससी में बेरमो कोयलांचल की बेटी प्रेरणा सिंह ने लहराया परचम



बेरमो। यूपीएससी की परीक्षा में बेरमो कोयलांचल के फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के घुटियाटांड कॉलोनी स्थित रीवर साईड कालोनी के पूर्व निवासी स्व रामाधार सिंह की पोती और स्वर्गीय सुबोध सिंह के पुत्री प्रेरणा सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में 271वां स्थान प्राप्त किया है। प्रेरणा सिंह की मां ममता सिंह पशुपालन विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान मे साउथ ऑफिस पाड़ा डोरंडा मे प्रेरणा सिंह रह रही है। बेरमो कोयलांचल में खबर मिलते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी पर हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया अखाड़े के कलाकारों ने



बोकारो। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पावन पर्व रामनवमी बोकारो चास सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। शहर से गांव तक जगह जगह भव्य जुलूस निकाले गए। एक तरफ जहां मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा वहीं दूसरी तरफ जोशो खरोश भी परवान पर दिखा। जुलूस के दौरान युवाओं के साथ साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पारम्परिक अस्त्र शस्त्र चलाने की कला प्रदर्शित की। उनके हैरतअंगेज कारनामे देख लोग दांतों तले उंगली दबाने को विवश हो गए। माथे पर भगवा साफा कंधे पर केसरिया अंगवस्त्र ओढे तथा गाड़ियों पर महावीरी पताका लहराते हुए युवा जहां बेतहाशा रफ्तार में वाहन दौड़ाते देखे गये वहीं डीजे की धमक से मिश्रित राम भजनों पर वे थिरकते नाचते नजर आये। हरेक चौक चौराहा गोलंबर गली मुहल्ला और तमाम बिजली के खंभों पर राम हनुमान के चित्र वाले भगवा झंडे और पताके लहराते रहे। बोकारो में सिटी पार्क स्थित अखाड़ा बजरंग विजय अखाड़ा चास के श्रीराम अखाड़ा सहित रितुडीह सेक्टर 8 9 सेक्टर12 4 और विभिन्न जगहों के अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। गाजेबाजे के साथ जुलूस निकले और लोगों ने हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। जगह जगह सीसीटीवी कैमरे व कई ड्रोन कैमरों से निगहबानी होती रही। डीसी विजया जाधव ने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी और ड्रोन से मिलनेवाले फुटेज के जरिए स्थिति का जायजा लिया।

### बोकारो : चास में जैन धर्मावलंबियों का आठ दिवसीय अनुष्ठान संपन्न



बोकारो। चास के माणकचंद जी छल्लानी निवास में समणी मधुर प्रज्ञा जी ने नवरात्रि पर आठ दिन तक विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया। समणी जी ने कहा कि नवरात्रि का महत्व सभी धर्मों में माना गया है। उन दिनों में तांत्रिक तंत्र विद्या की साधना करते हैं तो बहुत से लोग मंत्र विद्या की भी आराधना करते हैं। वे मंत्र सिद्ध करते हैं जो बहुत सी विघ्न बाधाओं को दूर करते हैं। इस क्रम में समणी जी ने विविध मंत्रों के माध्यम से लगभग एक घंटे का अनुष्ठान करखाया। उन्होंने कहा कि आचार्य भिक्षु दूरदर्शी थे। उन्होंने भविष्य की नब्ज को पकड़ा और शिष्यों के लिए एक संविधान बनाया कि सभी शिष्य एक आज्ञा मयार्दा और अनुशासन का पालन करेंगे। 250 वर्षों के बाद भी आचार्य की परम्परा अक्षुण्ण बनी हुई है। समणी जी ने भिक्षु स्वामी से संबंधित अनेक प्रसंग सुनाए जिससे उपस्थित श्रावक मन्त्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर जयचन्द सुशील मानकजी मदन चौरड़िया रेणु चौरड़िया प्रमोद चौरड़िया सहित जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### 27 को आयोजित होगा विशेष लोक अदालत

बेरमो। तेनुघाट कोर्ट माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनील कुमार मिश्रा के निर्देश पर 27 अप्रैल को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत लगाया जाएगा। जिसमें बिजली विभाग से संबंधित मामले और एन आई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले का निष्पादन किया जाएगा। जिसे लेकर 21 अप्रैल से ही न्यायालय में मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक गोड्डा द्वारा इस घटना की जांच के लिए एसआइटी कमिटी के गठन की घोषणा की

# पुलिस द्वारा अपराधी को पकड़ने के क्रम में उसके घर से भागते हुए एक युवक की गोली लगने से हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सुंदर पहाड़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 24/25 के अंतर्गत विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। जिसमे लूट, रंगदारी, लेवी मांगने भयादोहन करने जैसे और भी कई अपराध के मामले शामिल हैं। उक्त कांड में बेना डिक हेंब्रम, पिता मुंशी हेंब्रम, ग्राम डंगा पाड़ा, थाना सुंदर पहाड़ी, जिला गोड्डा के संलिप्त होने की अपुष्ट जानकारी मिली। बेना डिक हेंब्रम सुंदर पहाड़ी थाना के एक कांड में 2022 में एक अपराधी के रूप में जेल से छूट कर एक माह पूर्व ही घर आया था। उपरोक्त 2024 के प्राथमिकी के आधार पर जांच और सत्यापन के लिए 17 अप्रैल को संध्या 7 बजे सुंदर पहाड़ी थाना प्रभारी अपने द्वारा गठित जवानों और अधिकारियों के साथ बेनाडीक हेंब्रम के घर छापामारी अभियान चला कर उसे अपने हिरासत में लेकर पूछताछ करने के उद्देश्य से उसके घर छापेमारी की ।इसी क्रम में पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने और पकड़े जाने के भय से बचने के लिए घर से निकल कर भागने की कोशिश करता है अंधेरा होने की वजह से वो भाग निकलता है पुलिस को भी अपनी सुरक्षा पर खतरा नजर आ रहा था ताकि उसके हाथ में कोई हथियार हुआ तो पलटकर वह वार भी कर सकता है। उसे मौखिक रूप से कई बार रुक रुक कर आत्मसमर्पण के लिए थाना प्रभारी के साथ अन्य जवानों ने आवाज भी लगाई लेकिन उसने अंधेरे का लाभ उठाकर थाना प्रभारी के एलान को अनसुना कर इधर उधर भागने की कोशिश की और चेतावनी को अनसुना कर भागने की कोशिश कर रहा था ।थाना प्रभारी राज नाथ यादव स अ नि ने अपनी और अन्य जवानों की सुरक्षा पर खतरा देखते हुए उस पर गोली चला दी और गोली इतना सटीक था कि उस व्यक्ति के कंधे मे जाकर गोली लगी और वो भागने वाला व्यक्ति वही गिर पड़ा। उसे तत्काल चिकित्सा के लिए सुंदर पहाड़ी स्वास्थ्य उप केंद्र लाया गया जहां चिकित्सा के क्रम में उसकी मौत हो जाती है। मृतक की पहचान हरी नारायण पहाड़िया उम्र 30 वर्ष पिता-न मालूम, घर बड़ा डंगा पाड़ा, थाना सुंदर पहाड़ी, जिला गोड्डा के रूप में हुई है ।इस घटना पर मानवाधिकार आयोग के निदेर्शानुसार उनके मापदंडों के आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम मेडिकल विभाग की टीम द्वारा कराइ गई प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडीओ ग्राफी कराई गई ।उसके बाद शव को उनके घर वालों के सुपुर्द कर दिया गया। इस घटना मे शामिल सुंदर पहाड़ी थाना प्रभारी स अ नि राजनाथ यादव को तत्काल के प्रभाव से निलंबित कर हिरासत में लेते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस घटना की जांच हेतु एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है जो अपनी जांच की रिपोर्ट एसपी गोड्डा को समर्पित करेंगे।

# बीएसएल में एक नये सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से एचआरडी के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरम्भ में वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। डीजीएम वित्त व लेखा समीर कुमार रॉय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। एचडीएफसी बैंक से रोहन सिंह तथा रवीश शर्मा ने उपस्थित समूह को धननिवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीटी संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

# साहिबगंज : चैती दुर्गा समिती बरहेट द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समिति द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों व चैनलों से जुड़े संवाददाताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहेट।** बुधवार की देर रात चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा गुप्ता टोला में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनो छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूजा समिति के अध्यक्ष रितेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात समिति द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों व चैनलों से जुड़े संवाददाताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के सह सचिव शंकर जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमें क्षेत्रिय संवाददाताओं पर गर्व है और अपेक्षा करता हूं कि सभी ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र की समस्याओं को उजागर करते रहें। क्योंकि पत्रकार समाज का आईना होता है, जिससे हम अपने चेहरे की हकीकत को देख पाते हैं ये समाज को अपनी लेखनी से आगे बढ़ाने में सहयोग करें। वहीं आयोजित बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन दुलाल पंडित ने किया। कार्यक्रम में मीठी गुप्ता, सौम्या कुमारी, रागिनी कुमारी, चांदनी कुमारी, कमलेश कुमार, प्रियंका कुमारी, माही कुमारी, सुहानी कुमारी, खुशबू कुमारी, परी कुमारी, ओम गुप्ता, आराध्या कुमारी, अनिशा कुमारी किंजल गुप्ता सहित अन्य बच्चे ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम की व्यवस्था सह संचालन के लिए मौके पर पूजा समिति के सचिव प्रिंस गुप्ता, कोषाध्यक्ष विशेश्वर यादव,संरक्षक सोनू गुप्ता अंकित गुप्ता टींकू गुप्ता, राहुल गुप्ता, रवि गुप्ता, मनोज गुप्ता, रितिक मंडल, दिलीप यादव, गोलू साह, श्याम अग्रहरी, मुकेश गुप्ता, सीता राम गुप्ता, महावीर गुप्ता, संतोष चौधरी, अभिषेक गुप्ता, राकेश मण्डल, राज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, तुषार भगत मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को देखने

# साहिबगंज : उपायुक्त ने की स्वीप कोषांग के कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नीज कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीडीसी द्वारा बताया गया कि स्वीप कैलेंडर के तहत लोकसभा चुनाव को लेकर जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमे लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न संस्थानों के साथ मिल कर मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया कैंपेन आदि करायीं गई। इस कार्य मे जिला प्रशासन सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु उपायुक्त ने आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यूनिक, इनोवेटिव कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताएं। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु, समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, नगर प्रशासक, नगर परिषद साहेबगंज सोमा खण्डैत, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन आशीष कुमार यादव, प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ सुनील कुमार ठाकुर एवं स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित रहे।

# गोमिया में राम, हनुमान के जयकारे के साथ रामनवमी मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड में राम लखन सीता हनुमान के जयकारे से गूंजयेमान रहा और रामनवमी बड़े ही भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ मनाई गई। प्रखंड के गोमिया, आई ई एल, चतरोचटी, लालपनिया, महुआ टांड़, जागेश्वर बिहार और रहावन थाना क्षेत्र सहित गोमिया के स्वांग वन बि ,महावीर स्थान,हजारी मोड़,पुराना माइनस,में रामनवमी का जुलूस और झांकी निकाली गई। रामनवमी जुलूस के दौरान संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मी पूरी चौकसी और सतर्कता के साथ जुलूस के साथ उपस्थित रहे। वही गोमिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार महतो, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोकरा,आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो रामनवमी जुलूस के दौरान घूम-घूम कर निगरानी कर रहे थे। गोमिया बैंक मोड़, गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़, साडम संतोषी मंदिर सभी रामनवमी झंडों का जुटान और झांकी भव्य थी। इन स्थानों पर समाज सेवियों द्वारा शरबत और खिचड़ी पिलाने, खाने की व्यवस्था भी की गई थी। भीषण गर्मी के बावजूद रामनवमी जुलूस के दौरान राम भक्तों का उमंग देखने को मिला और पूरा क्षेत्र रामनवमी झंडों से राम मय था। वही स्थानीय प्रशासन विधि व्यवस्था पर पूरी निगरानी रखी हुई थी।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी में कई समितियां सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। जहां खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। निर्णायक मंडली में शामिल सीसीएल के अभियंता अंकुर विश्वनाथ अभिनव आनंद, जेएम कालेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी, प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी व प्रो. मनोज कुमार ने कला-प्रदर्शनी, झांकी, अनुशासन व महावीरी ध्वज के लिए विभिन्न समितियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया। महाबीर ध्वज में चिकोर प्रथम, पटेलनगर शीतला माता मंदिर द्वितीय स्थान पर रही। वहीं झांकी में प्रथम महाबीर मंडल लादी, द्वितीय शिवनगर चिकोर व तृतीय अंबेडकर कलब लादी, कला प्रदर्शन में प्रथम मतकमा, द्वितीय कुरसे व संकटमोचन मंदिर भुरकुंडा ने तृतीय स्थान पाया। जबकि अनुशासन में महाबीर मंडल लादी प्रथम, कुरसे द्वितीय व देवरिया ने तीसरा स्थान पाया।

### रुद्र महायज्ञ को ले कलश यात्रा



कुजू। श्री श्री 1008 श्री हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर बड़की डूंडी में गुरुवार को कलश यात्रा निकाला गया। यात्रा में 351 कलशधारी शामिल हुए। यात्री उखरबेड़वा दामोदर नदी पहुंचे। यज्ञ आचार्य अमरनाथकान्त दुबे, लव शास्त्री, मदन तिवारी, विनोद पांडेय, जनार्दन तिवारी, राहुल तिवारी, सत्यम पांडेय, अंकित तिवारी ने यजमान बने झूबर महतो, गिरधारी महतो, हीरालाल महतो, अमेरिका प्रसाद, विष्णु देव महतो, वासुदेव महतो, फूलचंद महतो, छेदी महतो, चौहन महतो, खिलेश्वर महतो, कुलेश्वर महतो, संतोष महतो, लालधारी महतो, नागेश्वर साव, अशोक कुमार महतो सपतनीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। बाद में पवित्र जल को कलश में जल भरा।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने बांटा खीर-पुड़ी



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने रामनवमी के अवसर पर बुधवार को बिरसा चौक भुरकुंडा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद रूपी खीर-पुड़ी व ठंडा पानी का वितरण किया। भारी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा मंच बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हर संभव सहयोग करता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के उमाशंकर जयसवाल, जेपी पांडेय, रिन्कु वर्णवाल सहित दर्जन लोगों का विशेष योगदान रहा।

### श्रद्धालुओं के बीच फल का वितरण



रामगढ़। प्रसाद एंड सन के संचालक जितेंद्र प्रसाद उर्फ डब्लू और अंबुजा सीमेंट द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच फल का वितरण किया गया। कई श्रद्धालुओं ने फल ग्रहण किया। फल वितरण में अंबुजा के डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर अनुराग कुमार जायसवाल, इंजीनियर मन्नू कुमार आदि शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने बांटा चना



रामगढ़ । रामनवमी पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा हजारों लोगों के बीच चना और शर्बत का वितरण किया गया। रामनवमी जुलूस स्वागत को लेकर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रामगढ़ मारवाड़ी धर्मशाला के निकट स्टाल लगाकर भक्ति भाव से जुलूस में शामिल लोगों के लिए चना एवं रूह अफजा शर्बत की व्यवस्था कराई गई थी। जहां जुलूस में शामिल हजारों महिला--पुरुष व बच्चों ने चना और शर्बत ग्रहण किया। अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि रामनवमी पर भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से साथ मनाया जाता है। चना और शर्बत वितरण कार्यक्रम में सचिव धीरज बंसल, श्रीजय मेवाड़, राहुल अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आशुतोष बेरलिया, पंकज अग्रवाल, राहुल जैन, आयुष बजाज, वंशज पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, आशीष जैन, प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल सहित मंच के अनेक सदस्य शामिल थे।

### स्वर्णकार संघ ने बांटा चना-गुड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ पतरातू प्रखंड के सौजन्य से रामनवमी के अवसर पर बुधवार को बिरसा चौक भुरकुंडा में श्रद्धालुओं के बीच चना- गुड़, शरबत व ठंडे पानी का वितरण किया गया। कहा गया कि सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में स्वर्णकार संघ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हर संभव सहयोग करता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के संरक्षक अशोक सोनी, जिला उपाध्यक्ष विजय सोनी, प्रखंड अध्यक्ष नरेश सोनी, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष सुजीत वर्मा, अशोक सोनी, उमेश प्रसाद वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गणेश सोनी, मिथिलेश सोनी, विशाल सोनी, अनिल सोनी, आर्यन वर्मा, राहुल वर्मा, सागर कुमार वर्मा, पवन सोनी, महेंद्र सोनी, विकास सोनी, अश्विनी सोनी, सुमित, मनोज सोनी, परमानंद सोनी, सहित संघ के दर्जन लोगों का विशेष योगदान रहा।

# असधीर मैदान में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन

## रामनवमी जुलूस में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले तीन झांकी पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता




कटकमसांडी । रामनवमी जुलूस के दौरान झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन अखाड़े को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया । कटकमसांडी प्रखंड के असधीर मैदान में आयोजित रामनवमी मेला में लगभग एक दर्जन गांव से जुलूस के शक्ल में झांकी पहुंचा। झांकी में जहां राम के आदर्शों का प्रदर्शन किया गया। वही विज्ञान पर आधारित कई झांकी जुलूस मे देखने को मिला। बरगड्डा गांव के झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । जबकि अयोध्या मंदिर निर्मित हेदलाग गोविंदपुर को द्वितीय और खुटरा झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन तीनों झांकियां को मुख्य अतिथि कटकमसांडी पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रामकुमार मेहता के हाथ हो मेडल देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान राम के पदचिन्हों पर चलने का शपथ के साथ लोग राम जन्म उत्सव मनाते हैं । राम के पद पदचिह्न पर ही चलना रामनवमी का मुख्य उद्देश्य है । उन्होंने कहा कि असधीर और लुपंग गांव के सदस्यों की भूमिका काबिले तारीफ है । जुलूस में लोग सौहार्द कायम कर संपन्न कराई जो बेहतर संदेश देता है। यह संदेश बेहतर समाज के लिए अमित छाप छोड़ेगा । असधीर मैदान मे बततुआ ,धरहरा ,सुलमी ,लुपुंग , वन और टू ,असधीर ,खुटरा ,बरगड्डा ,हेदलाग ,बेलरगड्डा आदि गावं की झांकी जुलूस के साथ असधीर मैदान पहुंचा जहां अखाड़े धारी देर रात तक कला कौशल का प्रदर्शन किया । ढोल ताशा के धुन पर अखाड़े धारी झुमते रहे । जुलूस मे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,मुखिया दिलीप पासवान ,पूर्व मुखिया दिलीप रविदास ,बालेश्वर मेहता ,उदय मेहता अजय मेहता ,दीपक मेहता ,संजय मेहता ,टुनटुन मेहता ,मुरारी मेहता आदि सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे । कटकमसांडी चौक ,ढौठवा हाई स्कूल मैदान ,आराभुसाई ,डाटो , कटकमदाग प्रखंड मे सुलताना ,फतहा चौक पर जुलूस निकाला गया। दशमी को कटकमसांडी प्रखंड से कंचनपुर,हेदलाग,छड़वा ,रोमी ,खुटरा ,पबरा ,पेलावल और गदोखर ,वही कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह ,पकरार ,सलगावां ,कटकमदाग ,बानादाग ,कृष्णा नगर पसई ,रेवाली ,मसरातू ,बनहा ,खपरियांवा ,ढेंगुरा पंचायत से झांकी के साथ जुलूस हजारीबाग पहुंचा । अखाड़े धारी के लोग कला कौशल का प्रदर्शन किया ।

# लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष बनीं रेखा वर्णवाल

**2024-25 के लिए का हुआ चुनाव,सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष बने शिवा प्रसाद**

खबर मन्त्र संवाददाता


रेखा वर्णवाल।



अंजू देवी।


शिवा प्रसाद।

भुरकुंडा (रामगढ़)। उत्सव मैरेज हॉल में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की बैठक हुई। बैठक में सर्वाम्मति से नये सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें सत्र 2024-25 के लिए रेखा वर्णवाल को अध्यक्ष, अंजू देवी को सचिव और शिवा प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इधर नवमनोनित अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी व कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने कहा कि दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना हमारी प्राथमिकता होगी। सबों को एक सूत्र में पिरोकर क्लब व समाजहित में कार्य करना हमलोगों का लक्ष्य होगा। सभी नव मनोनित पदाधिकारी जुलाई में पदभार ग्रहण करेंगे।पदाधिकारियों के चयन पर क्लब को अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, डॉ. राजेंद्र महतो, विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, एचएन यादव, अजय सिंह, डॉ. एमके मंजूल, संजय सिंह, सहित दर्जनों लोगों ने दी बधाई।

### वाहनों की लगी कतार पानी के लिए तरसे यात्री

बरही। शोभायात्रा के अंतिम दिन सड़को पर घंटो जाम लगा रहा। हजारीबाग रोड, गया रोड, पटना रोड और धनबाद रोड में पांच से छः किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसमे एम्बुलेंस सहित लगन की गाड़ियां भी फंसी रही। यात्रीगण धूप में पानी के लिए इधर उधर दौड़ते नजर आए। बड़कागांव से गया जा रही एक बारात गाड़ी करसो में घंटो फंसे रहने के कारण बस में सवार महिला यात्री परेशान दिखे। जाम का मुख्य कारण प्रोसेसन की गाड़ियां रही, जो सुबह में जुलूस समाप्ति के बाद सड़को पर जैसे तैसे खड़े कर दिए गए थे। जाम हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन जूझता दिखा। जाम के कारण गाड़ियों का आना जाना प्रभावित रहा।

### आग से कई एकड़ गेहूं जलकर राख

इचाके । जलौंध गांव में गेहूं खेत में आग से कई खेत में लगे गेहूं जलकर राख। आग गुरुवार 4 बजे लगी। रामनवमी मनाने को लेकर ग्रामीण व्यस्त थे। तभी कुछ लोगो को अचानक आग लगे हुए गेहूं पर नजर पड़ी, आनन फानन में दर्जनों ग्रामीण आग को पानी से बुझाने की प्रयास किए लेकिन आग की लपेटे और हवा की झोंके इतने थे की चंद ही मिनटों में सैकड़ो बोझा और एकड़ो में लगी गेहूं जलकर राख हो गया।

# रामगढ़ जिले में रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न




रामगढ़ । रामगढ़ में बुधवार को रामनवमी उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने बताया कि बुधवार शाम से ही महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने झांकियों और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए अपने वोलेंटियर को बगड़िया कॉम्प्लेक्स स्थित मंच के आस पास तैनात किया । भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करते दिखे और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। झांकियों के अध्यक्ष और सचिव को बारी बारी महासमिति के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र, पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया। महासमिति के मंच पर जिले भर के कई नेता और जाने माने व्यवसाई,प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवियों का भी स्वागत किया गया।

### भुरकुंडा राज नर्सिंग होम में शिविर 22 को



भुरकुंडा (रामगढ़)। पारस एचईसी रांची तथा लायंस क्लब भुरकुंडा के सहयोग से भुरकुंडा मेन रोड ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। शिविर में बीपी, आरबीएस-2, ईसीजी, पल्स रेट की जांच और वजन मापी जायेगी। साथ ही चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उचित परामर्श भी दिया जाएगा। लायन डॉ राजेंद्र महतो ने भुरकुंडा कोयलांचचल सहित आसपास क्षेत्र लोगों से उक्त शिविर में समय पर पहुंचकर लाभ उठाने क अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6287797405 जितेंद्र से संपर्क करने की बात कही है।

# कुजू में निकला भव्य जुलूस



कुजू। कुजू व आस पास के क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर बुधवार देर शाम व गुरूवार को विभिन्न स्थानों से भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान क्षेत्र श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती, श्री राम चौक, केबीगेट, आरा, सारूबेड़ा, चटनिया बस्ती, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, करमा आदि स्थानों से गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। रामनवमी को लेकर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती द्वारा इस बार भव्य रूप से विशाल बजरंग बली की प्रतिमा के साथ भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमान जी की प्रतिमा को भी सुसज्जित वाहन पर सवार कर क्षेत्र में घुमाया गया। हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा जुलूस में श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। वही श्री राम चौक, केबीगेट में भी भव्य जुलूस निकाला गया था। महावीर मंडल का जुलूस विधिवत बजरंग बली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद निकाला गया, जो क्षेत्र के कुजू बस्ती, डटमा मोड़, होते हुए कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर आकर समाप्त हो गया। वहीं गुरूवार को कुजू शिव मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को वाहन में सवार कर क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। बाद में छठ बड़ा तालाब में विसर्जित कर दिया गया।

### छोटकी पोना में नाटक का विधायक ने किया उद्घाटन



रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड के बोरोबिंग पंचायत स्थित ग्राम छोटकी पोना में बुधवार की रात रामायण नाटक का उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, ग्राम विकास समिति के संयोजक युगेश महतो, बढ़न राम दांगी, बासुदेव महतो, अध्यक्ष अशोक राम बेदिया, मोती लाल, अशोक कुमार, संजय नायक, मनोहर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलाकारों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित सभी पहलुओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया। ग्रामीणों ने बताया कि इसे देखने से हमलोगों को नाटक से प्रेरणा मिलती है। कलाकार राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान व रावण के वेशभूषा में बहुत आकर्षक लग रहे थे। विधायक ने कहा कि नाटक जैसे धार्मिक, समाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास का वातावरण हो जाता है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड हेरिटेज डे

**▸▸ विरासत को बचाना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेवारी : एसके चौधरी**

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया। बच्चों को हेरिटेज डे मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। उनके बीच हेरिटेज पर आधारित पेंटिंग, भाषण और क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता कराई गई।

स्कूल के एकेडमिक निदेशक एसके चौधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं धरोहरों से पता चलती है। हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि विरासत अतीत का खजाना है। आनेवाली पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण करना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। अपनी ऐतिहासिक इमारतों, संस्कृति, धरोहरों और स्मारकों की खूबसूरती को बरकरार रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि ये इमारतें या धरोहर हमें हजारों वर्ष पहले के इतिहास की झलक दिखाती हैं। इन्हें बचाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को इनके महत्व के बारे में बता सकते हैं। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, देखभाल का अभाव, लोगों द्वारा घूमने के दौरान दीवारों पर लिख देने आदि के कारण इनकी खूबसूरती प्रभावित हो रही है। बताया कि भारत में 3691 हेरिटेज हैं। जिसमें से 40 को यूनेस्को ने अपनी लिस्ट में रखा है।

उन्होंने ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, बुलंद दरवाजा, हवा महल आदि के बारे में कहा कि इन हेरिटेज का देश की जीडीपी में योगदान होता है। क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में अंकित चौधरी, शुभम सिंह, अदिति कुमारी, सानिया परवीन, संजीव कुमार मेहता, सुमित मुंडा विजयी घोषित किये गए।

## एक नजर में

### दारु : राम धुन पर रात भर झूमते रहे भक्त



दारु। प्रखंड में रामनवमी की रात ाार तीस घंटे तक राम धुन मे झूमते रहे रामभक्त। प्रखंड के दारु बक्शीडीह, छोटका इरगा, दारु खैरिका,बासोबार, झुमरा, जिनगा, कवालु, कबलासी के गाडी साडम आदि जगहों से एक से बढ़कर झांकी निकाली जिसने दर्शकों को मंत्रमुघध कर दिया।बुधवार की रात्रि को आठ बजे झंकियों के निकलने का सिलशीला सुरु हुआ जो की अगले दिन गुरुवार को दोपहर मे समाप्त हुआ। इस दौरान जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारो से क्षेत्र गूँजता रहा। भगवा झंडा और अस्त्र शस्त्र लिए रामभक्त रात भर झूमते रहे। थाना प्रभारी शफीक खान रहे सक्रिय- दारु थाना प्रभारी शफीक खान जुलुस के दौरान विधि ब्यवस्था बनाये रखने के लिए दलबल के साथ काफी सक्रिय नजर आये। थाना प्रभारी हर अखाड़ा मे जाकर रामभक्तो से मिलते रहे और उनका सहयोग करने के साथ हौसला बढ़ाते नजर आये। रामनवमी पूजा समिति बक्शीडीह के अखाडा मे थाना प्रभारी को पगड़ी पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी रामभक्तों के साथ लाठी खेलते भी नजर आये। **हर्ष अजमेरा ने बढ़ाया रामभक्तो का हौसला:** आरोग्यम अस्पताल के मालिक और समाज सेवी हर्ष अजमेरा बुधवार को दारु बक्शीडीह साहित अन्य अखाड़ों मे जाकर रामभक्तो की टोली से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। अजमेरा ने इस दौरान कहा की शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों मे भी रामनवमी का त्योहार बड़े हर्ष और जोश के साथ मनाया जा रहा है जिसमे हर वर्ग के लोगो का सहयोग है जिसे देखकर उन्हे आनंद की अनुभूति हुई।

### झांकी व जुलूस को लेकर सीओ ने की बैठक



बड़कागांव। बड़कागांव मुख्यालय में गुरुवार देर रात निकालने वाली झांकी एवं जुलूस को लेकर सीओ बालेश्वर राम की अध्यक्षता व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह की संचालन में थाना परिसर में जुलूस निकालने के पूर्व शांति समिति की बैठक हुयी। बैठक में अखाड़े के पदाधिकारियों को प्रशासन के द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जुलूस मार्ग का विशेष ख्याल रखना,कानून का उल्लंघन नहीं करने,शराब से दूर रहने के अलावा कई महत्वपूर्ण सलाह दिए गए। इस दौरान अखाड़े के लोगों ने प्रशासन से पेयजल एवं रोड को मरम्मत कराने की सुझाव दिया गया। बैठक समाप्ति पश्चात थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया एवं रोड के मरमति तथा पेयजल उपलब्ध समय पर पूरा कर लेने की बात कही है।वही विधि व्यवस्थ को लेकर बड़कागांव में झांकी और जुलूस में अति संवेदनशील 6 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। ताकि जुलूस की निगरानी के साथ शरारती तत्वों पर नजर रखा जा सके।बैठक में इंस्पेक्टर अनिल कुमार,महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,तकरीमुल्लाह खान , विशाल ठाकुर,सरोज सोनी,संतोष सोनी,पिंटू गुप्ता,सुभाष राणा,उदय मेहता,नागेंद्र कुमार,नवीन ठाकुर, रंजीत कुमार,रवि पासवान,अन्नू विश्वकर्मा,पंकज कुमार,मनोज सोनी ,तिलक रजक,छोटू विश्वकर्मा, नंदन कुमार,अबरार रजा,अवध किशोर कुमार के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

### चरही में विजयादशमी पर निकली झांकी

चरही। कोयलांचल और चरही क्षेत्र में रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गुरुवार विजयादशमी के दिन शाम को चरही हनुमान मंदिर परिसर में महावीरी झंडों और लाठी, तलवार,भाला सहित अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र तथा जयकारे का उद्घघोष के साथ राम भक्त हनुमान मंदिर प्रांगण में इकट्ठा हुए।और भगवान राम,सीता और हनुमान की प्रतिमाओं को वाहन पर सजाया गया।शाम सात बजे गाजे-बाजे,बैंजु और ताशा पार्टी के साथ जुलूस राम-सीता,लक्षण और हनुमान के जयकारे का उद्घघोष करते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों ने पारंपरिक अस्त्र शस्त्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए जुलूस देर रात तक भ्रमण करता रहा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जुलूस का स्वागत भव्य किया। साथ ही राम भक्तों को पानी शरबत पिलाए।उसके बाद कला कौशल प्रदर्शन के बाद दूसरे दिन एक्कादशी को जुलूस पुन:हनुमान मंदिर वापस पहुंचे।जहां पर विधिवत संपन्न किया गया।चरही पुलिस विधि-व्यवस्था को देखते हुए रात भर गस्ती करती रही।पूजा को संपन्न कराने में पूजा कमिटी के अध्यक्ष कुलेश्वर करमाली,उपाध्यक्ष किशुन महतो,रमेश करमाली, अनिरुद्ध प्रकाश शर्मा,सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह,उप सचिव ओम कुमार सिन्हा, शिव कुमार यादव,संतोष रविदास, राजू करमाली,कोषाध्यक्ष रामदेव महतो,उपकोषाध्यक्ष इंदर करमाली,संरक्षक जिप सदस्य बासुदेव करमाली, उमेश कुमार सिंह,अजित सिंह, भुनेश्वर ठाकुर सहित खोखा सिंह,लखराज सिंह, प्रकाश ठाकुर, रोहन ठाकुर,मनोज ठाकुर दिलचन्द रविदास, मेघनाथ करमाली तथा जिला और पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही है।उपरोक्त पूजा कमिटी के लोगों ने कहा कि रामनवमी पर्व भाईचारगी का संदेश देता है।और प्रत्येक वर्ष इस पर्व को सभी समुदाय के लोग एक साथ मिलकर मनाते आ रहे हैं।

### सांढ़ छपेरवा में जागरण के साथ यज्ञ संपन्न



बड़कागांव। प्रखंड के ग्राम सांढ-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत सह बाबा विश्वकर्मा देव की महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।यज्ञ के नौवें दिन भक्ति जागरण में कई मनमोहक झांकी के साथ दर्शकों को मनमोहा एंव भक्ति,भोजपुरी,नागपुरी गीतों से लोगों का बबन छेला ने मंत्रमुग्ध किया। शांति और सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी,पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,उपप्रमुख बचनदेव कुमार,मुखिया सुलेखा देवी,पंसस उपेन्द्र कुमार,यज्ञ पूजा अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद दांगी,सचिव पूरन महतो,कृतियानन्द महतो,मुटुकधारी महतो,भीखन महतो,कार्तिक महतो,उपमुखिया हेवन्ती देवी,सजंय मेहता,श्याम नंदन किशोर,शंकर प्रसाद मेहता,महेंद्र विश्वकर्मा,कुलदीप विश्वकर्मा,सजंय कुमार,संतोष महतो,ओमप्रकाश कुमार,राजीव कुमार रंजन,ओमकार कुमार,रंजीत कुमार,पीयूष रंजन, मनोज कुमार मानव,वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार,वार्ड सदस्य अंजू कुमारी,विजय कुमार,साउंड प्रो .पप्पू कुमार,हिरामन कुमार,अमित कुमार,पूनम कुमारी, गिन्नी वर्मा,पूनम देवी,गिरेन्द्र प्रसाद,मनोज कुमार, प्यारे राम पासवान,विनय कुमार ,मनोज पासवान,तापेश्वर कुमार, विष्णु दयाल कुशवाहा,गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु,अक्षय कुमार रामचरित्र प्रसाद,विकाश कुमार,मीडिया प्रभारी आनंद राज सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड के सुभाष चौक पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा आयोजित रामनवमी पूजा समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने दुर्गा मंडप के समीप मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्रतिमा का अनावरण किया। शांति क्लब गांधी चौक के सदस्यों और बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि स्वागत से हुई और मुख्य अतिथि श्री तिवारी को हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष और महासमिति अध्यक्ष ने गदा भेंट की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित नाटक, नृत्य और गायन की प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## रामनवमी पूजा हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में श्रीराम नवमी पूजा मेला महोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां जय श्रीराम - जय वीर हनुमान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा लोग उल्लास उमंग में झूमते-गाते भक्तिसागर में गोता लगाते रहे। साथ हीं, सनातन धर्मावलंबियों ने विधिवत पूजोपचार पूर्वक अपने- अपने घरों में महावीरी झंडों को लगाये। टंडवा, सराढू, गाडिलौंग,किसुनपुर, मिश्रौल समेत अन्य जगहों में भव्य मेला आयोजन किया गया जहां मनोरम झांकियों को देखने के लिये लोग लालायित रहे। किसुनपुर मेलाटांड में रामायण पर आधारित माता सीता का हरण व माता शबरी का श्रीराम प्रेम जैसे प्रसंगों पर आधृत जीवन्त झांकियों को देखकर लोग अभिभूत रहे। मंचासीनों द्वारा क्षेत्रीय कलाकारों के शानदार अभिनय की मुक्तकंठ प्रशंसा की गई एवं मेला महासमिति की ओर से सभी को पुरस्कृत किया गया। अनुपालन कराने हेतु पूजा समितियां व प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय दिखाई दिया। प्रशासन की ओर से सभी आयोजन स्थलों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी एवं गश्ती दल भ्रमणशील रहे। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं है।

## कौलेश्वरी पर्यटक स्थल पर किया गया 101 कन्या का पूजन

**चतरा।** हंटरगंज स्थित कौलेश्वरी पर्यटक स्थल पर बुधवार को महागौरी पूजन के बाद 101 कुंवारी कन्याओं की पूजा-अर्चना की गई। कौलेश्वरी मंदिर के पूजारी संदीप मिश्रा ने बताया कि कुंवारी कन्याओं के पूजन के बिना शक्ति की उपासना सार्थक नहीं होती है। कन्या पूजन के दौरान कौलेश्वरी विकास प्रबंधन कमेटी के सदस्य और दर्जनों कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। मिश्रा ने आगे बताया कि उक्त पर्यटक स्थल पर प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र और आश्विन माह के नवरात्र में कन्या पूजन विधिवत किया जाता है।

## जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से गूंजा कान्हाचट्टी

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के दस में से सात पंचायतों में रामनवमी की जुलूस बुधवार को पूरे श्रद्धा से निकाली गई। सुबह से ही लोग राम जन्मोत्सव की तैयारी में लग गए और मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा पाठ में लग गए। कई जगहों पर हनुमान चालीसा का पाठ तो कहीं राम जी की आरती ₹उतारूँ ए सखी है उतारूँ ए सखी,राजा राम जी की आरती उतारूँ ए सखी' आरती के साथ रामजी की जन्म उत्सव पूरे श्रद्धा से मनाया गया। शाम होते ही जुलूस निकाला गया और जुलूस में भक्त जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से प्रखंड भक्ति मय हो गया। डोंडागड़ा, कान्हाकला, कान्हाचट्टी, सिमरडीह, तुलबुल, चिल्हिया, गड़िया, बाराबागी, बक्लुम्बा सहित सात पंचायतों में जुलूस निकला। वहीं तीन पंचायत राजपुर, कोल्हैया और कैंडीनगर में दशवी को जुलूस निकाला गया।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में सी-विजिल एप्प से करें शिकायत : मेघा भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने को लेकर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है, जिसमें जन शिकायत/सी-विजिल एप्प/सहायता कोषांग भी गठित है। इस कोषांग के माध्यम से सी-विजिल एप्प/पोर्टल पर आने वाले शिकायतों का चरणाबद्ध तरीके से निवारण किया जाता है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी देने के लिए चुनाव आयोग द्वारा सी-विजिल एप्प नाम की मोबाइल ऐप बनाया गया है, फोटो या 2 मिनट तक का वीडियो ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। फोटो या वीडियो अपलोड होते ही उस जगह का लोकेशन मिल जाती है। अपलोड होने के बाद यूजर को एक यूनिक आईडी दिया जाता है, जिसके जरिए वे मोबाइल पर ही अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। एप्प में रिकॉर्डेड वीडियो या फोटो को अपलोड नहीं किया जा सकता है, ताकि ऐप का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। इसके अलावा सी-विजिल एप्प ऐप के जरिए रिकॉर्ड किए गए वीडियो या फोटो भी फोन गैलेरी में सेव नहीं होता है।




**100 मिनट में हो रहा समाधान :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकर्ता जो भी वीडियो या फोटो भेजते हैं, उसे 5 मिनट के अंदर सम्बंधित एफएसटी/एसएसटी को भेज दिया जाता है, स्थानीय स्तर पर शिकायत सही मिलने पर 100 मिनट के अंदर ही उस समस्या का समाधान किया जा रहा है। इसके लिए अनुमंडल स्तर पर सी-विजिल एप्प, जनशिकायत, जनसहायता कोषांग का गठन किया गया है, जिसमे रोस्टर वार तीन शिफ्ट में कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। कोडरमा जिला में कई शिकायतें प्राप्त हुए हैं, जिनका सही पाये जाने पर त्वरित निष्पादन किया गया है।

**सी-विजिल एप्प में किस तरह की शिकायत कर सकते हैं :** सी-विजिल एप्प के मायम से बन्दुक का प्रदर्शन, धमकी देना, भडकाऊ भाषण, पेड न्यूज़, गिफ्ट बांटना, शराब वितरण, रुपये बांटना, सम्पति वितरण, फर्जी खबर फैलाना, मुफ्त परिवहन इत्यादि की शिकायत किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं सफल संपन्न कराने को लेकर सी-विजिल एप्प के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत करें।

**मतदाताओं की समस्याओं का हो रहा है निराकरण :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन से सम्बंधित जनसहायता हेतु टोल फ्री नं. 1950 में अबतक 294 कॉल प्राप्त हुए है, जिनमें अधिकतम मामला वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने से सम्बंधित है, जिसका ऑन कॉल समाधान किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी लेने हेतु टोल फ्री नं.- 1950/065341950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नगर परिषद् झुमरी तिलैया एवं नगर पंचायत कोडरमा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप टीम द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे एवं एपीक कार्ड चेक किया गया। साथ ही जिन मतदाताओं का एपिक कार्ड नहीं है, उनका ऑन स्पॉट पपत्र-06 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन आगामी 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं जेएसएलपीएस की सखी दीदियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया। मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट के माध्यम से मतदाता मतदान करने की प्रक्रिया, सी-विजिल एप्प, निर्वाचन से संबंधित टोल प्री नं 1950, वोटर हेल्पलाइन एप्प, ईवीएम वीवीपैट आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी ने बीजेपी पर साधा निशाना

## कहा प्रत्याशी अपनी काबिलियत पर नहीं मोदी के नाम पर मांग रहे हैं वोट

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** इंडिया गठबंधन की ओर से चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने हंटरगंज प्रतापपुर और कुंदा प्रखंड में गठबंधन नेताओं के साथ कोऑर्डिनेशन कमिटी की तैयारी को लेकर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है और भाजपा संविधान को बदलने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने भाजपा पर बेरोजगारी बढ़ाने, किसानों पर अत्याचार करने और महिलाओं को असुरक्षित बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का गठन देश के लोकतांत्रिक प्रणाली और संविधान को बचाने के लिए किया गया है।

केएन त्रिपाठी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने एक दवा कंपनी को चार लाख करोड़ का काम देकर सीधे तौर पर 10% घूस के रूप में हजार करोड़ लेकर उसे छोड़ दिया और इस घूस की राशि को इलेक्ट्रोल बांड नाम दे दिया।



उन्होंने भाजपा पर ईडी और सीबीआई जैसी राष्ट्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन के नाम पर पावर और पैसा के सहारे रूस और चीन के तर्ज पर स्थाई रूप से सत्ता पर काबिज होना चाहती है और संविधान बदलना चाहती है ताकि ना कोई विपक्ष रहे और ना कोई विरोध करें। उन्होंने कहा कि भाजपा पुराने और अनुभवी लोगों को टिकट न देकर नए चेहरों को लाकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है और जिसका खामियाजा विगत 10 वर्षों से चतरा की भोली-भाली जनता भुगत रही है।

उन्होंने कहा कि उनके जेहन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है और वह देशभक्ति से ओतप्रोत लोगों के अधिकार व स्वाभिमान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कोयला और बिजली दूसरे राज्यों में जाता है और युवा रोजगार के लिए बाहर जाते हैं, लेकिन वापस उनके शव ही आते हैं। इस परंपरा को बदलने और युवाओं को स्थानीय रूप से रोजगार उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, युवा जिला अध्यक्ष मोती लाल पासवान, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, कमल कुमार केशरी, भूपेंद्र कुमार जिप सदस्य सुरेश पासवान, प्रमुख पति कमलेश कुमार यादव, भूपेंद्र कुमार भूप, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मुखिया बसंती पन्ना, दीपा भारती, चैतु यादव, बिरजू सिंह, नरेश यादव, दिनेश कुमार सिंह, संजय दांगी, दिलीप कुमार दास, रणु दास, राजू दास, सेराज उद्दीन अंसारी इदरीस अंसारी, मो जब्बार, मो ओबैदुल्लाह, मो फैयाज, डॉ आरिफ, मो सरमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन चुनाव संचालन समिति का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबन्धन ने जिलास्तर पर चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, जेएमएम, कांग्रेस, भाकपा-माले, सीपीआई-सीपीएम, आप, भारत नौजवान सभा की संयुक्त बैठक में 38 सदस्यी संचालन समिति की घोषणा की है। चुनाव संचालन समिति संयोजक की कमान राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव को सौंपी गई है। जबकि सह संयोजक की जिम्मेवारी जेएमएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान और सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक को बनाया गया है। वहीं इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन कोडरमा सीट पर मुस्तैदी से चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन के साथी सामंजस्य स्थापित कर चुनावी रणनीति धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ जनता का आक्रोश है और जनता बदलाव के पक्ष में इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को जिताने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में राजद, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, सीपीएम-सीपीआई समेत आम आदमी पार्टी का अपना जनाधार है। गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जिलास्तर पर बनी रणनीति को हर बूथ तक ले जा रहें है। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर बनी चुनाव संचालन समिति टीम इंडिया के रूप में कार्य करेगी और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को कोडरमा विाानसभा से जीत सुनिश्चित कराएंगे।

**38 सदस्यी चुनाव संचालन समिति गठित :** इंडिया गठबंधन के चुनाव संचालन समिति में संयोजक-रामधन यादव, सह संयोजक-वीरेंद्र पांडेय, भागीरथ पासवान, प्रकाश रजक होंगे। जबकि सदस्य में जेएमएम से श्यामदेव यादव, रमेश प्रजापति का नाम बतौर सदस्य शामिल हैं।

### एकदिवसीय दौरे पर कुंदा पहुंचे महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी

# एक एक आमजन का कर्जदार हूं, आशा व विश्वास टूटने नहीं दूंगा: केएन त्रिपाठी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को कुंडा पहुँचे। सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को टिकट मिलने पर कार्यकताओं ने उनसे मिलकर आभार जताया। इस दौरान कार्यकताओं ने पारंपरिक तरीके से फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सांसद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने टिकट मिलने पर जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को पार्टी ने टिकट दिया है। महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा का ग्राफ बहुत तेजी से नीचे आएगा। भाजपा प्रजातांत्रिक पद्धति को खत्म करना चाहती है। वही वन नेशन वन इलेक्शन नहीं बल्कि वन नेशन नो इलेक्शन चाहती है भाजपा। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर करोड़ों रुपए चंदे के रूप में घुस लिए हैं जिसका खुलासा सुप्रीम कोर्ट ने किया है। अब ये लोग कितना झूठ बोलेंगे। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति का गठन कर यहाँ की समस्याओं को प्रमुखता से रखूँगा।

वही जनता के बीच हमेशा भाई बनकर हर सुख-दुख में सहभागी बना रहूँगा। ज्ञात हो कि केएन त्रिपाठी डालटनगंज से विधायक और झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रह चुके हैं। विभिन्न पार्टियों के आधे दर्जन समर्थकों ने कांग्रेस का दामन थामा। वहीं प्रत्याशी ने कार्यकताओं को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। दौरे के क्रम में जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, समाजसेवी जयराम भारती, भोला साव, पूर्व मुखिया खेदू यादव, बैजनाथ यादव, अर्जुन पासवान, प्रबिल साव, संजय भारती समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# चतरा में रामनवमी के मौके पर निकाली गई आकर्षक झांकी







खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। डीजे और ताशों की आवाज के बीच जय श्रीराम और जय-जय हनुमान के जयघोष गूंजते रहे। शहर की सड़कें और दुकानें महावीरी पताकों से सजी हुई थीं, जिससे पर्व की तैयारियों में चार चांद लग गए। महावीर मंदिरों और घरों में महावीरी पताका का ध्वजारोहण किया गया। देर रात दर्जनों क्लबों द्वारा भव्य झांकियां निकाली गईं, जिन्हें देखने के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जुलूस में विभिन्न प्रकार के खेलों के प्रदर्शन के दौरान खिलाड़ियों के घायल होने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए केंद्र बनाए गए थे। जिला प्रशासन ने अस्थायी नियंत्रण कक्ष बनाया था, जहाँ से पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी जुलूस पर पैनी नजर रख रहे थे। सबसे बेहतर झांकी, बेहतर साउंड और बेहतर करतब दिखाने वाले क्लबों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया।

एक नजर में

## महिला समिति का किया गया गठन

**कोडरमा।** रामनवमी महासमिति के द्वारा महिला समिति का गठन किया गया, जिसमें महिला समिति का अध्यक्ष सुषमा सुमन को बनाया गया। सुषमा सुमन ने सभी महासमिति सदस्य को धन्यवाद दी और मातृशक्ति को आत्मरक्षा से लेकर राष्ट्र सुरक्षा तक नारी शक्ति का छुपा हुआ हुनर आगे लाने के लिए एक अखाड़ा समिति का निर्माण किया। जिसका नाम है झांसी की रानी अखाड़ा समिति रखी गयी है। यह समिति द्वारा लाठी चलाने, तलवार चलाने के लिए एक प्रशिक्षण शिविर चलाई और यह सभी शिविर सुबह शाम दोनों समय चली। इसमें सभी उम्र के लोग प्रशिक्षण में भाग लिए और 17 अप्रैल रामनवमी के दिन झंडा चौक पर बेटी, बहन से लेकर मातृशक्ति सभी उम्र के लोग नारी शक्ति ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला ही नहीं पूरे भारत में संदेश दी। वहीं योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की सभी बेटियों, बहनों और माताओं में एक नई जोश और उत्साह भरी हुई थी। इस कार्य में सहयोग देने वाले प्रशिक्षक आशीष घोष, विजय बर्णवाल, मुरली मोदी, सुभाष गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. जेपीएन बर्णवाल, पूर्व जिला न्यायाीश अर्जुन मोदी और प्रतिभागी भाग लेने वाले गायत्री देवी, राखी सिन्हा, सुहानी कुमारी, अन्वी कुमारी मोदी, प्राणिक कुमारी, एंजेल अनुसा, श्रेया कुमारी, निष्ठा मोदी, पूजा कुमारी, संस्कृति मोदी, पलक मोदी, आकृति सिन्हा, कृति सुमन जूही सुमन, रौनक यादव, अशोक बर्णवाल, संगिनी कुमारी, श्रेयांश कुमारी, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, पूजा कुमारी, सोनिका देवी, यह प्रतिभागी लोग में झंडा चौक पर अच्छे प्रदर्शन करते हुए और झांकी में शामिल होने वाले लक्ष्मी देवी, सरिता बर्णवाल, ममता मोदी, संगीता बर्णवाल, ललिता बर्णवाल, कविता बर्णवाल, नमिता बर्णवाल, शारदा देवी डॉ.सीमा, रीना देवी, रीमा देवी, कुसुम देवी, पम्मी देवी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोकसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत रूपायडीह पंचायत के चदरा पिपराडीह, कटिया गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को झंडा में तीन तारा पर बटन दबाने एवं आर्थिक सहयोग का अपील किया गया। वहीं राज्य कमेटी सदस्य मो.इब्राहिम ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव में एक तरफ धनबल है और दूसरे तरफ जनबल है। इंडिया गठबंधन जन बल के सहयोग से चुनाव जीतकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की जनता की आवाज देश के संसद में गूंजेगी। वही आवाज गांव में शहरों में सड़कों में भी सुनाई पड़ेगा। भाजपा सरकार के मोदी की गारंटी फेल है, प्रत्येक चुनाव में नए-नए जुमले गढ़े जाते हैं। 2014 के चुनाव में महंगाई कम होगी प्रत्येक नागरिकों के खाते में 15,15 लाख रुपए आएंगे, अच्छे दिन आने वाले हैं, सभी गारंटी फेल जुमला साबित हुआ। वहीं लोगों से अपील किया गया कि ऐसा सांसद चुने जो आपके क्षेत्र के गंभीर सवालों को सदन में उठा सके और आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आपके सुख दुःख का भागीदारी बने। अभियान में सिकंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगमोहन महतो, चांद अख्तर, रॉबिन अंसारी, मुन्ना सिंह, मोहन दत्त, हकीम खान, शंभू नाथ वर्मा, श्रीकांत ठाकुर, इस्लाम अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

## रामनवमी महासमिति ने झांकियों को किया सम्मानित

**इटखोरी।** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में मनमोहक झांकियां निकाली गई। मिट्टी की प्रतिमाओं से बनाई गई स्थाई व जीवंत झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। रामनवमी महासमिति के द्वारा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को पगड़ी पहनाकर तथा गदा भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रखंड मुख्यालय में निकाली गई झांकियों भी को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। झांकियों के आयोजन का सिलसिला सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ। करनी आदि गांव में शाम ढलने से पहले ही समितियों ने अपनी अपनी झांकियां निकाल दी थी। इन झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में शाम ढलने के बाद झांकियों का आयोजन शुरू हुआ। चट्टी मोहल्ला के द्वारा भगवान राम व हनुमान जी की झांकी निकाली गई। वही धनखेरी गांव ने सुसज्जित रथ पर आकर्षक झांकी निकाली। जबकि करनी गांव के द्वारा शराब निषेध पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भावपूर्ण झांकी निकाली गई थी। झांकी के आयोजन को देखते हुए रामनवमी महासमिति एवं प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था कर रखी थी। रामनवमी महासमिति के मंच पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने इटखोरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा, थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह, युवा व्यवसाई भानु प्रताप सिंह तथा रशीक शिरोमणि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य दिलीप कुमार साव, मुखिया योगेश्वर दांगी, महासमिति के अध्यक्ष संजय शर्मा, महासचिव टुन्नी सिंह, सतीश सिंह, उपाध्यक्ष श्यामु सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, संरक्षक मृत्युंजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मन्टू दांगी, शक्ति सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। झांकियों के संचालन के पश्चात धनखेरी, करनी तथा चट्टी मोहल्ला की झांकी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महासमिति के अखाड़े में लाठी तथा तलवार संचालन का प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को भी मोमेंटो प्रदान किया गया। झांकियों के संचालन के दौरान समिति के अखाड़ों द्वारा परंपरागत अस्त्र शस्त्र का भी जमकर प्रदर्शन किया गया। रात एक बजे तक प्रखंड मुख्यालय झांकीमय बना रहा। झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला पुरुष पहुंचे हुए थे।

## करंट लगने से मजदूर की मौत

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जोगियारा पंचायत के मैरागकला गांव में बुधवार देर शाम को 40 वर्षीय बुधन भारती की करंट लगने से मौत हो गई। बुधन अपने घर में सो रहे थे, तभी अचानक हाई वोल्टेज आने से बिजली का तार टूटकर उन पर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हाई वोल्टेज बिजली आने से दो अन्य लोग भी घायल हो गए। मृतक बुधन भारती को पत्नी समेत पांच बच्चे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है और प्रभावित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## शादी घर में अपराधियों ने मचाया उत्पात, जेवर समेत नगद रूपए लूटकर फरार

**चतरा।** चतरा में अपराधियों ने एक शादी घर में घुसकर अचानक धावा बोल दिया। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों से मारपीट कर जेवर समेत नगद रुपये लूट लिये। घटना बुधवार देर रात सीरम गांव की है। फिलहाल पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चला रही है। वहीं, इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। दरअसल पूरा मामला ये है कि चतरा के सदर थाना क्षेत्र के बरैनी पंचायत के सिरम गांव में अशोक यादव के घर पर शादी थी। विवाह कार्यक्रम की वजह से गांव में काफी चहल पहल था। इस दौरान कुछ अज्ञात अपराधी अचानक उनके घर पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जब कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस वजह से कई लोग घायल हो गये। इसके बाद अपराधियों ने शादी के लिए बने जेवर और नगद 1 लाख रुपये लेकर फरार हो गय। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंच कर मामले की जानकारी ली और प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाशी में जुट गयी। जानकारी के अनुसार वे अपराधी अशोक के भाई जितेंद्र यादव को ढूंढ रहे थे। लेकिन जितेंद्र जिला मुख्यालय गया था। इस कारण उसकी जान बच गयी। बताया जाता है कि ये गिरोह क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से सक्रिय हैं और लगातार रंगदारी व लूटपाट की घटना को अंजाम देते रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## विधायक सरयू राय ने विभिन्न सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रामनवमी विसर्जन के अवसर पर साकची में बाल एकता मंच, श्री राम सेवा समिति सहित विभिन्न सेवा शिविर में शामिल हुए। इसके साथ ही सोनारी में महावीर एकता मंच, सोनारी सांस्कृतिक युवा मंच सहित विभिन्न शिविर में शामिल होकर भक्तों के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया।

## सीआईएसएफ अग्नि सुरक्षा सप्ताह का 20 को होगा समापन

**जादूगोड़ा।** यूसील की सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्नि शमन विभाग जादूगोड़ा यूनिट में 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित अग्नि सुरक्षा सप्ताह से बच्चे आग से बचाव के तरीके सीख रहे है वही यूसीलकर्मियों के बीच जागरूकता पैदा करने को लेकर जादूगोड़ा माइंस, प्रोसेसिंग प्लांट प्लांट समेत यूसील की निजी सुरक्षा गार्डों के बीच फायर डेमो की प्रदर्शनी की गयी ताकि क्षेत्र की आग से होने वाली क्षति से बचाया जा सके। इसकी अतिरिक्त परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा, दुडकू व माटीगोडा स्कूल बच्चो के बीच स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयीं। इस बाबत फायर इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह ने कहा कि यह अग्नि सुरक्षा सप्ताह (14-20 अप्रैल) चलेगा। जिसका समापन फायर विभाग परिसर में 20 अप्रैल को होगा।

## मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लेने की जरूरत : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर।** रामनवमी के विसर्जन के दिन मंत्री बन्ना गुप्ता शहर के विभिन्न अखाडा जुलूस में शामिल हुए, इस अवसर पर उन्हें कई जगह पगड़ी पहनाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है, प्रभु श्रीराम ने आदर्श जीवन हेतु कई सन्देश दिए है जो अनुकरणीय हैं, राम हमारे कण कण में है, हर जगह है, राम शास्त्व हैं, राम नाम अनंत है।

## प्रेम, त्याग, धैर्य, शौर्य और समर्पण का प्रतीक है रामनवमी : काले



**जमशेदपुर।** शहर के विभिन्न अखाड़ों ने गुरुवार को भव्य व श्रद्धामय तरीके से रामनवमी झंडा जुलूस निकाला। झंडा विसर्जन जुलूस का भव्य नजारा देखने को पूरा शहर मनों उमड़ पड़ा हो , जुलूस में झांकी, पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन एवं खेल, भक्ति जागरण के साथ नृत्य आदि कई मनोरंजक और आकर्षक धार्मिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न अखाड़ों के करतबबाजों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इस मौके पर हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक सह पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कई सेवा शिविरों का उद्घाटन किया व श्रद्धालुओं के बीच चना सरबत वितरण किया। इस पावन अवसर पर श्री काले ने भ्रमण करते हुए, श्री श्री हनुमान मंदिर समिति न्यू मार्केट टेल्को, श्री श्री वीर बजरंगबली मंदिर भुइंयाडीह, श्री राम बजरंग अखाड़ा नामता समाज, श्री श्री सार्वजनिक बजरंग अखाड़ा समिति रजक समाज, श्री कृष्ण मंदिर समिति पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी, श्री श्री संतोष अखाड़ा बमार्माइंस हरिजन बस्ती, बाल मंदिर समिति झंडा चौक साकची मार्केट साथ ही अन्य कई अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि भारतीय संस्कृति के पर्याय हैं श्रीराम, राम इस देश की आत्मा में रचे बसे हैं।

# उल्लास... जोश... और जय श्रीराम... के बीच विसर्जन जुलूस संपन्न

- मानगो में कई जगहों पर मुस्लिम समाज ने किया रामनवमी के जुलूस का भव्य स्वागत
- डीसी, एसएसपी रामनवमी विसर्जन जुलूस की खुद करते रहे निगरानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







साकची गोलचक्कर पर बने वाच टावर पर जुलूस की निगरानी करते बायें से जेएनएसी के उप-प्रशासक कृष्ण कुमार, एसएसपी किशोर कौशल, डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष और सिटी एसपी मुकेश लुणावत, सोनारी अखाड़ा के जुलूस में आग को शोला निकालने का करतब दिखाता एक युवक और मानगो मुंशी मोहल्ला मस्जिद के सामने से गुजरते रामभक्त।

**जमशेदपुर।** लौहनगरी में रामनवमी विसर्जन जुलूस पूरे उत्साह, जोश के साथ निकला। विभिन्न अखाड़ों के युवकों ने कई जोखिमपूर्ण करतब दिखाते चल रहे थे। पुलिस जगह-जगह मुस्तैद थी। मस्जिदों के सामने पुलिस एवं अद्‌र्धसैनिक बल के जवान तैनात थे। जमशेदपुर अपनी साम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिए भी जाना जाता है। इसकी झलक भी रामनवमी जुलूस में देखने को मिली। मानगो रोड नंबर 17 के पास मुस्लिम बहुल इलाकों में आजादनगर शांति समिति और ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के साझा आयोजन में जवाहरनगर रोड नंबर 14 के चर्चित तरुण अखाड़े का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हिन्द आइटीआई के निदेशक डा ताहिर हुसैन की अगुवाई में उनके आइटीआई छात्रों ने पुरे उत्साह से जुलूस में शामिल लोगों की शीतल पेय पिलाकर सेवा कार्य किया।

विसर्जन जुलूस को लेकर पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल, सीनियर एसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश लुणावत, एसडीओ पारुल सिंह अपनी टीम के साथ दिन भर सक्रिय रहे।

रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा के मद्देनजर डीसी अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा परसुडीह, जुगसलाई, बिष्टुपुर, साक्ची, मानगो आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया गया। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनन्त कुमार समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। जिले के वरीय पदाधिकारियों ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराने, सतर्कता एवं तत्परता से ड्यूटी पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिये । निरीक्षण के क्रम में अखाड़ा समितियों से निर्धारित रूट एवं तय समय के बीच जुलूस संपन्न कराने की अपील की गई। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर रामनवमी विसर्जन जुलूस की वीडियोग्राफी तथा सीसीटीटी से निगरानी के अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जा रही ताकि असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार से व्यवधान न डाल पायें। जोनल दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रहते हुए जुलूस की निगरानी कर रहे ताकि ससमय विसर्जन संपन्न किया जा सके।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने सरयू राय से लिया आशीर्वाद

# विधायक सरयू बोले- बहू को घर परिवार में आशीर्वाद और स्नेह मिलना स्वाभाविक बात

- धनबाद में भाजमो की उम्मीदवारी पर पार्टी की बैठक जल्द, कार्यकर्ता लेंगे निर्णय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





सरयू राय का पैर छूकर आशीर्वाद लेती अनुपमा सिंह और उनके पति जयमंगल किशोर और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के सर पर हाथ रख आशीर्वाद देते सरयू राय।

**जमशेदपुर।** आज एक बड़े राजनैतिक घटनाक्रम के तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव की सबसे हॉट सीट बन चुके धनबाद की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह अचानक अपने पति संग जमशेदपुर पहुंच कर विधायक सरयू राय से आशीर्वाद लिया। अनुपमा सिंह ने सरयू राय से आर्शीवाद लेने के पश्चात पत्रकारों से कहा कि सरयू राय और मेरे दिवंगत श्वसुर स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के बीच पारिवारिक रिश्ता है इस नाते मैं उनका आशीर्वाद लेने आयी हूं।

उनके मार्गदर्शन में ही मैं धनबाद से चुनाव लड़ूंगी ताकि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को बुरी तरह पराजित किया जा सके। अनुपमा और उनके पति विधायक जयमंगल किशोर उर्फ अनूप सिंह का सरयू राय के आवास पर जिस गर्मजोशी से स्वागत हुआ उससे राजनैतिक क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा शुरु हो गई है। सबसे बड़ी चर्चा है कि ढुल्लू महतो को चुनौति देने वाले सरयू राय कहीं अनुपमा सिंह को आगे कर चुनावी मैदान से कन्नी तो नहीं काट लेंगे। शायद इस आशंका को पहले ही सरयू राय भांप गए इसलिए उन्होंने पत्रकारों से स्पष्ट किया कि भाजमो ने धनबाद में कार्यकर्ताओं की बैठक ब ुलायी है जिसमें तय होगा कि धनबाद से चुनाव लड़ा जाना चाहिए अथवा कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दिया जाए। चुनाव लड़ने पर मैं व्यक्तिगत रुप से निर्णय नहीं ले सकता।

इसके पूर्व धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय से उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पी मिली। उनके साथ उनके विधायक पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह भी थे। कांग्रेस से लोकसभा का टिकट मिलने पर अनुपमा सिंह विधायक सरयू राय से आशीर्वाद लेने पहुंची थी। अनुपमा व अनूप सिंह दोनों ने सरयू राय का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अनुपमा सिंह ने कहा कि सरयू राय उनके गार्जियन है और एक बहु होने के नाते उनसे आशीर्वाद लेने पहुंची हूं। मेरे परिवार का सरयू राय से पारिवारिक रिश्ता रहा है। मेरे पति को भी जब पहली बार टिकट मिला था तो वे भी सबसे पहले सरयू राय जी से आशीर्वाद लेने जमशेदपुर आये थे। उसी रिश्ते के नाते धनबाद से लोकसभा का टिकट मिलने के बाद यहां पहुंची हूं। हमलोगों का एक ही मकसद है कि भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो को लोकसभा पहुंचने से किस प्रकार रोका जाए। यदि ढुलू महतो जैसे लोग लोकसभा पहुंचे तो धनबाद, बाघमारा व अन्य क्षेत्र का क्या हाल होगा सभी जानते है। इसलिए चुनाव में गार्जियन जैसा गाइड करेंगे।

## रामनवमी पर रघुवर से मिले मुंडा



केंद्रीय कृषि मंत्री सह खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा आज जमशेदपुर में ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास से उनके एग्रिको स्थित आवास पर जाकर मिले। दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। बातचीत एवं मुलाकात के बार अर्जुन मुंडा अपने क्षेत्र के लिए निगल गये।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट और शांति समिति ने अखाड़ों का किया जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तरुण अखाड़ा के नितिन त्रिवेदी व सहयोगियों का अभिनंदन करते ट्रस्ट एवं शांति समिति के पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना शांति समिति एवं ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से पारडीह चेपापुल के पास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी अखाड़ा जवाहरनागर रोड नंबर 14 तरुण संग त्रिवेदी अखाड़ा के लाइसेंसी नितिन चंद्र एवं पारडीह श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा के लाइसेंसी संजय मुखर्जी एवं उसके सदस्यों को शिविर में पगड़ी और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम ने खास तौर से पारडीह दुर्गा पूजा समिति के अपूर्व पाल, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सैयद आसिफ अख्तर, सरदार गुरुचरण सिंह और आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान, सैयद आलम, सेंट्रल पीस कमिटी की मेंबर डॉ निधि श्रीवास्तव, अशफाक आलम, हरपाल सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, हरपाल सिंह, रिजवानुल हक, ताहिर हुसैन,शेख बदरुद्दीन, सैयद साजिद परवेज, फिरोज आलम भी थे।

## हाता हल्दीपोखर में निकली भव्य शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांकिनी मंदिर हल्दीपोखर में झंडा जुलूस।

**पोटका।** प्रखंड के हल्दीपोखर, हाता, पोटका,कोवाली, बड़ा भूमरी,धिरौल सहित अन्य स्थानों में गुरुवार को श्री श्री रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस हर्सोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। संवेदनशील माने जाने वाले हल्दीपोखर में भी रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। यहां विजय बजरंग अखाड़ा के तत्वावधान झंडा विसर्जन जुलूस बजरंगबली मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार,चावल बाजार, दुर्गा मंदिर, कीर्तन मंदिर होते हुए रंकिणी मंदिर पहुंचा। वापसी में जुलूस भाया बागती पाड़ा, मुख्य पथ होते हुए कमल तालाब पहुंचा और झंडा को पूजा कर ठंडा किया गया। जुलूस में पुरे मार्ग पर उत्साही युवकों ने हैरतअंगेज खेल करतब दिखाये। इसके पूर्व विजय बजरंग अखाड़ा के लाईसेंसी रतन सोनकर, अध्यक्ष संतोष मंडल, सचिव कृष्णा गुप्ता व कोषाध्यक्ष विजय केड़िया को पगड़ी और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अखाड़ा द्वारा अतिथियों पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक अनंत राम टुडू, विभीषण सिंह सरदार, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्रनाथ सरदार, मनोज सरदार, रतन महतो, राजु कुंडू,सुमित श्रीवास्तव, रंजन गोप, सुबोध सिंह सरदार, सोमेन मंडल, सुदीप डे, महेंद्र सिंह सहित अन्य को माल्यार्पण व पट्टा देकर सम्मानित किया गया।

## हिंद आइटीआइ के विद्यार्थियों ने किया जुलूस का उत्साही स्वागत



श्रीराम भक्तों की सेवा करते हिन्द आईटीआई के मुस्लिम स्वयंसेवक।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर बड़ी धूम-धाम से रामलला का शोभायात्रा निकाला गया। मानगो मुस्लिम बहुल रोड नंबर-17 में हिन्द आईटीआई के संचालक डॉ मोहम्मद ताहिर हुसैन तथा उनके सभी छात्र एवं प्रबंधक कार्यकर्ता के द्वारा शर्बत,चना और गुड़ का वितरण किया गया। मौके पर अखाड़ा कमेटियों के पदाधिकारियों का फूल माला से स्वागत भी किया गया।

## मतदाता जागरूकता को बांगुर सीमेंट का नया मल्टी मीडिया कैंपेन लॉन्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नये मल्टी मीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट पर वोट का वचन के माध्यम से लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलो ग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है। इस संबंध में नीरज अखोरी,



बांगुर सीमेंट के सीइओ नीरज अखौरी।

मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा कि बांगुर सीमेंट का वोट सोलिड देश सोलिड कैंपेन और वोट का वचन शपथ हमारे ब्रांड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।

## एक नजर में

### मानगो : श्याम मित्र मंडल ने की रामभक्तों की सेवा



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो ने गुरुवार को मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन के पास सेवा शिविर लगाकर रामनवमी अखाड़ा विसर्जन जुलूस में शामिल हजारों श्रीराम भक्तों की सेवा की गयी। संस्था के अध्यक्ष महावीर अग्रवाल के नेतृत्व में ठंडा शरबत, पानी एवं प्रसाद चना-गुड का वितरण किया गया।

### जीण माता परिवार ने बांटे भोग और शरबत



**जमशेदपुर।** गुरुवार को रामनवमी अखाड़ा विसर्जन जुलूस के दौरान श्री जीण माता परिवार टाटानगर ने साकची बाजार जलेबी लाइन में आम लोगों के बीच ठंडा शरबत, पानी, आलुचप एवं खिचड़ी भोग का वितरण किया। मौके पर प्रमुख रूप से बजरंग लाल अग्रवाल, शंभु खन्ना, विनोद खन्ना, सुनील देबुका, प्रमोद खन्ना, पवन शर्मा, अनंत अग्रवाल, मनीष खन्ना, आशीष खन्ना आदि मौजूद थे।

### मैरीन ड्राइव के कचरों में लगी आग स्वास्थ्य के लिए भारी नुकसानदायक है : राकेश तिवारी



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस की प्रदेश सचिव खरसवां विधानसभा के प्रभारी कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने कहा कि सोनारी मैरीन ड्राइव पर कचरा डंपिंग एरिया में 24 घंटे से आग लगी हुई है और जहरीले धूआ से पूरी सोनारी वासी परेशान है। आग से जमशेदपुर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। टाटा स्टील और जमशेदपुर अक्षेस एवं प्रशासन इसको गंभीरता से लेते हुए आग पर तुरंत काबू करे एवं वहां कचरा डंपिंग तुरंत बंद कराया जाए। इसकी समय सीमा दिसंबर तक की थी आज अप्रैल हो गया है। टाटा स्टील एवं जमशेदपुर अक्षेस की उदासीनता के कारण स्वास्थ्य मंत्री की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं संबंधित विभाग आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ न करें इस जहरीली गैस से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है इस पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता से अपील की है कि टाटा स्टील एवं जमशेदपुर अक्षेस को कडी फटकार लगाकर तुरंत आग पर काबू करवाये एवं कचरा डंपिंग वहां बंद करवाने का निर्देश दें।

### गम्हरिया में हर्षोल्लास के साथ निकला जुलूस



**गम्हरिया।** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न अखाड़ा समितियों ने रामनवमी विसर्जन जुलूस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाली। इस दौरान जुलूस को देखने क्षेत्र की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा था। इस दौरान श्री श्री सार्वजनिक अखाड़ा समिति, पूंजीडूंगरी, महावीर अखाड़ा समिति, छोटा गम्हरिया, बजरंग अखाड़ा समिति टायो कॉलोनी समेत कई अन्य अखाड़ा समिति ने विसर्जन जुलूस निकाला। विसर्जन जुलूस के क्रम में विभिन्न अखाड़ा समिति के सदस्यों द्वारा कई प्रकार के हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया जिसका लोगों ने काफी आनंद उठाया। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। विसर्जन जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर से भी काफी तैयारी की गई थी। क्षेत्र के सभी चौक चौराहों समेत जुलूस के साथ रास्ते में दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात थे। इस बीच आदित्यपुर, गम्हरिया व कांड्रा थाना प्रभारी समेत जिले के कई अधिकारियों ने भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। इस दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में विसर्जन जुलूस निकला।

### पानी नहीं तो वोट नहीं... से गूंजा सुभाष कॉलोनी



**जमशेदपुर।** गर्मी आरंभ होते ही मानगो में पानी के लिए हाहाकार मच गाया गया है। मानगो के सुभाष कॉलोनी के रोड नंबर 3 सी में विगत दो महीने से पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों का गुस्सा उस वक्त फुट पड़ा जब स्थानीय लोगों ने देखा कि 65 वर्षीय महिला साइकिल से पानी ढो रही है आक्रोशित लोगों ने आगामी चुनाव में वोट का बहिष्कार करने की बात कहते हुए पानी नहीं तो वोट नहीं के जमकर नारे लगाये। पानी की समस्या और वोट का बहिष्कार करने की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विकास सिंह सुभाष कॉलोनी जाकर स्थानीय लोगों से मिलकर पानी की विकराल समस्या से अवगत हुए। स्थानीय लोगों ने पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को बताया कि लगभग दो महीने से मोहल्ले में मुश्किल से दो अथवा चार मिनट ही पानी आता था लेकिन बीस दिनों से एक बूंद भी पानी की सप्लाई मोहल्ले में नहीं हुई है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने देखा कि चिंता देवी (65) घर में पुरुष के नहीं रहने से साइकिल में दो बड़े गैलन लेकर पानी लेने बगल के गली में अपने रिश्तेदार के घर जा रही थी। 65 वर्षीय महिला को पानी लाता देख भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि वर्तमान की सरकार एवं पेयजल स्वच्छता विभाग की व्यवस्था को देखकर उनकी हरकतों से घिन्न आ रही है।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी पर हुआ सम्मान समारोह



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर मिडिल स्कूल के स्थान गोवर्धन मैदान में रामनवमी पर सम्मान समारोह हुआ। इसमें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता समेत कई गणमान्य शामिल हुए। डॉ मेहता ने सभी को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने पांकी विस क्षेत्र में शांतिपूर्ण पर्व मनाने पर लोगों का आभार प्रकट किया।

### छतरपुर में हुई विधानसभा स्तरीय बैठक



**पाटन पलामू।** पाटन भाजपा मंडल अंतर्गत राजू सिंह के आवास पर छतरपुर विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। जिसमें छतरपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी नरेंद्र पांडे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पाटन मंडल संगठन प्रभारी उदय शुक्ला, पड़वा प्रभारी बशिष्ट पांडे, मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डे, मंडल अध्यक्ष जमुना सिंह थे। बैठक में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के नामांकन (24 को) मेदिनीनगर जाने के लिए छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों से हजारों कार्यकर्ताओं के जाने पर विमर्श हुआ।

### चार नामांकन पत्र की हुई बिक्री

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी लगभग कर चुकी है। पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन फार्म बिक्री व भरने की तिथि घोषित है। पहले दिन मात्र चार नामांकन फार्म की बिक्री हुई। जबकि किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है। फार्म खरीदनेवालों में भाजपा प्रत्याशी बिष्णुदयाल राम, महागठबंधन राजद प्रत्याशी ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया व भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी शामिल हैं।

### महुलिया में निकाली गयी कलश यात्रा



**पाटन पलामू।** सनातन संस्कृति गांव महुलिया में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर पाटन जिप सदस्य जय शंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह, पाटन छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, प्रशांत किशोर उर्फ बंकु शामिल हुए। मौके पर पूर्व शिक्षक ललन पांडे, बिनय पांडे, आदित्य पांडे, अवधेश पांडे, ननदेव पांडे, चंद्रदेव पांडे, सरयु पांडे, संजय पांडे भाग लिये। मुख्य पुरोहित पंडित कृष्णा पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश यात्रा की शुरुआत की, जो महुलिया से टंडवा जिजोई नदी से शुरू हुई। संग्राम ने कहा कि मंदिर निर्माण से आस पास का वातावरण और माहौल भक्तिमय बना रहेगा।

### आस्था का प्रतीक देवी धाम में दूरदराज से दर्शन को आते हैं भक्त: ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** नकटी देवी धाम ग्राम होटाई को पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन को पत्र लिखेंगे। यह स्थल पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल ने कही। कहा कि नकटी देवी धाम इस इलाके का महत्वपूर्ण आस्था का प्रतीक देवी धाम है जहां पर भक्तजन दूरदराज क्षेत्रों से इस मंदिर परिसर में आते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। दुख की बात यह है कि इस देवी धाम में जाने आने के लिए दुर्गम रास्ता के अलावा पानी शौचालय का अभाव है। श्री जायसवाल ने कहा कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री और पलामू उपायुक्त को पत्र लिखेंगे और जल्द ही सारी सुविधाएं मुहैया करने की मांग करेंगे। मौके पर अमरेश मेहता, अनूप गुप्ता, प्रदीप मेहता, महुंगु प्रजापति, सतीश प्रजापति, चनारिक यादव, अरुण गुप्ता भी शामिल थे।

### मुस्लिम कमेटी ने किया सम्मान समारोह



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर बड़ी मस्जिद स्थित अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन ने मिलन सह सम्मान समारोह किया। मौके पर मुस्लेमिन कमेटी ने महावीर नवयुवक दल जेनरल के पूर्व अध्यक्ष युगल किशोर की कमेटी को फूल माला व पगड़ीपोशी तथा मोमेंटो शील्ड देकर सम्मानित किया। कमेटी जेनरल के पूर्व सदर जिशान खान ने कहा कि पलामू जिला गंगा जमुना तहजीब के नाम से जाना जाता है। जहां पर हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय एक दूसरे के पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। मौके पर मुसलमीन कमेटी के सरपरस्त असगर हुसैन, अनवर अंसारी, शैफ खान, मोनू राईन, इमाम खान, नेयाज अहमद, सदर मुस्तफा कमाल, पूर्व सदर हाजी ललन, समाजसेवी इमाम राईन, पूर्व जेनरल अध्यक्ष इसराइल आजाद, जिशान खान द्वारा महावीर नवयुवक दल जेनरल के संरक्षक गणेश गिरी, जैश रंजन पाठक मौजूद रहे।

### भक्ति जागरण समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर बीती रात्रि को श्रीराम महोत्सव परिषद ने श्रीश्री मंगला काली मंदिर स्थित भक्ति जागरण सह सम्मान समारोह किया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रबिंद्र तिवारी, विशिष्ट अतिथि लाल बिहारी यादव, शत्रुघ्न ओझा, रबिंद्र शर्मा, समाजसेवी सूरज अग्रवाल, पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव ने किया। मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेश पांडेय द्वारा मंत्रोच्चार कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

# झालखंडी मंदिर व पांकी के कई जगहों पर रामनवमी जुलूस में पहुंचे विधायक

- तरहसी और पांकी प्रखंड की विभिन्न पूजा समितियों ने किया पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता का भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तरहसी प्रखंड के ग्राम मझिगवां के शक्तिपीठ मां झालखंडी मंदिर प्रांगण में पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता पहुंचकर पूजा अर्चना की। साथ ही विधायक पांकी प्रखंड के ग्राम सूडी और हुरलोंग, सगालिम, पांकी, मझिगावां, सलगस, बादुवार, कोनवाई, सिलदीलिया, बजलपुर, मंझौली, गुरतुरी, महुगांई, परसिया एवं विभिन्न जगहों से आये अनेक झांकियां और झंडा सभी अखाड़ा से आये मां शक्ति पीठ मां झालखंडी मंदिर के प्रांगण में राम नवमी पूजा एवं जुलूस में शामिल हुए। विधायक झालखंडी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने देश वासियों, और पांकी विधानसभा वासियों, प्रखंड एवं पंचायत वासियों को स्वस्थ, सुख व समृद्धि की मंगल कामना की। समारोह में रामनवमी की ढेर सारी बधाई दी। मौके पर पूजा कमेटी ने विधायक को पगड़ी, तलवार देकर स्वागत किया। मौके पर पूजा कमेटी के सदस्यों ने जोरदार स्वागत कर प्राइज बांटे। तलवार और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर सम्मान समारोह में कई लोग उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि रामनवमी पर्व असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है।

पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग मैदान में हुआ रावण दहन कार्यक्रम

# बेहतर समाज निर्माण के लिए आसुरी शक्तियों को परास्त करें: डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड मुख्यालय के सिंचाई विभाग मैदान में रामनवमी पर रावण दहन कार्यक्रम किया गया। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व विशिष्ट अतिथि लाल सूरज ने रावण दहन किया। विधायक ने कहा कि रावण दहन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने अंदर की गलत प्रवृत्तियों एवं अहंकार को नष्ट करना है। कहा कि रावण अधर्म का प्रतीक है जबकि प्रभु श्रीराम धर्म के रक्षक व मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। बेहतर समाज के निर्माण के लिए आसुरी शक्तियों को परास्त किया जाना आवश्यक है। रावण असत्य का प्रतीक है जबकि राम सत्य के आदर्श हैं। मौके पर इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, लवली गुप्ता, शंकर प्रसाद, अजय गुप्ता, मंजूलता दुबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, पारसनाथ सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

**लेस्लीगंज के गोवर्धन मैदान में सम्मान समारोह** : पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर मिडिल स्कूल के गोवर्धन मैदान में राम नवमी पर सम्मान समारोह किया गया। मौके पर विभिन्न पूजा समितियों व गणमान्यों का स्वागत किया गया। प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं अखाड़ा से आये झांकी और झंडा का मिलान किया गया। मौके पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पलामू लोकसभा के निर्वाचन के पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

- 25 तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया, गुरुवार से शुरू
- बढ़ा दी गयी है समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गया। जहां 4 एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। आज से शुरू हुआ नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसको लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं।

## 13 और 20 मई को जरूर करें मतदान




जानकारी देते पलामू उपायुक्त शशि रंजन।

पलामू लोकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है ऐसे में आप सभी दोनों ही दिन को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो, इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

# राम भक्तों के शस्त्र प्रदर्शन और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा शहर

- जपला में निकला भव्य रामनवमी जुलूस
- 35 अखड़ा समितियों के हजारों हजार राम भक्त हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रामनवमी के दौरान गश्त लगाते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

**हुसैनाबाद, पलामू।** गुरुवार जपला शहर में रामनवमी जुलूस निकली, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न कुल 35 अखाड़ा समिति से हजारों हजार के संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस का नेतृत्व रामनवमी महासमिति व एवं बजरंगी अखड़ा समिति कर रही थी। सभी दिशाओं से जुलूस का मिलान शहर के हृदयस्थली गांधी चौक पर किया गया, जहां राम भक्तों ने विभिन्न अस्त्र शस्त्रों का प्रदर्शन किया। जुलूस में जय श्री राम जय हनुमान के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। ढोल नगाड़ों, तासा एवं म्यूजिक पर राम भक्तो ने लोगों में जोश भरने का काम किया। तलवार, गदका, गद्दा आदि कई आकर्षक व घातक खेलो का प्रदर्शन किया गया।

**कौन कौन थे जुलूस में :** रामनवमी महासमिति के संरक्षक दिनेश प्रसाद कश्यप, सांयोजक आलोक नाथ केशरी, क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू बाबू, संतोष गुप्ता, पंकज गुप्ता, अजित अग्रवाल, सचिन कुमार आनंद, श्रवण अग्रवाल, राजेंद्र पाल समेत हजारों भक्त शामिल थे।

**एसडीएम, डीएसपी सहित सभी अधिकरी कर रहे थे निगरानी :** जुलूस के पूर्व से प्रशासन अलर्ट मोड में थी। पूरे जुलूस में चप्पे-चप्पे पर पुलिस थी। सीआरपीएफ के जवान मोटरसाइकिल से पट्रोलिंग करते नजर आये। वहीं एसडीओ और एसडीपीओ ड्रोन कैमरा से पूरे जुलूस की हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे थे।

# रामनवमी पर राममय हो गया विश्रामपुर नप मुख्यालय

- राज परंपरा के अनुसार 10वीं को निकला रामनवमी का भव्य जुलूस
- रामरथ पर सजी झांकी आकर्षण का केंद्र, वानरी सेना ने मचाया धमाल
- ढोल, नगाड़ा और तासा बाजा के धुन पर जमकर झूमे रामभक्त
- एक ही नारा एक ही नाम के जयघोष से गूंज उठा क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**विश्रामपुर (पलामू)।** राज परंपरा के अनुसार विश्रामपुर नप मुख्यालय में गुरुवार दसवीं को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला। जुलूस की शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से हुआ। जुलूस गढ़ मुहल्ला, दर्जी मुहल्ला, अंजान शाहिद देव स्थल,बाजार चौक, बस स्टैंड, सोरडीह सहित नप मुख्यालय के हर गली कुच्चो से गुजरते हुए डाक बंगला परिसर में जय श्री राम के घोष के बीच समापन्न हुआ।

जुलूस में राम भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलुस में एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम गूंज रहा था। जिससे पूरा नगर परिषद राममय हो गया। रामरथ पर सजा रामदरबार की झांकी जुलूस के आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में शामिल बानरी सेना ने भी खूब धमाल मचाया। जुलूस के दौरान ढोल,नगाड़ा,तासा बाजे के धुन पर रामभक्त जमकर झूमे। जुलूस में राम भक्तो ने अखाड़ो में एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन भी किया।

विश्रामपुर के जुलुस में पांडेयपुर, कविलासी, उरसुला, झगरुआ, मधुरीडीह, नवडीहवा, छिपादोहर, पाचघरा, बघमनवा, कोसियार सहित दर्जनों गांव के झंडों का मिलान डाक बंगला परिसर में हुआ।

**खास बातें :** समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कमेटी के लोगों ने सभी को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र याद्व, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता, बजरंगी पंकज लाल, पार्षद सुनील चौधरी, संजय उपाध्याय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, गोपाल सोनी, शिवबंश मिश्रा, सत्यम सोनी, चंद्रदेव चौधरी, शंकर चंद्रवंशी थे।

### युवाओं के साथ बाल कलाकारों ने दिखाये करतब



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर भव्य जुलूस एवं सुंदर व आकर्षक महावीरी झंडा व रथ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा में विभिन्न पूजा कमिटियों ने झारखंड के अलावे दूसरे राज्यों से भी कलाकारों को मनोरंजन के लिए बुलाया गया था। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। स्थानीय युवा कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक लाठी डंडे व तलवार के करतब दिखाये गये जो आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं दूसरी ओर बाल कलाकारों द्वारा भी लाठी ठंडा व तलवारबाजी का करतब दिखाया गया। जो देखने लायक था। बाल कलाकारों ने अपनी कलाकृति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिस पर लोगों ने ताली बजाकर एवं जयकारा लगाकर उत्साहवर्द्धन किया।

### भरठुआ बंदूक के साथ एक गिरफ्तार



**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के धावा के बहेराखाड़ टोला में पुलिस ने स्व रैया मुंडा के घर छापेमारी कर एक अवैध एकनाली भरठुआ बंदूक बरामद किया। थाना प्रभारी नीलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि माना मुंडा अपने घर में एक अवैध हथियार रखे हुए है। इसकी सूचना वरीय अधिकारी को देते हुए निर्देश के आलोक में सत्यापन के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया और ग्राम धावा बहेराखांड टोला में माना मुंडा के घर छापेमारी कर तलाशी ली गयी। एकनाली भरठूआ बंदूक का कागजात माना मुंडा के पास नहीं था। जिसे अवैध आग्नेयास्त्र रखने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में पुअनि संतोष गिरी, आरक्षी सुनील यादव, अशोक कुमार पासवान, शशि कुमार शामिल थे।

### चैनपुर में शांतिपूर्वक मनी रामनवमी



**चैनपुर।** नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर शाहपुर एवं चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी पूजा बड़े ही हर्षोल्लास एवं शांति वातावरण में संपन्न हो गया। इसे लेकर शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के नेतृत्व में तीन दिवसीय धार्मिक भक्ति जागरण एवं झांकी का कार्यक्रम नवमी के रात शिव विवाह, महाकाल भस्म आरती एवं राधा कृष्ण लीला सुदामा पर आधारित कार्यक्रम को दिखाया गया। इधर, जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पूरे शाहपुर नगर भ्रमण करते हुए रात्रि 2 बजे शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर में पूजा पाठ के बाद झंडाधारियों को तलवार देकर सम्मानित करते हुए कार्यक्रम समापन कराया गया।

# हरिहरगंज पुलिस ने किया शहरी क्षेत्र की तीन अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य बिगहा व पिपरघाट में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य बिगहा में दो तथा पिपरघाट में संचालित एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं 10 ड्राम में रखे करीब पांच क्विंटल जावा महुआ तथा 100 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ उपकरणों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण मामले में पिपरघाट से चंदन साव को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। वहीं वैद्य बिगहा में अवैध शराब निर्माण करनेवाले फरार धंधेबाजों की पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। छापेमारी अभियान मे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के अलावे एसआई विगेश कुमार राय, नंदलाल साहिनी एएसआई संजय कुमार सिंह, मनोज दास सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# छतरपुर में गूंजता रहा जय श्रीराम...

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी पूजा का त्यौहार मनाया गया। मौके पर गांव के विभिन्न कमेटियों को झांकी तथा शोभायात्रा के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। मौके पर सुदूर गांव से भी लोग महावीरी झंडा को लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए बड़े ही जोश खरोश के साथ आगे बढ़ रहे थे। सबसे पहले जुलूस छतरपुर मुख्य पथ से होते हुए थाना परिसर में गया वहां सभा में तब्दील हो गया। मौके पर एसडीपीओ नौशाद आलम तथा छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित अन्य पुलिस कर्मियों के द्वारा लोगों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। साथ ही पूजा कमेटी के लोगों ने भी मौजूद अधिकारियों के सर पर पगड़ी बांधकर रामनवमी की बधाइयां दी। थाना परिसर के बाद सभी जुलूस बारा स्थित फुलवारी में आकर विशाल सभा में बदल गया जहां श्री राम जानकी अखाड़ा समिति ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाला गड़ासा तलवार लाठी डंडा से अपना करतब दिखाया।

# सुआ कौड़िया में भोजपुरी चैता दुगोला कार्यक्रम में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

- कार्यक्रम से निखरती है कलाकारों की प्रतिभा : मुकेश

**मिन्हाज आलम**





कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्मानित करते और उद्घाटन करते अतिथि।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पंचायत सुआ कौड़िया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी को लेकर भोजपुरी चैता दोगोला कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुकेश गुप्ता, जिला परिषद बासो देवी, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया मुखिया अंजना सिंह, जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, झाबर मुखिया संगीता देवी, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, सरजा के पूर्व मुखिया आनंद कुमार, शिक्षक भर्दूल सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह, पंसस अजीत सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, समाजसेवी सुरेंद्र गुप्ता, उदेश्वर बैठा, सुदर्शन ठाकुर, सोरेन विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया।

**खास बातें :** कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदू सिंह व संचालन सुआ के हृदया सिंह व कौड़िया से अजीत सिंह ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत कई गणमान्यों को माला पहनाया गया। कलाकार बिहार के रौशन राज व प्रदुमन परदेशी ने कंठेसुरवा होखे न सहिया ए रामा समेत एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया। समिति ने जेनरल अध्यक्ष व आगंतुकों का स्वागत किया। जेनरल अध्यक्ष ने करीब हिंदू मुस्लिम मिलाकर 200 लोगों को गमछा व घड़ी बांटा। मुख्य अतिथि मुकेश ने कहा कि हमें सनातनी होने पर गर्व है। कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा में निखार आता है। वहीं क्षेत्र में सामाजिक भाईचारा, सौहार्द्र व एकता बढ़ता है। सुआ कौड़िया की जनता को बधाई देते हैं। कहा कि पूजा समिति को हमेशा हरसंभव सहयोग करते रहेंगे। मौके पर जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है।

# भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत है : अविनाश देव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जुलूस के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते लोग।

**मेदिनीनगर।** राम जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी में विभिन्न अखाड़े, क्लब, दल, के सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव को पगड़ीपोशी, फूलमाला, शौर्य के प्रतीक तलवार देकर सम्मानित किए गए। राम भक्तों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि राम की सौम्यता सब को भाती है।

राम आम के जुबान पर रहते है खुशी और विषाद दोनो में जिह्वा से बरबस बाहर आते हैं। वाल्मीकि व तुलसी के महाकाव्य राम के रास्ते मुक्ति का मार्ग बताया है जिसको हर नागरिक अपने जीवन में उतारते आया है। किंतु वर्तमान दौर में राम का नाम राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है। भगवान राम के आदर्श को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।


रामनवमी में राम भक्तों के उमड़े जन सैलाब के मद्देनजर बुनियादी सुविधाओं में मेडिकल कैंप, लंगर, पीने का पानी, चलंत शौचालय,चाय बिस्कुट का व्यवस्था जिस उदारता के साथ सामाजिक संगठन के लोगों ने किया वे सभी बधाई के पात्र है जिन्होंने जनपक्षीय चेतना को जागृत किया।

# लोकसभा चुनाव : बिहार में पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों में पांच हजार बूथ संवेदनशील

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को जिन चार सीटों पर होगा, सूबे में सर्वाधिक संवेदनशील बूथ इन्हीं लोकसभा क्षेत्रों में चिह्नित किये गये हैं । इनमें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ संवेदनशील घोषित किये गये हैं। इन मतदान केंद्रों की संख्या करीब पांच हजार है। ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक और सामान्य बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया है।

तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 बूथों को संवेदनशील माना गया है, जहां पर मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। इसमें शेरघाटी विस क्षेत्र के 305 बूथ, बाराचट्टी के 332 बूथ व बोधगया के 358 बूथ संवेदनशील हैं। गया लोस के




शेष सभी विस क्षेत्रों गया टाउन, बेलागंज व वजीरगंज में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जमुई लोस क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1659 बूथ संवेदनशील हैं। इसमें सिकंदरा विस क्षेत्र के 313 बूथ, जमुई के 319 झाझा के 352, चकाई के 335 और तारापुर के 340 बूथ संवेदनशील हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के सिर्फ एक विधानसभा शेखपुरा के बूथ सामान्य हैं।

1941 बूथों में नक्सल प्रभावित 223 बूथ और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 502 है। नवादा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के 666 बूथों को संवेदनशील माना गया है। इसमें रजौली विधानसभा में 333 बूथ और गोविंदपुर विधानसभा के 328 बूथ हैं। नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ संवेदनशील हैं। उधर, औरंगाबाद लोकसभा के कुटुम्बा विधानसभा के 296 बूथ, रफीगंज के 367 बूथ, गुरुआ के 337 बूथ, इमामगंज के 344 बूथ और टिकारी के 357 बूथ संवेदनशील हैं। यहां मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। केवल औरंगाबाद लोस क्षेत्र के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

## भवनाथपुर में धूमधाम से मना रामनवमी

**भवनाथपुर।** श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर पूरा प्रखंड क्षेत्र भगवामय रहा। इस अवसर पर चपरी काली मंदिर अखाड़ा समिति, श्री राम सेना भवनाथपुर बस्ती, सूर्य मंदिर विकास क्लब भवनाथपुर, बुका, मकरी, झगड़ाखाड़ सहित अन्य के द्वारा अखाड़ा निकाला गया। दुर्गा वाहिनी संगठन के द्वारा पहली बार झांकी निकाला गया जो काफी दर्शनीय रहा। दुर्गावाहिनी के सदस्यों ने लाठी प्रदर्शन, तलवारबाजी से सबका मन मोह लिया। वहीं दूसरी ओर भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के द्वारा मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक ड रवि शंकर दास रहे। इस कार्यक्रम में सभी अखाड़ा समिति, प्रबुद्ध व्यवसायी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं उत्ष्ट कला प्रदर्शन करने वाले को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन भवनाथपुर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि व्यवसायी को किसी भी मंच पर सम्मान नहीं दिया जाता है। जबकि किसी भी क्षेत्र के विकास में हम व्यवसाईयों का अहम योगदान रहता है। इस कार्यक्रम से हम अपने क्षेत्र के पुराने एवं प्रबुद्ध व्यवसायियों को सम्मानित करने का काम कर रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के लिए गाया ये गाना

### मोदी जी तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते हो...

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया लोकसभा से राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के नामांकन सभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वीआईपी के मुकेश सहनी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मनोज झा, डॉक्टर शकील अहमद खान बुधवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम पहुंचे। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि देश में बदलाव लाने की जरूरत है और उन्होंने कहा की अगर हमारी सरकार बनती है तो एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी। इस क्रम में तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर जमकर कटाक्ष किया और गाना गाते हुए उन पर तंज भी कसा।

**मोदी जी के लिए गीत में कहा कि :** मोदी जी तुम तो धोखेबाज हो वादा करके भूल जाते हो : जिस



पर मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजायी। उन्होंने कहा कि हमने जो वादा किया है उसे नहीं भूलेंगे और लोगों को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा की जो भी रूठे हैं उन्हें मनाना है। शाहनवाज आलम मेरे भाई हैं और इनको भारी मतों से विजय बनाए। अब अररिया में बदलाव लाने की जरूरत है। अररिया जिले में बाढ़ की समस्या है और इससे निजात दिलाने की जरूरत है।

## तेजस्वी के पोस्ट से नवादा के निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में अपील पर मुकदमा, बताया भ्रामक

**नवादा।** नवादा राजद जिला अध्यक्ष उदय यादव ने नवादा नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करा कर नवादा के एमएलसी अशोक यादव के पीए द्वारा तेजस्वी यादव के पोस्ट से राजद की जगह निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव को वोट देने जैसे भ्रामक प्रचार के विरोध में प्राथमिकी दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की। प्रेस कांफ्रेंस कर नवादा लोकसभा की जनता जनार्दन से आह्वान करते हुए उन्होंने बुधवार को कहा कि विरोधी के माध्यम से सोशल मीडिया पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के ट्वीट को क्रॉप करके टेम्पो छाप पर मतदान करने के आह्वान पर उदय यादव ने कड़ी आपत्ति करते हुए नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है । इसकी सूचना उदय यादव ने चुनाव आयोग को दी।

## सीएम नीतीश वोटिंग से पहले पार्टी नेताओं को देंगे जरूरी टिप्स

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग से एक दिन पहले सीएम नीतीश जेडीयू प्रदेश कार्यालय पहुंचे और चुनाव अभियान समिति की बैठक में शामिल हुए। वोटिंग से पहले हो रही इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत सुनिश्चत करने के लिए एनडीए ने अपना पूरा जोर लगा दिया है। एनडीए में शामिल सीएम नीतीश की पार्टी जेडीयू को 40 में से 16 सीटों मिली थीं। इन सभी 16 सीटों पर जीत के लिए जेडीयू चुनावी मैदान में खूब पसीना बहा रही है। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक के बाद एक चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं और जेडीयू के साथ साथ गठबंधन के अन्य सहयोगियों के लिए भी चुनाव प्रचार



कर रहे हैं।

**पार्टी नेताओं से लेंगे चार सीटों की फीडबैक :** पहले चरण में बिहार की चार सीटों पर वोटिंग होनी है। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट पर वोटिंग से ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को दोपहर बाद पार्टी की चुनाव समिति की बैठक बुलाई। बैठक में मुख्यमंत्री जहां पहले चरण की सभी चार सीटों की फीडबैक पार्टी नेताओं से लेंगे, वहीं वोटिंग को लेकर पार्टी नेताओं को जरूरी चुनावी टिप्स भी देंगे। मुख्यमंत्री के साथ इस बैठक में बिहार सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद हैं।

**14 अप्रैल को भी पार्टी कार्यालय आये थे नीतीश कुमार :** इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते 14 अप्रैल को अचानक प्रदेश जेडीयू कार्यालय पहुंच गए थे और पार्टी के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकताओं से बातचीत कर उन्हें कई जरूरी दिशा निर्देश दिए थे। वर्चुअल मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका लोकसभा क्षेत्र के जद(यू) जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली थी।

## पेज एक का शेष

### मांझी, गडकरी, भूपेंद...

**7 से शाम 6 तक वोटिंग :** चुनाव आयोग के अनुसार मतदान सुबह सात बजे शुरू हो कर शाम छह बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) और अधिक सीटें जीतने के लिए प्रयास कर रहा है वहीं विपक्षी गठबंधन ह्यइंडिया' के घटक 2014 और 2019 के चुनावों में लगातार हार के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

### चौथा चरण : झारखंड...

इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं।

**25 को पर्चा भरेंगे अर्जुन और कालीचरण मुंडा :** खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। दोनों 25 अप्रैल को पर्चा भरेंगे। लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी।

### झारखंड सहित पूरे...

लोगों के आने का सिलसिला सुबह 11 बजे से शुरू हो जायेगा। मुख्य कार्यक्रम दिन के दो बजे से शुरू होगा। रैली में लोगों को धूप से कम परेशानी हो, उसका विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही रैली स्थल में पानी की व्यवस्था भी ठीक ढंग से रहेगी,ताकि लोगों को दिक्कतें नहीं हो। रैली की सफलता के लिए तैयारी एवं व्यवस्था समिति के लिए ग्राऊंड मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया है। समिति सभी गठबंधन दलों के साथ समन्वय स्थापित कर अपना काम करेंगे।

### मनरेगा घोटाला : ईडी...

इस मामले में अबतक 106.86 करोड़ की अचल संपत्ति को स्थायी और अस्थायी तौर पर अटैच किया जा चुका है। मनरेगा घोटाला मामले में झारखंड पुलिस की ओर से दायर 16 एफआईआर के हवाले से खूंटी में हुए करीब 18 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच में कई तथ्यों का खुलासा किया है। इसी मामले में सीनियर आईएएस पूजा सिंघल और उनसे जुड़े करीबियों के ठिकानों पर 6 मई 2022 को छापेमारी की थी, उसी दौरान 19.58 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए थे। इस मामले में पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और इंजीनियर रामबिनोद सिन्हा को गिरफ्तार किया गया था।

### 1.25 करोड़ जब्त...

वहीं इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं। इडी की दलील है कि गिरफ्तार सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थित राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं। इडी का दावा है कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के लिए बड़गाई में 8.8 एकड़ जमीन पर कब्जा दिलाने और कागजात में हेराफेरी में इन सभी की भूमिका रही है। इसी मामले में राजस्व कर्मी भानु प्रसाद प्रसाद को भी पूर्व में गिरफ्तार किया गया है। ईडी का कहना है कि लैंड स्कैम से जुड़े मामले में पीएमएलए के सेक्सन 66(2) के तहत राज्य सरकार से तमाम तथ्य साझा किए जाते रहे हैं।

### गोड्डा लोस सीट...

इससे पहले निशिकांत दुबे कहा था कि प्रदीप यादव और फुरकान अंसारी को उम्मीदवार बनाया जाता है तो वे प्रचार नहीं करेंगे। उनके कार्यकर्ता ही चुनाव जीता देंगे। हालांकि अब कांग्रेस ने दोनों पुराने दिग्गज के इतर नये उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

**दोनों में कई समानता :** गोड्डा लोकसभा सीट के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि मुख्य मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ब्राह्मण उम्मीदवार ही उतारे। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों की लगभग आबादी तीन लाख की है, जिसमे अधिसंख्य मैथिल ब्राह्मणों की है। यही वजह की गोड्डा को झारखंड का मिथिलांचल भी कहा जाता है। दोनों की शैक्षणिक रिकॉर्ड देखें तो दोनों ने एमबीए की डिग्री ले रखी है। दोनों ही उच्च शिक्षा प्राप्त उम्मीदवार हैं। निशिकांत दुबे 2009 , 2014 और 2019 में जीत कर हैट्रिक लगायी है। वह अब अपनी चौथी जीत के लिए कोशिश कर रहे हैं। वहीं दीपिका पांडे सिंह ने भी पहली बार 2019 में महगामा विधानसभा सीट से भाग्य आजमाया और जीत दर्ज की। अब वे गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं।

**दोनों में भिन्नता:** निशिकांत दुबे की चुनावी राजनीति में प्रवेश पैराशूट कैंडिडेट के रूप में हुई हैं। वे खुद कह चुके हैं कि पहली बार जब चुनाव लड़ने आये तो उन्हें देवघर से गोड्डा का रास्ता भी पता नहीं था। वहीं दीपिका पांडेय सिंह का मायका हो या ससुराल दोनों ही पक्ष राजनीति से जुड़े रहे हैं। उनके माता और पिता पुराने कांग्रेसी रहे हैं। दीपिका पांडेय लगातार संगठन में काम करती रहीं। दीपिका पांडेय सिंह राहुल यूथ ब्रिगेड की कोर कमेटी मेंबर भी हैं। साथ ही पिछले उत्तराखंड और बिहार में चुनाव प्रभारी भी रही हैं।

**दोनो के बीच जुबानी जंग :** निशिकांत दुबे और दीपिका पांडेय सिंह एक दूसरे जुबानी हमला करते रहे हैं। जब भी सांसद ने रेल को अपनी उपलब्धि गिनायी तो दीपिका पांडेय ने कहा कि ये मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार की देन है, जिसे हंसडीहा से पीरपैंती तक बनना है, लेकिन बारह साल में गोड्डा पहुंचा वो भी अडानी की वजह से। हवाई अड्डा भी पिछली कांग्रेस सरकार की स्वीकृत योजना है। एनएच के निर्माण पर दीपिका ने कहा कि उन्हें कीचड़ में उतरना पड़ा, तब जाकर सड़क बनीं। दोनों के बीच इतनी नोकझोंक हुई की भाषा की मर्यादा भी टूटती नजर आयी। अब देखने वाली बात होगी कि जनता चौथी बार निशिकांत दुबे को चुनती है, या फिर इस बाद दीपिका पांडेय सिंह यहां अपना परचम लहराती हैं।

## जमीनी विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट, तीन घायल

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव के कुसुमिया दामर टोला में दो सगे भाइयों के बीच पुरानी जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायल खून से लथपथ घायलावस्था में बरडीहा थाना पहुंचकर भाई मुमताज शेख उसके पुत्र नजमुद्दीन अंसारी, मोबिन अंसारी एवं रेहानउल अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दे दिया है। इसके पश्चात थाना के द्वारा सभी घायलों को इंजूरी काटकर इलाज के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल में भेज दिया। घटना के संबंध में स्व. कासिम शेख के 71 वर्षीय पुत्र मुख्तार शेख ने बताया कि मेरा अपना सगा भाई मुमताज शेख से जमीन बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इार इस संबा में बरडीहा थाना प्रभारी अवोश कुमार यादव ने बताया कि घायलों के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## खलिहान में लगी आग, 500 बोझा गेहूं जलकर राख



खलिहान में जलता फसलों के बोझा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव में विशुनपुरा थाना निवासी अभय कुमार गुप्ता के खलिहान में गुरुवार दोपहर को अचानक आग लग गई। जिससे उनके खलिहान में रखे लगभग 500 बोझा गेहूं, 20 बोझा सरसो जलकर खाक हो गया। आग की लपटें उठते देख आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक सभी फसलों के बोझा जल चुका था। आग लगने का कारण बिजली के पोल से चिंगारी गिरने से हो गई है। अभय गुप्ता ने बताया कि आज ही सारे बोझा को बारह बजे के आस पास खलिहान में रखवाया गया था ताकि शाम को गाड़ी से कटवाते। लेकिन दोपहर डेढ़ बजे फोन से सूचना मिलने पर पहुंचे तो सारा फसल जलकर राख हो चुका था। वहीं गेहूं एवं सरसों जल जाने से बटाईदार सुरेश रजवार काफी दुखी है। इस संबा में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय राम ने कहा कि अपने कर्मचारियों को जांच के लिए भेजेंगे और जांच प्रतिवेदन के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई किया जाएगा।

## चिराग पासवान की मां को गाली देने पर भड़की भाजपा

### बोली- राजद नेता के खिलाफ होगा सख्त एक्शन

एजेंसी

**पटना।** सियासत में जुबानी लड़ाई का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने के दौरान बात गाली-गलौज तक पहुंच जा रही है। महागठबंधन और एनडीए दोनों गठबंधनों के नेता मयार्दा को लांघ रहे हैं। जमुई में एक चुनावी सभा के दौरान आरजेडी के किसी नेता या कार्यकर्ता ने सरेआम चिराग पासवान की मां के लिए बेहूदा भाषा का इस्तेमाल किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर गाली गलौज का वीडियो वायरल होने के बाद बिहार में इसको लेकर सियासत शुरू हो गई है। एक तरफ जहां तेजस्वी यादव ने इससे अनभिज्ञता जताई है तो दूसरी तरफ बीजेपी इसको लेकर



हमलावर हो गई है।

बिहार बीजेपी के प्रदेश अक्ष्यक्ष और डिप्टी सीएम स्रमाट चौधरी ने इसकी घोर निंदा की है और कहा है कि यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के दलितों के मसीहा दिवंगत रामविलास पासवान की पत्नी को चिराग पासवान की माता जी को राजद की तरफ से जिस तरह से गाली गलौज किया जा रहा है, वह अशोभनीय और पीड़ादायक है। इस पर जरूर कार्रवाई होगी और गाली गलौज करने वाले लोगों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। आयोग से इसकी शिकायत की जायेगी। इस मामले की जांच की मांग की जायेगी। राजनीति में इस तरह की भाषा कभी स्वीकार नहीं की जायेगी।

**चुनाव आयोग को लेना चाहिए संज्ञान :** वहीं, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राजनीति का इस स्तर तक जाना राजद की मानसिकता और उनके संस्कार को दशार्ता है। तेजस्वी यादव के सफाई देने पर विजय सिन्हा ने कहा कि उनकी कथनी और करनी कभी एक समान नहीं रही है। ये वही लोग हैं जिन्होंने बिहार के नौजवानों को पलायन के लिए विवश किया। यहां के उद्योग धंधों को बंद करा दिया। जंगलराज लाने वाले लोग अब गुंडई की भाषा बोल रहे हैं। चुनाव आयोग को इसपर संज्ञान लेना चाहिए।

## सामाजिक एकता व समरसता का मिशाल है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

### भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाने की है जरूरत : बीडी राम



संबोधित करते मंत्री

### राममय हुआ गढ़वा, भक्तों की उमड़ी सैलाब



जुलूस में उमड़ी राम भक्तों की सैलाब

### श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने किया सम्मानित



सम्मानित करते मंत्री व सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले भर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी काफी धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया गया। पूरा गढ़वा जय श्रीराम के नारां से गूंजता रहा। रामनवमी के जुलूस में राम भक्तों की सैलाब उमड़ पड़ी। बुधवार की देर रात तक गाजे-बाजे साथ झांकी, रथ व जुलूस का सिलसिला जारी रहा। सभी जुलूस, रथ, झांकी रंका मोड़ से होते हुए रामलला मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। रामनवमी के मौके पर शहर के रंका मोड़ पर श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की ओर से समारोह आयोजित कर अखाड़ा रथ व झांकी आदि को सम्मानित किया गया। जबकि बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्त किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू के निवर्तमान सांसद बीडी राम, समाजसेवी राकेश पाल आदि ने संजुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

### श्री महावीर मंडल ने किया सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन


रामनवमी के मौके पर शहर के मझिआंव मोड़ झंडा चौक पर श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अखाड़ा, झांकी एवं रथ के पदाधिकारियों को तलवार, मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान राजस्थान से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम व कला का प्रदर्शन किया। मंत्री ने बेहतर प्रदर्शन के लिए कलाकारों को पुरस्त भी किया। मौके मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा में भी काफी भव्य तरीके से रामनवमी मनाया जाता है। गढ़वा में रामनवमी की भव्यता में चार चांद लगाने में श्री महावीर मंडल का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग हमेशा आपसी एकता एवं भाईचारा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। आज का यह मंच गंगा-जमुनी तहजीब को प्रस्तुत कर रहा है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

## स्पीड न्यूज

### अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज हो गया है। फिल्म अक्षरा के हृदय स्पर्शी गाना चलि अइहा घरवा में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में है।उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है।

### इंडोनेशिया में सात आतंकी गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने पूर्वी प्रांत मध्य सुलावेसी में दो अलग-अलग अभियानों में सात संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। डेंसस 88 के असविन सिरेगर ने गुरुवार को बताया कि सभी संदिग्धों का घरेलू चरमपंथी समूह जमाह इस्लामिया (जेआई) के साथ कथित संबंध था, जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा है। वर्ष 2002 के बाली बम विस्फोटों के पीछे जेआई का हाथ था, जिसमें बाली द्वीपसमूह के रिजॉर्ट द्वीप पर 200 से अधिक लोग मारे गये थे।

### रुआंग पर्वत पर विस्फोट के बाद सुनामी का खतरा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी के रुआंग पर्वत पर हुए विस्फोट के बाद सुनामी का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद करना पड़ा है। क्षेत्र में हजारों फीट की ऊंचाई पर राख फैल गई है। अधिकारियों ने बुधवार को सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए 11,000 से अधिक लोगों को क्षेत्र छोड़ने का आदेश दिया है। उत्तरी सुलावेसी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कराया गया है।

### शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 455 अंक टूटा



**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत अठारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवा को शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 454.69 अंक का गोता लगाकर 72,488.99 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.05 अंक की गिरावट लेकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक के नीचे 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों कि शेयरों में मिलाजुला रुख रहा।

### हिंदुस्तान जिंक तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक

**मुंबई।** खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। वेदांता ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट', द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक घोषित की गयी है।

# स्वदेशी निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण सफल

## सुखोई-30 विमान से हुयी मिसाइल के उड़ान की निगरानी


**भारत ने रचा इतिहास**

**▸▸ बहुत कम ऊंचाई पर दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है निर्भय मिसाइल**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को लंबी दूरी की स्वदेशी निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बार फिर इतिहास रचा। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से भी नजर रखी गई। यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन और उसके उड़ान पथ की निगरानी के लिए आईटीआर में विभिन्न स्थानों पर राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर तैनात किए गए थे। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से भी नजर रखी गई। डीआरडीओ के मुताबिक परीक्षण के दौरान मिसाइल ने पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके निर्धारित लक्ष्य तक रास्ते का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया। इस सफल उड़ान परीक्षण ने बेंगलुरू के गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) में विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया है। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए यह मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान में विकसित किया गया है। इस परीक्षण को विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ उत्पादन भागीदार के प्रतिनिधियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है।

### 21 हजार करोड़ का हो रहा डिफेंस एक्सपोर्ट : राजनाथ



केरल के मावेलिक्करा में चुनावी रैली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में पहले तोप, गोले-मिसाइल, टैंक सब कुछ हम इम्पोर्ट करते थे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें हर मामले में आत्मनिर्भर बनना है। आज हम 21,000 करोड़ के डिफेंस उपकरणों का आयात दूसरे देशों को कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।



डीआरडीओ ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर में किया परीक्षण।

# इवीएम-वीवीपैट की आशंकाएं दूर करे आयोग : सुप्रीम कोर्ट

**▸▸ शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा, कैसे रोकी जाती है छेड़छाड़**

**▸▸ चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता होनी चाहिए**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की पर्चियों के 100 फीसदी मिलान (गिनती) या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास से पूछा कि आप हमें पूरी प्रक्रिया बताएं कि उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कैसे शामिल होते हैं और छेड़छाड़ कैसे रोकी जाती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए।

पीठ ने कहा कि हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव अधिकारी ने ईवीएम, इसकी नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपैट की प्रक्रिया को समझाया।



शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि वीवीपैट और ईवीएम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है? पीठ ने पूछा कि अगर किसी मतदाता को यह (वीवीपैट) पर्ची थमा दी जाए कि उसने अपना वोट डाल दिया है तो इसमें क्या नुकसान है? इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण के एक सवाल पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से इस आरोप की जांच करने को कहा कि केरल के कासरगोड जिले में मॉक पोल के दौरान भाजपा उम्मीदवार को अतिरिक्त वोट मिले थे। श्री भूषण ने एक समाचार रिपोर्ट के हवाले से कहा था कि केरल में एक मॉक पोल के दौरान चार ईवीएम और वीवीपैट में भाजपा के पक्ष में एक अतिरिक्त वोट दर्ज पाया गया।पीठ ने श्री सिंह से इस मामले की फिर जांच करने का निर्देश दिया।



### बुलेट रानी मां राज लक्ष्मी मंदा का दिल्ली में स्वागत

**वोट फॉर मोदी, वोट फॉर नेशन के लक्ष्य को लेकर तमिलनाडु की रहने वाली राज लक्ष्मी मंदा ने 21000 किलोमीटर का सफर बुलेट पर तय किया है। 65 दिनों से 15 राज्यों का सफर तय करने वाली राज लक्ष्मी का गुरुवार को दिल्ली में भाजपा ने किया स्वागत । लक्ष्मी ने बताया कि यात्रा तभी सफल होगी जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार 400 के पार के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे।**

## माफिया के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे : योगी



**बुलंदशहर।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि सपा और बसपा के शासनकाल में दंगा और कर्फ्यू आम बात थी जबकि उनकी सरकार में सदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते विकास का साम्राज्य है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को राम-राम और माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। श्री योगी ने कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस के राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं।

## नक्सलियों को शहीद बताने पर कांग्रेस पर भाजपा का हमला

**शहजाद पूनावाला बोले, यह सेना का अपमान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नक्सलियों को शहीद बताने वाले कांग्रेस के बयान पर भाजपा ने कहा कि यह सेना का अपमान है। राष्ट्रनीति की मुद्दों पर ओछी राजनीति करना कांग्रेस का चरित्र बन चुका है। वोट की राजनीति के लिए कांग्रेस को चाहे आतंकवादियों की पैरवी क्यों न करना पड़े, वो पीछे नहीं हटती। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 29 नक्सलियों को मार गिराने की घटना पर कांग्रेस जांच की मांग कर रही है। सुरक्षाबलों के स्वागत के बदले कांग्रेस पार्टी आतंकियों को, नक्सलियों को और उग्रवादियों को शहीद कहती है। यह सेना का



अपमान है। शहजाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के बयान शर्मनाक है। नक्सलियों के पास से मशीन गन बरामद हुई लेकिन कांग्रेस इन्हें शहीद बता रही है और जांच की मांग कर रही है। नक्सलियों के प्रति संवेदना प्रकट कर रही है। सेना के हमारे शूरवीर उन्हें नजर नहीं आते।

### राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त



**मुंबई।** इडी की टीम ने गुरुवार को उद्योगपति राज कुंद्रा और उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। इन संपत्तियों में शिल्पा के नाम पर जुहू स्थित फ्लैट, राज कुंद्रा के नाम पर पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर आदि शामिल हैं। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। कार्रवाई से फिल्म जगत में खलबली मच गई है। इस मामले में शिल्पा शेट्टी अथवा राज कुंद्रा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने पॉर्न फिल्म बनाने के मामले में गिरफ्तार किया था।

## पार्टी की रीढ़ हैं कार्यकर्ता : राहुल

**कहा- संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है यह चुनाव, आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है**


**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए गुरुवार को एक वीडियो जारी किया और कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं।

श्री गांधी ने लोक सभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। मैंने सोचा चुनाव का समय है, मैं आपसे थोड़ी सी सीधी बात कर लूं। ये आम चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में हैं। उन्होंने कांग्रेस की घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा ₹कांग्रेस का मेनिफेस्टो एक बेहतरीन मेनिफेस्टो है। इसमें



हमारी कुछ महत्वपूर्ण गारंटी हैं- गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए, अप्रेंटिसशिप का अधिकार- सभी ग्रैजुएट्स और डिप्लोमा होल्डर्स को एक साल की अप्रेंटिसशिप और एक लाख रुपए। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी। मनरेगा श्रमिकों का मेहनताना कम से कम 400 रुपए। कॉन्ट्रैक्ट मजदूरी को खत्म करेंगे। 30 लाख सरकारी नौकरियां देंगे।

Dr. Anup's
HLCCS
स्किन हेयर एण्ड लेजर सेन्टर
For the right treatment for your skin & Cosmetic Problem
Call - +91 9334334935, 9431529553
हरमु बाई पास रोड, पुष्प विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची 834002
E-mail : hlccs@rediffmail.com, Web : www.hlccsskincareclinic.com



## हिमाचल के धर्मशाला में आठ बार खिला है कमल

**महासमर**

**▸▸ यहां से 35 साल तक सांसद रहे किशन कपूर, जीत की हैट्रिक भी लगायी**

**▸▸ 1977 में पहली बार जनता दल से जीते बृज लाल**

एजेंसी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में भाजपा ने अब तक आठ बार जीत दर्ज कर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को पीछे छोड़ा है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस अब तक छह बार धर्मशाला में जीत दर्ज कर चुकी है। धर्मशाला के राजनीतिक इतिहास में कभी भी आजाद प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं। आठ बार गद्दी समुदाय से संबंधित नेताओं ने ही धर्मशाला की गद्दी भी संभाले रखी। जिसमें 35 वर्ष तक धर्मशाला में भाजपा प्रत्याशी किशन कपूर रहे, जिन्होंने जीत की हैट्रिक भी लगाई तथा कुल पांच बार जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। धर्मशाला से सात बार चुनावी मैदान में उतर चुके किशन कपूर 2019 के चुनाव में सांसद भी रहे।

वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होकर हिमाचल प्रदेश अलग राज्य बना। 1967 में जब पहली बार चुनाव हुए तो धर्मशाला सीट पर रोमांचक मुकाबला हुआ। इन चुनावों में कांग्रेस के आर.के. चंद ने 4351 वोट हासिल किए और दूसरे स्थान पर रहने वाले भारतीय जन संघ के नेता एन. सिंह ने 4162 मत हासिल किए। 1972 के चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्र वर्कर ने जीत हासिल की। वर्कर को 3032 और आजाद उम्मीदवार ब्रिज लाल ने 2842 मत हासिल किए। 1977 के चुनाव में धर्मशाला में पहली बार जनता दल ने जीत का तिलक अपने माथे पर लगाया। जनता दल के नेता ब्रिज लाल को 8576 और



दूसरे नंबर पर रहे चंद्र वर्कर को 5649 मत मिले। 1982 में भाजपा ने धर्मशाला क्षेत्र में रिपीट किया। इस चुनाव में भाजपा नेता ब्रिज लाल ने कांग्रेसी नेता मूल राज पाधा को हराया। 1985 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस ने मूल राज पाधा को टिकट थमाया। वहीं भाजपा ने युवा नेता किशन कपूर को टिकट दिया, इस दौरान भाजपा को सफलता हाथ नहीं लगी। 1990 में भाजपा के युवा नेता किशन कपूर ने 13 हजार 663 मतों से बड़ी जीत हासिल की और धर्मशाला से विधायक बने। इसके बाद कपूर ने लगातार 1993 और 1998 में जीत हासिल कर हैट्रिक लगाई। कपूर ने 1993 में चंद्रेश कुमारी और 1998 में राम स्वरुप को हराया। इसके बाद 2003 के चुनावों में किशन कपूर के खिलाफ एक बार फिर चंद्रेश कुमारी को कांग्रेस ने मैदान में उतारा। इस बार चंद्रेश कुमारी कपूर के जीत के कारवां को तोड़ने में सफल हुई। 2019 में किशन कपूर को लोकसभा का टिकट दिया गया और धर्मशाला में पहली बार उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा प्रत्याशी विशाल नैहरिया ने 23 हजार 397, आजाद राकेश चौधरी 16 हजार 724 और कांग्रेस तीसरे स्थान पर पहुंचकर 8189 मत प्राप्त कर सकी। भाजपा ने 6673 मतों से जीत दर्ज की।

### विदेशी मुद्राओं में ऋण का विकल्प देगा इरेडा

**नयी दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में अपने एक कार्यालय की शुरूआत की है, जो विदेशी मुद्राओं में ऋण विकल्प प्रदान करने में विशिष्टता प्राप्त होगा। इससे नेचुरल हेजिंग (जोखिम प्रबंधन रणनीति) की सुविधा प्राप्त होगी। इरेडा के अध्यक्ष और सीएमडी प्रदीप कुमार दास ने अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन के दौरान यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण लागत में भी काफी कमी आएगी। उर्जा मंत्रालय प्रवक्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन में लंबी अवधि के ऊर्जा भंडारण के लिए भविष्य में विकास के अवसरह्व विषय पर एक पैनल चर्चा के दौरान इस रणनीतिक पहल को सीएमडी ने रेखांकित किया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं-

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !